सुप्रभात
रांची, शनिवार
02.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 111




12 चित्रकूट मेले में सलमान नाम का गधा दो लाख में बिका

न्यूज डायरी

## चर्चित अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय नहीं रहे

**नयी दिल्ली।** देश के जाने-माने अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन पद्मश्री बिबेक देबरॉय (69) का निधन हो गया। बिबेक देबरॉय 5 जून 2019 तक नीति आयोग के सदस्य रहे थे। श्री देबरॉय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अहम योगदान देने के लिए जाने जाते थे। श्री देबरॉय पुणे के गोखले राजनीति एवं अर्थशास्त्र संस्थान के कुलाधिपति भी रहे थे।

## दिल्ली में छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में छठ पूजा के अवसर पर सात नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सीएम आतिशी ने शुक्रवार को एक्स पर इसकी जानकारी दी। इससे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम को पत्र लिखकर कहा, आस्था के इस चार दिनी महापर्व पर सात को अवकाश के रूप में घोषित है।




# राजनेताओं से गुलजार होगा झारखंड

## मोदी 4 को, शाह-भाग्यश्री 3 को, खड़गे 5 और 8 को राहुल गांधी आयेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी दलों ने चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। अब राजनीतिक सितारों के आगमन से झारखंड गुलजार होगा। तीन नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड आयेंगे। ठीक अगले दिन पीएम मोदी भी झारखंड आ रहे हैं। वहीं आठ और नौ नवंबर को राहुल गांधी झारखंड दौरे पर रहेंगे। बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री भी तीन नवंबर को झारखंड दौरे पर



हजारीबाग आ रही हैं। जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार के भी आने की चर्चा है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा झारखंड में किये हुए हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी रांची में जमे हैं।

**शाह और मोदी की जनसभा :** तीन नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड धालधूमगढ़, बरकळा और सिमरिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। चार नवंबर को पीएम मोदी गढ़वा और चाईबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**राहुल और खड़गे की जनसभा :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिनी दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। आठ और नौ नवंबर को राहुल गांधी सिमडेगा, लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पांच नवंबर को रांची आयेंगे। श्री खड़गे कांके विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### पहले चरण में एकमात्र थर्ड जेंडर प्रत्याशी

13 नवंबर को 15 जिलों की 43 सीटों पर पहले चरण का मतदान होगा। इसके लिए उम्मीदवार फाइनल हो चुके हैं। 609 पुरुष, 73 महिला और एक थर्ड जेंडर समेत 683 उम्मीदवार मैदान में हैं। जो एकमात्र थर्ड जेंडर कैंडिडेट है, वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहा है। 13 को वोटर इन प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। आयोग के अनुसार झारखंड की 81 सीट पर राष्ट्रीय पार्टियों ने कुल 87 उम्मीदवार उतारे हैं। झारखंड की मान्यताप्राप्त राज्यस्तरीय पार्टियों ने कुल 32 उम्मीदवार खड़े कए हैं। अन्य राज्यों की मान्यताप्राप्त पार्टियों के प्रत्याशियों की संख्या 42 है। 334 निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

## अलका तिवारी बनीं राज्य की मुख्य सचिव



**रांची।** 1988 बैच की आइएएस अधिकारी अलका तिवारी झारखंड की नयी मुख्य सचिव बनायी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, कार्मिक विभाग की ओर से इसे लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। अलका तिवारी का रिटायरमेंट की तिथि 30 सितंबर 2025 है। 31 अक्टूबर को एल खियांग्ते रिटायर हो गये। राज्य सरकार ने एल खियांग्ते के तीन महीने के एक्सटेंशन के लिए चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन, इस पर कोई आदेश नहीं आया। वहीं अलका तिवारी के पति डीके तिवारी (1986 बैच) भी झारखंड के मुख्य सचिव रहे थे।

## झारखंड में नाराज और बागियों को मनाने का सिलसिला जारी

### भाजपा के सत्यानंद झा व वीरेंद्र मंडल माने, जयराम का प्रत्याशी झामुमो में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में तमाम दल बागियों और विक्षुब्ध नेताओं से मुसीबत बन गई है। बागियों को मनाते-मनाते सभी दलों के तमाम बड़े नेता हांफ रहे हैं। उन्हें कुछ सफलता भी मिल रही है। इसी के तहत झारखंड चुनाव में बड़े बदलाव की बात करने वाले जयराम महतो की पार्टी के प्रत्याशी ने गांडेय से झामुमो के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया। वह झामुमो में शामिल भी हो गये। वहीं भाजपा के बागी बड़े नेता सत्यानंद झा बाटुल भी बड़ी मान-मनौब्बल के





बाद आखिर मान गये। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा था। सत्यानंद के बाद जामाताड़ा के वीरेंद्र मंडल भी मान गये। मंडल ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर जामताड़ा जिले के नाला सीट से निर्दलीय नामांकन किया था। झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी सह असम की सीएम हिमंता बिस्व सरमा शुक्रवार को जामताड़ा पहुंचे। वीरेंद्र मंडल से मुलाकात की और उनसे नामांकन वापस लेने आग्रह किया। हिमंता ने कहा कि वीरेंद्र मंडल मान गये हैं। वे अपना नामांकन वापस लेंगे और भाजपा का प्रचार भी करेंगे। श्री सरमा सत्यानंद झा बाटुल के भी घर पहुंचे और उनसे नामांकन वापस लेने का आग्रह किया। उनसे कई बड़े वायदे भी किये। टिकट नहीं मिलने के बाद नाराज सत्यानंद झा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया था। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम ने पीएम के दौरे व छुट्टी रोकने पर चुनाव आयोग को घेरा

## कर्मियों की छुट्टियां न रोके आयोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीएम नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरा के साथ चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि दीपावली बीती अब भैया दूज, सोहराय, गोहाल पूजा, बांधना पर्व और चित्रगुप्त पूजा है। 4 नवंबर से 8 नवंबर तक छठ महापर्व है। ये पर्व झारखंड के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें सभी आमजन, सरकारी कर्मी, पुलिस कर्मी छुट्टी लेकर अपने घर जाते हैं, लेकिन सूचना मिली है कि जिला प्रशासन चुनाव एवं पीएम के



प्रस्तावित दौरे को लेकर किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दे रहे हैं। ये सही नहीं है।

**आयोग से छुट्टियां नहीं रोकने का आग्रह :** सीएम ने चुनाव आयोग से अनुरोध है कि स्पष्ट निर्देश जिले के डीसी, एसपी को दें कि पूजा के लिये इन कर्मियों को छुट्टियां दें। इसे रद्द न करें। साथ ही बड़ी संख्या में बस व अन्य वाहनों को जिला प्रशासन ने चुनाव कार्य के लिये जब्त कर रखा है। वे इन वाहनों को 02 नवंबर से 08 नवंबर तक अस्थायी रूप से छोड़ें, ताकि आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर घर पहुंचने में लोगों को असुविधा न हो। सीएम ने लिखा है कि आपकी अबुआ सरकार ने तमाम झंझावतों के बावजूद अपने किये हर वादे को पूरी निष्ठा से निभाने का ईमानदार प्रयास किया है। पर मुझे मालूम है कि अभी बहुत से कार्य करने है। (शेष पेज 11 पर)



## सीइओ ने कहा- चुनाव को लेकर राज्य की सीमा पर हो रही सघन चौकसी

# पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों के लिए कुल 683 प्रत्याशी : के रवि कुमार

■ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 24 प्राथमिकी दर्ज, 135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 683 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें पुरुष उम्मीदवारों की संख्या 609 है। महिला उम्मीदवार 73 हैं और एक प्रत्याशी ट्रासजेंडर हैं। उन्होंने बताया कि कुल 683 प्रत्याशियों में से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी से 87 उम्मीदवार हैं। इनमें 75 पुरुष और 12 महिला हैं। इसी तरह मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों ने कुल 32 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें 28 पुरुष और 4 महिलायें हैं। दूसरे राज्यों की मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय पार्टियों ने 42 लोगों को प्रत्याशी बनाया है। इनमें 39 पुरुष और 3 महिलायें हैं। वहीं, पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने कुल 188 प्रत्याशी दिये हैं। इनमें 168 पुरुष और 20 महिलायें हैं। प्रथम चरण के चुनाव में कुल 334 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उनमें 299 पुरुष, 34 महिलायें एवं 01 ट्रासजेंडर प्रत्याशी शामिल है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयरहित मतदान को लेकर लगातार चौकसी बरत रहा है। इसी के तहत राज्य से जुड़ती दूसरे राज्यों की सीमा पर चेकपोस्ट बनाकर लगातार चेकिंग की जा रही है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक कुल 24 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं।

# मंत्री मिथिलेश को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश, वीडियो जारी कर किया खुलासा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री और जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर हनी ट्रैप या साइबर ठगी के शिकार हो गये हैं। उन्हें लगातार इस बात की धमकी मिल रही है कि उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। धमकी से परेशान मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज करायी है।

जानकारी के अनुसार मंत्री को वीडियो कॉल करके बार-बार परेशान किया जा रहा था। वीडियो कॉल रिसीव करने पर सामने अश्लील वीडियो आया। कॉल कट करने के बाद अब मंत्री को वीडियो वायरल करने की धमकी मिल रही है। इस बात की जानकारी मंत्री मिथलेश ठाकुर ने खुद दी है। वे थाना में शिकायत भी दर्ज करा दी है।

### किस तरह की मिल रही हैं धमकियां



जिस नंबर से कॉल आया था उसी नंबर से लगातार मैसेज भेजा जा रहा है। उस मैसेज में लिखा जा रहा है कि आपके मित्रों के पास इस वीडियो को भेजा जाएगा, आपके जितने भी मित्र, परिजन, चाहे वो किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर हो, सभी पर इस वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। अब मंत्री द्वारा पुलिस में शिकायत देने पर उसकी जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई का पता चल पाएगा। इधर पुलिस भी शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच करने में जुट गयी है।

### क्या है मामला

मंत्री और गढ़वा विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी मिथलेश ठाकुर ने बताया कि बार-बार मेरे पास वीडियो कॉल आ रहे थे, मैने जब कॉल रिसीव किया तो उसपर अश्लील वीडियो आने लगा, अश्लील वीडियो को देखकर मैने कॉल को कट कर दिया और साथ उस नंबर को भी ब्लॉक कर दिया। कॉल कट होने के बाद से मेरे पास धमकियां आने लगीं। ऐसे कारनामे जो किए जा रहे हैं वो अश्लीलता की हद है।

इस मामले को लेकर उन्होंने बिना किसी का नाम लिये सीधे विरोधियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मेरे विरोधी हताश हो गए हैं और मेरे साथ साजिश रच रहे हैं, वैसे लोगों को मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि जनता सब देख रही है।

## खबर एक नजर में

### सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में हो भाषा की पुनर्परीक्षा पर हाइकोर्ट ने मांगा जवाब



**रांची।** सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में क्षेत्रीय भाषा हो की पुनर्परीक्षा को लेकर दायर महेंद्र लुगाई एवं अन्य की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। दरअसल, जेएसएससी ने 15 जून 2024 को सहायक आचार्य परीक्षा के तहत हो भाषा की परीक्षा आयोजित की थी। प्रार्थियों का कहना है कि उक्त परीक्षा में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के प्रश्न पत्र पूछे जाने चाहिए थे। लेकिन जेएसएससी ने विज्ञापन के तहत कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के सिलेबस से पूछे जाने वाले सवाल की बजाय कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के सिलेबस से प्रश्न पूछा था। उक्त परीक्षा में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के सिलेबस से करीब 75 फीसदी प्रश्न पूछे गए थे। जबकि विज्ञापन के तहत कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के सिलेबस से प्रश्न ही पूछे जाना चाहिए थे। प्रार्थियों ने हो भाषा की पुन: परीक्षा लेने का आग्रह किया। बता दे की सहायक आचार्य के 26001 पदों पर नियुक्ति होनी है।

### विस चुनाव के दिन हाइकोर्ट में छुट्टी की घोषणा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 20 नवंबर को अवकाश रहेगा। हाईकोर्ट की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। हाईकोर्ट की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 20 नवंबर (बुधवार) को खिजरी विधानसभा सीट पर चुनाव होने हैं और हाईकोर्ट का इलाका इसी विधानसभा सीट के अंतर्गत में आता है। इसलिए 20 नवंबर को अवकाश दी गयी है। हालांकि रांची में विधानसभा चुनाव 13 नवंब को होना है, लेकिन उस दिन अनकाश नहीं है। वोटिंग के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है, ताकि हाईकोर्ट के न्यायाधीश, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और हाईकोर्ट के अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हों। 20 नवंबर को घोषित अवकाश की जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दी गयी है।

### मीर को निकालो, मैं भी चला जाउंगा : हिमंता

**रांची।** इंडी गठबंधन द्वारा असम के सीएम सह भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा को बाहरी कह कर प्रचारित करने पर उन्होंने अपनी गहरी नाराजगी जताई है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अगर मैं बाहरी हूं तो कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर क्या हैं। पहले गुलाम अहमद मीर को निकालो और अगले दिन मुझे भी निकाल दो। उन्होंने कहा कि अगर मीर झारखंड से चले जाते हैं तो मैं भी चला जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मेरी छवि बाहरी नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। देश को विशेष समुदाय के तुष्टीकरण से नहीं चलाया जा सकता है।

### राज्य कर्मियों का 25 प्रतिशत बढ़ा ग्रेच्युटी

**रांची।** राज्य सरकार के कर्मियों को दिवाली व छठ का तोहफा मिल गया है। झारखंड सरकार ने उनके ग्रेच्युटी (उपदान) बढ़ाने की मंजूरी दी है। वर्तमान में राज्य सरकार के कर्मियों का महंगाई भत्ता 50 फीसदी तक पहुंच गया है। ऐसे मे नियमों के अनुसार उनके उपदान की अधिकतम सीमा 25 फीसदी बढ़ाने की स्वीकृत दी गयी है। इस संबंध में वित्त विभाग ने प्रधान महालेखाकार कार्यालय को पत्र लिखा है और एक जनवरी 2024 के प्रभाव से उपदान की अधिकतम सीमा को 25 प्रतिशत बढ़ाकर प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कार्रवाई का अनुरोध किया है। बता दें कि 18 जनवरी 2017 द्वारा राज्य सरकार के कर्मियों के लए पेंशन, उपदान, पेंशन, रूपान्तरण, पारिवारिक पेंशन, एकमुश्त अनुग्रह अनुदान को विनियमित करने वाले प्रावधानों में 1 जनवरी 2016 के प्रभाव से संशोधन किया गया है। इसके तहत सेवानिवृत्ति उपदान व डेथ उपदान की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये तक रखी गयी है। इसमें यह प्रावधान है कि अगर महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत हो जाता है तो उपदान 25 प्रतिशत तक बढ़ेगा। ऐसे में झारखंड मे 15 मार्च 2024 की तिथि से राज्य कर्मियों का डीए 1 जनवरी 2024 की तिथि से 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की मंजूरी दी है।

### 2025 के लिए कोर्ट की छुट्टियों का कैलेंडर जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2025 की छुट्टियों का वार्षिक कलेंडर जारी कर दिया है। इस कलेंडर के मुताबिक, वर्ष 2025 में राज्य के सभी सिविल कोर्ट में लगभग 60 दिनों का अवकाश रहेगा। वहीं हाईकोर्ट में लगभग 45 दिनों से ज्यादा छुट्टियां रहेंगी। नये कैलेंडर में छुट्टियों में थोड़ा बदलाव किया गया है। इस बार एकमुश्त वार्षिक अवकाश की जगह 24 मई से 6 जून तक कुल 12 दिनों की गर्मी छुट्टी का प्रावधान किया गया है। वहीं ईसाई धर्म के पर्व ईस्टर की छुट्टी सिर्फ ईसाई धर्मवावलंबियों के लिए ही मान्य की गयी है। साथ ही जिला न्यायाधीश को यह अधिकार दिया गया है कि चंद्रमा के दृष्टिगोचर होने के मुताबिक वह मुस्लिमों के त्योहारों की तिथि में बदलाव कर सकते हैं।

### प्राथमिक शिक्षा निदेशक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल आनंद किशोर साहू और बलजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह एवं संयुक्त सचिव नंद किशोर लाल से मिला। इसमें मुख्य रूप से डिवीजन बैंच एवं सिंगल बैंच में प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति को लेकर आए निर्णय के आलोक में सभी जिलों में शीघ्र ग्रेड 7 अर्थात प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति के लिये वरीयता सूची का प्रकाशन करने पर बात की गई। विभाग के संज्ञान में यह भी लाया गया कि कोर्ट के आदेश के अनुसार 4 महीने के अंदर प्रोन्नति प्रक्रिया पुरी करते हुये प्रोन्नति दिया जाना है। इसलिये, विभाग की ओर से टाईम फ्रेम बनाकर सभी जिलों में ससमय यह कार्य संपन्न हो। इसके लिये विभाग को पहल करने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। निदेशक की ओर से बताया गया कि पहले ही जिलों को निर्देशित किया गया है।

## सीएस का पद करीब 24 घंटे खाली रहने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने उठाये सवाल

# 5 साल में 7 साल बढ़ गयी मुख्यमंत्री की उम्र, चुनाव आयोग संज्ञान ले : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राज्य सरकार की अदूरदर्शी मानसिकता के कारण मुख्य सचिव का पद करीब 24 घंटे खाली पड़ा रहा। श्री सेठ शुक्रवार को अरगोड़ा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्ति से पहले ही नये मुख्य सचिव की घोषणा और इन सबकी तैयारी कर ली जाती है। मुख्य सचिव एल खियांग्ते के रिटायरमेंट के 24 घंटे के बाद नये सीएस अलका तिवारी बनायी गयीं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के शपथ पत्र में अपनी जो उम्र बतायी और 2024 के शपथ पत्र में जो उम्र बतायी उसमें 7 साल का अंतर है। ऐसा करके मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग को भी ठगने और धोखा देने का काम किया है। अजीब विडंबना है कि झारखंड की जनता को धोखा और फरेब देकर आई यह सरकार 5 साल सिर्फ ठगने और धोखा देने का काम करती रही है। रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगा। सुरक्षा के नाम पर व्यवसाईयों को ठगा। पढ़ाई लिखाई के नाम पर छात्रों को ठगा। सुरक्षा और विकास के नाम पर महिलाओं, ग्रामीण और शहरी लोगों को ठगा। महिला अपराध में बेतहाशा वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि पत्रकार कल्याण के नाम पर पत्रकारों को ठगा। अब चुनाव आयोग को भी ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इस मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई करना चाहिये। आखिर संवैधानिक पद पर बैठा कोई व्यक्ति ऐसा कैसे कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को लेकर आम जनता में भी उत्साह है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सपने को साकार करने वाली सरकार बनेगी। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने कहा कि 13 नवंबर को रांची में कमल का बटन दबाने को जनता तैयार है। मैं आप सबसे अनुरोध करता हूं कि सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ आप सब मतदान करने अवश्य जायें। कमल फूल छाप पर वोट देकर भाजपा को विजय बनायें। झारखंड में बालू जैसे सामान्य चीजों की कमी और भ्रष्टाचार चरम पर है। झारखंड की दुर्दशा से भाजपा ही निजात दिला सकती है।

इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु भी मौजूद थे।

# जदयू के लिए प्रतिष्ठा बनी दोनों सीट नीतीश सहित कई दिग्गज करेंगे प्रचार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अपनी सियासी जमीन तलाशने में जुटा जदयू को अपने दोनों प्रत्याशी सरयू राय और राजा पीटर से काफी उम्मीदें है। पार्टी को उम्मीद है कि जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ सीट जीतने में दोनों प्रत्याशी जरूर सफल होंगे।

इन दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, श्रवण कुमार सहित कई बड़े नेता झारखंड आने वाले हैं। झारखंड जदयू के महासचिव संतोष सोनी ने कहा कि पार्टी के बड़े नेताओं का कार्यक्रम जल्द ही तय होगा। श्री सोनी ने कहा कि पार्टी न केवल दो सीटों पर बल्कि एनडीए के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। जदयू झारखंड के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार करेगा।

**जमशेदपुर पश्चिम में सरयू राय की जीत निश्चित :** जदयू महासचिव संतोष सोनी ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम में सरयू राय की जीत निश्चित है। उन्होंने बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बनने के बाद बन्ना गुप्ता ने गोदाम में छापेमारी की थी। उनका बयान भी गोदाम में अनियमितता को लेकर आया था। मगर किसी पर भी कार्रवाई नहीं हुई। साफ जाहिर होता है कि यह छापेमारी कहीं चुनाव को लेकर तो नहीं था।

**बदले हुए चुनाव चिन्ह पर लड़ रहा है जदयू :** झारखंड में जदयू अपने बदले हुए चुनाव चिन्ह पर इस बार चुनाव लड़ रहा है। पिछले दिनों आयोग ने सिलिंडर छाप जदयू को आवंटित किया था। यही वह पार्टी है जिसका बिहार और झारखंड में चुनाव चिन्ह अलग-अलग है।

# 2025 में सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी 38 दिन की छुट्टी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने अपने कर्मचारियों के साल 2025 के अवकाश का कैलेंडर जारी कर दिया। राज्यकर्मियों को 2025 में 38 दिन की छुट्टी मिलेगी। इस साल दो फरवरी को रविवार होने के कारण बसंत पंचमी के लिए अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है। वार्षिक बैंक बंदी एक अप्रैल (मंगलवार) को होगी। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), रामनवमी (छह अप्रैल) और मोहर्रम (छह जुलाई) इस साल रविवार को पड़ रहा है। इस कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है।

**एनआइए एक्ट के तहत 22 दिन की छुट्टी :** एनआइए एक्ट के तहत 22 दिन की छुट्टी घोषित की गयी है। महाशिवरात्रि (26 फरवरी), होलिका दहन (13 मार्च), होली (14 मार्च), ईद-उल फितर (31 मार्च), सरहुल (एक अप्रैल), महावीर जयंती (10 अप्रैल), अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल), गुड फ्राइडे (18 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (12 मई), बरकरीद (सात जून), स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त), जन्माष्टमी (16 अगस्त), करमा पूजा (तीन सितंबर), मिलाद उन नबी (पांच सितंबर), महाअष्टमी (30 सितंबर), महानवमी(एक अक्तूबर), महात्मा गांधी जयंती और विजयादशमी (दो अक्तूबर), दीपावली(20 अक्तूबर), छठ(27 और 28 अक्तूबर), गुरुनानक जयंता(पांच नवंबर) और क्रिसमस(25 दिसंबर) की छुट्टी है।

**कार्यपालक आदेश के तहत हैं 16 अवकाश :** मकर संक्रांति (14 जनवरी), सुभाषचंद्र बोस जयंती (23 जनवरी), संत रविदास जयंती (12 फरवरी), सरहुल (दो अप्रैल), मजदूर दिवस (एक मई), रथ यात्रा (27 जून), हुल दिवस (30 जून), विश्व आदिवासी दिवस और रक्षा बंधन (नौ अगस्त), गणेश चतुर्थी ( 27 अगस्त), विश्वकर्मा पूजा (17 सितंबर), शारदीय कलश स्थापन (22 सितंबर), महासप्तमी (29 सितंबर), गोवर्द्धन पूजा (22 अक्तूबर), भैया दूज व चित्रगुप्त पूजा (23 अक्तूबर), राज्य स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती ( 15 नवंबर) की छुट्टी है।

# इंडी गठबंधन में सीटों पर नहीं सुलझा विवाद, तीन सीटों पर होगा दोस्ताना संघर्ष

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर उत्पन्न विवाद अबतक नहीं थमा है। प्रथम चरण के चुनाव की तिथि नजदीक आने के बाद भी तीन सीटों पर विवाद नहीं सुलझा। अब यह तय हो गया है कि पलामू में विश्रामपुर व छतरपुर और गिरिडीह जिले के धनवार में इंडिया गठबंधन में शामिल दल आपस में टकराएंगे। विश्रामपुर और छतरपुर में बुधवार को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि थी लेकिन दोनों सीटों से न तो राजद और न ही कांग्रेस के उम्मीदवार ने नॉमिनेशन वापस लिया। इसलिए अब बिश्रामपुर और छतरपुर में राजद और कांग्रेस भी चुनाव मैदान में हैं और दोस्ताना संघर्ष की स्थिति बन गई है।

इधर धनवार सीट का भी विवाद नहीं सुलझा। यहां माले और झामुमो के बीच दोस्ताना संघर्ष होगा। झामुमो ने निजामुद्दीन अंसारी और माले ने राजकुमार यादव को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी धनवार से ही चुनाव लड़ रहे हैं।

इधर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर निरंजन राय भी मैदान में हैं। निरंजन राय राज्य के सबसे धनवान प्रत्याशी हैं। नामांकन के दौरान उन्होंने अपनी संपत्ति की जो घोषणा की है उसके अनुसार वह करीब 138 करोड़ के मालिक हैं। निरंजन राय के मैदान में आने से धनवार का समीकरण उलझ गया है। बाबूलाल मरांडी की घेराबंदी के उद्देश्य से ही निरंजन राय को चुनाव मैदान में उतारा गया है। निरंजन राय को भाजपा की ओर से मनाने की काफी कोशिश की गई लेकिन वह नहीं माने। इस बीच माले ने घोषणा की है कि वह जमुआ में अपना प्रत्याशी नहीं देगा। माले अब राज्य की चार सीटों पर ही चुनाव लड़ेगा। इनमें बगोदर, सिंदरी, निरसा और धनवार शामिल हैं।

## झामुमो के बयान पर भाजपा का पलटवार

# झामुमो सरकार का आदिवासी हित की बात करना हास्यास्पद : प्रतुल शाह देव

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- एससी, एसटी के हित की दुहाई देने वाले लोगों के कार्यकाल में 2500 आदिवासी बेटियों के साथ दुष्कर्म



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झामुमो के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कुछ अफसर को हटाये जाने पर झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। उन्होंने कहा कि जो एससी और एसटी समुदाय के हित की बात करने का नाटक कर रहे, उनको बताना चाहिए एक साधारण गरीब परिवार से आने वाले आदिवासी का बेटा चंपई सोरेन को उन्होंने जबरन सत्ता से क्यों हटाया। चंपई सोरेन को अपने मुख्यमंत्रित्व काल के अंतिम दिन नियुक्ति पत्र भी बांटने नहीं दिया गय। यह पूरे आदिवासी अस्मिता का अपमान है। गठबंधन सरकार में अब तक 7400 बेटियों की इज्जत लूटी गई।इसमें एक तिहाई एससी और एसटी समुदाय की बेटियां थी। सिर्फ 25 प्रतिशत केसों में अभी तक चार्जशीट हुआ है।

उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी सफलता तब अर्जित की जब उसने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के कार्यालय और आवासीय परिसर में छापा मार कर साढे तीन सौ करोड रुपये नगद बरामद किये थे। पूरी सरकार और सत्ताधारी गठबंधन इसे व्यापार का पैसा बताने में लग गई। जबकि अब इस मामले की जांच सीबीआई और एनआईए तक कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी सरकार के कैबिनेट के आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से 32 करोड़ से ज्यादा रुपए बरामद हुये । उन्होंने कहा कि झारखंड में पीसी सरकार का मैजिक शो भी फेल हो जायेगा। यहां उससे भी बड़ा जादू हो रहा है। पांच वर्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आयु 7 वर्ष बढ़ गई। उन्होंने कहा कि ये जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने अपने 2019 और 2024 के एफिडेविट के जरिये दिया है। इस सरकार ने पत्थर घोटाला, लोहा घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, खनन घोटाला, लैंड घोटाला के बाद अब आयु घोटाला भी कर दिया।

# देश में संविधान की रक्षा बहुत बड़ा मुद्दा : केसी वेणुगोपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा संवाद-विधानसभा चुनाव 2024 का आयोजन सेलिब्रेशन सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। कार्यक्रम में वरीय कांग्रेस नेता, चुनाव अभियान समिति मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्यों, लोकसभा पर्यवेक्षक, विधानसभा प्रभारी ने शिरकत की। इस अवसर पर केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस देश में संविधान की रक्षा बहुत बड़ा मुद्दा है, हमारा लक्ष्य साफ है कि भाजपा को हराना है। कांग्रेस की जीत ही हमारा लक्ष्य है। भाजपा का लक्ष्य संविधान में बदलाव है लेकिन लोकसभा चुनाव के परिणाम ने उन्हें हताश कर दिया है। कांग्रेस के हर छोटे बड़े नेता को साथ मिलकर यह लड़ाई लड़नी है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार आपके प्रयास से पुनः बननी चाहिए। भाजपा के लिए झारखंड एजेंडा है, झारखंड को दिल्ली से चलाने की तैयारी है, यहां की सत्ता झारखंडी के हाथ में होनी चाहिए। महागठबंधन की सरकार झारखंड वासियों के लिए काम करती है औद्योगिक घरानों के लिए नहीं।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड के चुनाव पर राहुल जी लगातार जानकारी लेकर चर्चा कर रहे हैं। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ सीधी लड़ाई है। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ हमें एकजुट रहे वह एकजुटता बरकरार रखते हुए हमें जनता के बीच संदेश देना है कि उनके हक की लड़ाई जारी है। कार्यक्रम को बीके हरिप्रसाद, सप्तगिरि उलका सीरीबेला प्रसाद, गौरव गोगोई, तेलंगाना के डिप्टी सीएम भप्ती मालू जी, विधायक दल नेता रामेश्वर उरांव, मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी संबोधित किया।

## केसी वेणुगोपाल के संवाद कार्यक्रम में हंगामा

खबर मन्त्र ब्यूरो



चुनाव प्रभारी जीए मीर ने कहा बिन बुलाए कार्यकर्ता ने तेज स्वर में अपनी बात कही, हंगामे जैसी कोई स्थिति नहीं

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने रांची आये कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को जेके सेलिब्रेशन हॉल में लक्ष्य विधानसभा चुनाव 2024- संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस बैठक में जहां विधानसभा चुनाव के लिए अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई वहीं आनेवाले दिनों में चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचार कैसे आगे बढ़ेगी, इसपर रणनीति बनाई गई।

बैठक के बाद गुलाम अहमद मीर ने कहा कि बैठक जनशक्ति आर्गेनाईजेशन द्वारा आयोजित की गई थी। इस बैठक में जहां टिकट बंटवारे में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कुछ नेता हंगामा करने लगे वहीं कई नेताओं ने कहा कि पार्टी संगठन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालांकि बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कुछ बिना बुलाये गए नेता अक्सर इस तरह की बातें करते हैं लेकिन कुल मिलाकर बैठक सार्थक रही है। वहीं झारखंड विधानसभा चुनाव के वरिष्ठ ऑब्जर्वर और पूर्व प्रदेश प्रभारी रहे बीके हरि प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस में लोकतंत्र है और यह भाजपा नहीं है। कहीं कोई विवाद नहीं हुआ है सभी लोग अपनी अपनी बातें रख रहे थे। ज्ञात हो कि बंद हॉल में हो रही केसी वेणुगोपाल की बैठक से मीडिया को दूर रखा गया था लेकिन सूत्रों ने बताया कि कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि टिकट बंटवारे में राहुल गांधी की नीतियों का पालन नहीं हो रहा है। बंगाली समाज और ओबीसी नेताओं को हक नहीं दिया गया है।

सुप्रभात
शनिवार 02.11.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 191
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित · सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## गिरिडीह में पटाखे से पानी टंकी के गोदाम में लगी आग



**गिरिडीह।** दीपावली की रात पटाखे से पानी टँकी के गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना शहर के बरमसिया स्थित सबेरा सिनेमा हॉल के समीप संचालित अशोक बरनवाल के पानी टँकी गोदाम के पास घाटी। बताया जाता है कि यह आग रॉकेट पटाखा से लगी। वह रॉकेट गोदाम में जा घुसा जिससे वहां रखी प्लास्टिक की पानी टँकी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे गोदाम में रखी सभी प्लास्टिक की टंकी जल कर राख हो गई। बताया गया कि आग से गोदाम संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम (दमकल) पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाबी पायी।

## पुटकी में जुआ अड्डों पर छापा, एक दर्जन जुआरी धाराये

**पुटकी।** दीपावली की रात पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न जुआ अड्डा पर छापामारी कर करीब एक दर्जन जुआरियों को पकड़ कर थाने ले आये। शुक्रवार सुबह से जुआरियों को छुड़ाने के लिए पैरवीकारों की भीड़ जमा हो गई। समाचार लिखे जाने तक सभी थाना में हैं।

## पाइप चोरी मामले के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**महुदा।** जलापूर्ति पाइप की चोरी के मामले में पुलिस आरोपी मनमोहन अरोड़ा को अलीगढ़ से गिरफ्तार कर महुदा थाना लाई। पुछताछ के बाद पुलिस उसको कोर्ट ले गयी जहां से जेल भेज दिया गया।

## मां काली की पूजा कर राज सिन्हा ने लिया आशीर्वाद

**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने मां काली के पूजा अर्चना में शामिल होकर देवी का आशीर्वाद लिया। विभिन्न पंडालों के समिति के सदस्यों ने भाजपा प्रत्याशी का ढोल नगाड़े का साथ स्वागत किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रशाद ग्रहण किया। ा कहा कि आप सभी का यह प्यार ऐसे ही बना रहे। कोयलांचल वाशियो पर मां काली की कृपा दृष्टि बनी रहे। डीएस क्लोनी, मनईटांड़ स्थित डुमरियाटांड, काली मंदिर मनईटाड़, भूली ए ब्लॉक, सेंट्रल कॉलोनी बी ब्लॉक भूली, दास तोला पांडरपाला, कोर्ट क्वाटर, हीरापुर हटिया इन सभी जगहों पर धनबाद प्रत्याशी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही समिति के सदस्यों ने कहा कि धनबाद में प्रत्याशी ऐसा ही चाहिए जो एक बुलावे पर खड़ा हो जाए। राज सिन्हा हर समय जनता के बीच रहने वाले हैं।

# धनबाद में 3 प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस, 80 चुनाव मैदान में

**सबसे ज्यादा 20 उम्मीदवार टुंडी से, सिंदरी और निरसा में सबसे कम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम वापसी की प्रक्रिया आज शुक्रवार को पूरी हो गई। तीन प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया है, जिसमें टुंडी से दिनेश कुमार महतो एवं हीरामन नायक तथा झरिया विधानसभा क्षेत्र से मोहम्मद सद्दाम हुसैन शामिल हैं। यह जानकारी उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के बाद सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से 9, निरसा से 9, धनबाद विधानसभा क्षेत्र से 18, झरिया से 11, टुंडी से 20 एवं बाघमारा विधानसभा से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों के अलावा चुनाव में नोटा का भी विकल्प रहेगा। इसे मिलाकर कुल 81 उम्मीदवार चुनाव में रहेंगे। उम्मीदवारों को सिंबल मिलने के बाद सभी उम्मीदवारों का नाम जारी किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने मतदाताओं व मतदान केंद्र की सुरक्षा, चेक पोस्ट सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस की तैयारियों से अवगत कराया।

### धनबाद व टुंडी में होगा 2-2 बैलेट यूनिट

मतदान के दिन धनबाद एवं टुंडी विधानसभा में 2-2 बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा, जबकि सिंदरी, निरसा, झरिया एवं बाघमारा में एक-एक बैलट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम कि सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। चुनाव से जुड़े कार्य के लिए हमारे पास पर्याप्त वाहन हैं। पर्व त्योहार को देखते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रभावित नहीं हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा, सभी टीम ज्यादा सतर्क रहकर अपना कार्य करेगी। साथ ही विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सख्ती भी बढ़ेगी।

### 4 से शुरू होगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

उपायुक्त ने बताया कि मतदान कर्मियों के पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा हो चुका हैं। 4 नवंबर से दूसरे चरण का प्रशिक्षण श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज भुदा में शुरू किया जाएगा। इसके अलावा सिंबल देने के बाद सभी उम्मीदवारों के साथ भी बैठक करेंगे। उन्हें आचार संहिता के नियमों से अवगत कराया जायेगा। चुनाव में अधिकतम कितनी राशि खर्च करनी है, इसके बारे भी जानकारी दी जाएगी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने कराने को लेकर 6 सामान्य प्रेक्षक, एक पुलिस प्रेक्षक तथा दो व्यय प्रेक्षक सभी कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। आचार संहिता उल्लंघन मामले में लगातार कार्रवाई भी की जा रही है।

## सामान्य प्रेक्षक ने वासेपुर, पांडरपाला के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक तुकाराम हरिभाऊ मुंढे ने शुक्रवार की सुबह वासेपुर एवं पांडरपाला के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने वासेपुर के बूथ संख्या 87, 88, 72 तथा 73 एवं पांडरपाला के बूथ संख्या 50, 51, 54 व 55 का निरीक्षण किया। बीएलओ को मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली सहित अन्य एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने तथा बेहतर पोल डे मैनेजमेंट की प्लानिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदाताओं से बातचीत भी की। सभी से मतदान के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचने की अपील की।

## भाकपा माले ने जारी किया पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र



**धनबाद।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार निश्चित है। भाजपा, झारखंड को अडानी के हाथों सौंप देना चाहती है। गोड्डा के बाद अब वह हजारीबाग के बड़का गांव के जंगल और गांव को कोल माइंस के लिए हड़प रही है। भाजपा ने रोजगार और स्थानीयता नीति के साथ हमेशा खिलवाड़ किया है। उक्त बातें शुक्रवार को एलसी रोड स्थित सम्राट चौधरी के आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य आनंद महतो ने कही। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने पार्टी का घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया, जिसमें विकास, स्थानीयता, रोजगार, झारखंडियों का मूल अधिकार जनसंघों और आपके अधिकारों की सबसे बुलंद आवाज, शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतर बनाने की बात शामिल है। उन्होंने कहा कि भाकपा-माले और मासस के नेताओं- कार्यकर्ताओं ने मुकदमो और जेल की परवाह नहीं की, दमन झेला और शहादते दी। हमने कभी भी जनता के हितों के साथ किसी सरकार या पूंजीपति से समझौता नहीं किया। हमारे विधायक हो या सांसद या पार्टी के कार्यकर्ता संघर्षों में आपके साथ रहे हैं और आपके लिए रहे हैं। मौके पर पार्टी के पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड हलदर महतो, राज्य सचिव मनोज भक्त, जिला सचिव बिंदा पासवान, नकुल देव सिंह, राणा चट्टराज, विजय पासवान, करण पासवान आदि उपस्थित थे।

## जहरीली शराब पीने से युवक की मौत

**पत्नी गई थी मायके, बंद घर का दरवाजा पुलिस ने तुड़वाया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी मुण्डाधौड़ा में बुधवार की देर रात देसी जहरीली महुआ शराब पीने से राजन पाठक (35) नामक युवक की मौत हो गयी। एग्यारकुण्ड पानी टंकी स्थित अपने घर पर उसने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। अंदर से घर का दरवाजा बंद था। वह घर पर अकेला था। आसपास के लोगों ने गलफरबाड़ी पुलिस को सूचना दी। पुलिस की उपस्थिति में छत के रास्ते घर में घुस कर लोगों ने दरवाजा खोला। देखा कि गैरेज रूम के दरवाजे के पास वह मृत पड़ा था। पत्नी इकलौती बेटी के साथ मायके में थी। मां भी छोटी बेटी की ससुराल भागलपुर में थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। लोगों ने बताया कि राजन को देशी सस्ती महुआ शराब की लत लग गयी थी। शराब पीकर वह पत्नी व मां के साथ मारपीट करता था। कई बार मामला गलफरबाड़ी ओपी पहुंचा। पुलिस ने डांट भी पिलायी, लेकिन उसमें सुधार नहीं हुआ।

### कैसे बनती है महुआ शराब

देसी शराब बनाने वालों की मानें तो महुआ शराब बनाने में पंद्रह दिन से अधिक समय लगता है। लेकिन डिमांड अधिक होने के कारण दो दिन में ही नशीला पदार्थ डालकर शराब बना दिया जाता है। महुआ को सड़ाने की जगह भाखड़ (केमिकल) मिला कर उसे गला दिया जाता है। चूंकि महुआ सड़ नहीं पाता है इसलिए उसमें नशा नहीं होता है। नशा के लिये उसमें नशीली दवा मिला दी जाती है। मात्र दस रुपए में एक गिलास महुआ शराब मिल जाती है, जिसे पीकर हर साल लगभग दस युवाओं की जान चली जाती है। बता दें कि पिछले 30-35 साल से आदिवासी बहुल एग्यारकुण्ड एवं शिवलीबाड़ी मुण्डाधौड़ा में अवैध महुआ शराब की बिक्री हो रही है। लेकिन आजतक स्थानीय पुलिस या उत्पाद विभाग की टीम ने शराब बंदी का सार्थक प्रयास नहीं किया है।

## चोरी करते फर्जी पत्रकार को पुलिस ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** फर्जी पत्रकार बनकर गोविंदपुर थाना, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय एवं सरकारी अस्पताल में धौंस जमाने वाला इम्तियाज अंसारी को दिनदहाड़े चोरी करते गोविंदपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । वह अक्सर गोविंदपुर थाना पत्रकार बनकर आता था। सिटी एसपी, डीएसपी एवं पुलिस इंस्पेक्टर के प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल होता था। घटनास्थल से चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है । पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है तथा इस संबंध में राहुल सिंह के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिक दर्ज की है ।

पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने बताया कि इम्तियाज अंसारी समेत चार युवक आज शुक्रवार दोपहर करीब 3बजे गोविंदपुर थाना अंतर्गत जियलगढ़ा स्थित मनोज सिंह के बंद पड़े कोयला डिपो मे चोरी कर रहा था। वह जनरेटर को बाहर निकाल कर टुकड़े-टुकड़े में काट रहा था। इसके पूर्व भी उस बंद डिपो में चोरी की वारदात हो चुकी थी। अपराधी गेट कट कर ले गए थे। दो दिन पूर्व डिपो से सटे समाजसेवी शरत दुदानी की चाहरदीवारी से भी लोहे के सामान, इनवर्टर, केबल आदि की चोरी हुई थी। श्री दुदानी ने गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर को घटना की लिखित जानकारी दी थी। उस इलाके में चोरी की लगातार घटनाएं हो रही थी। इस कारण पुलिस भी सतर्क थी और ग्रामीणों ने निगरानी रखनी शुरू कर दी थी । इस बीच शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3बजे चार युवक जनरेटर को निकाल कर काट रहे थे। तभी ग्रामीणों ने गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली को सूचना दी। इंस्पेक्टर ने वहां अवर निरीक्षक दिनेश प्रसाद मेहता एवं दलबल को भेजा। पुलिस एवं ग्रामीणो ने घेराबंदी कर इम्तियाज अंसारी को पकड़ लिया, जबकि और तीन युवक अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहे।

### ग्रामीणों और पुलिस पर जमाया धौंस



इम्तियाज अंसारी ने ग्रामीणो और पुलिस को पहले धौंस दिया कि वह मीडिया 24 का रिपोर्टर है। उसने यह भी कहा कि उससे गलती हो गई है । एक बार माफ कर दिया जाए क्योंकि उसके भी बाल बच्चे हैं । इसके बाद पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया और गोविंदपुर थाना हाजत में बंद कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से भारी संख्या में रेंच, सिलाई रेंच, मशीन काटने और खोलने का यंत्र तथा टुकड़ों में विभक्त जनरेटर बरामद किया । पुलिस ने मोटरसाइकिल संख्या जेएच 10 सीवाई 1183 होंडा साइन, जिस पर प्रेस लिखा हुआ है तथा जेएच 10 बीपी 5598 पल्सर तथा जेएच10 एए 1559 पल्सर को जब्त कर लिया है। इम्तियाज ने बताया कि इस कांड में सद्दाम अंसारी, साजिद अंसारी एवं रहीम अंसारी भी शामिल थे। पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। बताया जाता है कि इम्तियाज महुदा का रहने वाला है तथा गायडहरा में अपनी ससुराल में रहता था।

# गांडेय प्रत्याशी ने नामांकन के बाद थामा झामुमो का दामन

**जयराम महतो की पार्टी से दाखिल किया था नामांकन**

**● कल्पना सोरेन के खिलाफ जिसे बनाया उम्मीदवार, वह उनकी पार्टी की गोद में जा बैठा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों की तरफ से पूरी ताकत झोंक दी गयी है। इस बीच जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के गांडेय विधान सभा सीट से बनाए गए उम्मीदवार अकील अख्तर उर्फ. रिजवान क्रन्तिकारी ने झामुमो का दामन थाम लिया है। रिजवान को जयराम महतो का बेहद करीबी माना जाता था। झारखंड में भाषा आंदोलन के दौर से वह जयराम महतो के साथ जुड़े हुए थे। पार्टी के निर्माण में भी उनका अहम योगदान माना जा रहा था। गांडेय सीट से भाकपा माले को त्याग कर जेएलकेएम में शामिल हुए राजेश यादव ने दावेदारी की थी, लेकिन जयराम ने वायदा करने के बाद भी उन्हें टिकट नहीं देकर रिजवान को उम्मीदवार बनाया था। रिजवान के जेएमएम में शामिल होने की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से सोशल मीडिया साइट एक्स पर की गयी है। जेएमएम की तरफ से लिखा गया है कि अकील अख्तर उर्फ. रिजवान क्रन्तिकारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिद्धांतों एवं हेमन्त जी के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार द्वारा किये गए जनहित के कार्यों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए अपने साथियों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

### जयराम की पार्टी ने उतारे 76 उम्मीदवार

गौरतलब है कि झारखंड में दो चरण में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। दोनों ही चरण के चुनाव के लिए जयराम की पार्टी ने सर्वाधिक 76 सीटों से अपने उम्मीदवार उतारा है। इधर भाजपा ने 68, झामुमो ने 43, कांग्रेस ने 30, आजसू ने 10, राष्ट्रीय जनता दल ने 7, जनता दल यूनाइटेड ने 2 और लोजपा (रामविलास) ने एक सीट पर अपना प्रत्याशी उतारा है। झारखण्ड राज्य की अधिकतर सीटों पर इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच सीधा मुकाबला होना लगभग लाजमी है, हालांकि कुछ सीटों पर जयराम महतो की पार्टी भी तीसरा कोण बनाने के प्रयास में है।

## कांग्रेस समर्थकों ने की भाजपा कार्यकर्ताओं से मारपीट, दो घायल

**कांग्रेस हार के डर से बौखला गई है : रागिनी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात झरिया गोल बिल्डिंग के समीप कुछ लोग दोनों प्रत्याशीयो की जीत - हार की चर्चा कर रहे थे। तभी कांग्रेस समर्थकों ने भाजपा के समर्थक पर दबाव बनाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार करना होगा। इसी बात पर विवाद बढ़ा और मारपीट हो गई। मारपीट में दो लोग घायल हुए है। एक को सीने में चाकू से हमला किया गया जो झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती है। वही दूसरे के सिर में चोट आई है जिसका इलाज धनबाद में चल रहा है। एक और घायल विशाल अग्रवाल का कहना है कि रात में कुछ दोस्तों के साथ बैठ कर बात कर रहे थे। तभी सुमित खेतान आया और रघुकुल का नाम लेकर धमकाने लगा। उसके बाद मारपीट की और चाकू से सीने पर वार कर दिया। रघुकुल के नाम पर धमकी देते हुए कहा कि कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करना होगा नहीं तो एक मिनट लगेगा 0045आ जाएगा। अस्पताल में भर्ती सुमित खेतान ने कहा कि विकास अग्रवाल और उसके दोस्तों ने उन पर हमला किया। सिर पर मारकर घायल कर दिया गया। सूचना मिलने पर भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह इलाजतर विकास अग्रवाल से मिलने झरिया के नर्सिंग होम पहुंची और हाल-चाल जाना। घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि झरिया में कुछ लोगों का मन बढ़ गया है, भाजपा और प्रधानमंत्री का नाम लेने पर ही मारपीट की जा रही है। वे मेरे कार्यकर्ता भी नहीं हैं, बस भाजपा के समर्थक हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यों के बारे में बात कर रहे थे, तो मारपीट की। कांग्रेस अपनी हार के डर से बौखला गई है। थाना में इसकी शिकायत की जाएगी।

एक नजर में

## निरसा बाजार में लावारिस बैग के कारण लोगो में मची खलबली



मैथन। निरसा बाजार चौक के समीप गुरुवार की रात कोलकाता दिल्ली लेन के किनारे लावारिस अवस्था में ट्रॉली बैग मिलने से लोगों में खलबली मच गई। लोगों ने मामले की जानकारी निरसा पुलिस को दी। निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार दल बल के साथ पहुंचकर ट्रॉली बैग को जब्त कर उसकी जांच की। जांच । में ट्रॉली बैग में सिर्फ गर्म कपड़े मिले। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि शायद किसी व्यक्ति का गाड़ी पकड़ने के दौरान ट्रॉली बैग छूट गया होगा। ट्रॉली बैग थाना में हिफाजत के साथ रखा गया है। जिस किसी का भी ह, थाना से आकर बैग ले जा सकता है।

## पूर्व जिप सदस्य भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल



**महुदा ।** पूर्व जिला परिषद सदस्य संतोष कुमार महतो बीजेपी को छोड़कर अपने चाचा पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के प्रति आस्था रखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए उनके साथ तारगा के हीरालाल महतो, पाथरगाड़िया पंचायत के पंसस प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार महतो, पाथरगड़िया निवासी राधेश्याम महतो, सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। मौके पर सुमित कुमार महतो, मधुसुदन महतो, जे एन श्रीवास्तव, सुरेश महतो, भरत महतो, श्रवण कुमार गुप्ता, दीनानाथ केवट उर्फ गाँधी, नारायण यादव आदि मौजूद थे।

## मुनीडीह में मनाया गया कोल इंडिया का स्थापना दिवस



**पुटकी।** डब्लू जे एरिया कार्यालय परिसर मुनीडीह में जीएम अरिंदम मुस्तफी ने कोल इंडिया क झंडा फहराया। अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी का सहयोग रहा तो मुनीडीह व कोल इंडिया और शिखर तक पंहुचेगा। प्रोजेक्ट अफसर एसके पांजा, एपीएम आशीष कुमार मिश्रा, वीएस वर्णवाल, सिताराम राउत सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## दिवाली में रोशनी से जगमगाया पूरा शहर

**धनबाद।** पूरे कोयलांचल में दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। अलग अलग मंदिरों की विद्युत साज सज्जा के साथ घरों को भी आकर्षक ढंग से सजावट की गई थी। वही शाम ढलने पर लोगों ने मंदिर और घरों में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। घी के दीपक भी जलाए गए। बच्चों ने मिठाई खा कर और पटाखे जलाकर खुशियां मनाई। पूरा शहर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है। वहीं उत्सव के साथ कई लोग शराब और जुआ में डूबे रहे। कुछ स्थानों पर मारपीट की घटना भी सामने आई।

# व्यय प्रेक्षक ने बाहर गए मतदाताओं को वापस बुलाने का दिया निर्देश

**समाहरणालय में चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक तथा व्यय प्रेक्षकों ने शुक्रवार को समाहरणालय में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन की तैयारी और अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली। साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार रखने, बूथ अवेयरनेस ग्रुप की गतिविधियां बढ़ाने, त्योहारों के दौरान बाहर गए मतदाताओं को मतदान के लिए वापस बुलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वहीं व्यय प्रेक्षकों ने एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा जब्त राशि की मनी ट्रेल की पहचान करने और सतर्क रहकर जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सभी निवार्ची पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



**उपायुक्त ने दी ये जानकारी**

उपायुक्त ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए जिले में 16 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं 63 फ्लाइंग स्क्वायड टीम पूरे जिले में कार्यरत है। इसके अलावा एक्सपेंडिचर सेंसिटिव धनबाद, झरिया एवं बाघमारा विधानसभा में एसएसटी व एफएसटी की 12-12 टीम तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी में 9-9 टीम कार्यरत है। जबकि सभी विधानसभा में 4-4 अकाउंटिंग टीम एवं 2-2 असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की नियुक्ति गई है। इसके अलावा उन्होंने व्हीकल मैनेजमेंट, मतगणना दिवस की व्यवस्था, मतदान कर्मियों व मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण, स्वीप गतिविधियां, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नरेबिलीटी मैपिंग, पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम, सुविधा, सी-विजील, एनकोर, सक्षम ईसीआई, बीएलओ एप, ईआरओ नेट सहित आईटी एप्लिकेशन की विस्तृत जानकारी दी।

**2 करोड़ से अधिक नगद राशि हुई बरामद**

वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर सभी जगह निरंतर नजर रखी जा रही है। 31 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न चेक पोस्ट पर 2 करोड़ 7 लाख 21 हजार 384 रुपए नगद, 24 लाख 28 हजार 639 रुपए की अवैध शराब, 14 लाख 46 हजार 400 रुपए के मादक पदार्थ एवं गांजा, 13 लाख 47 हजार 500 का जावा तथा 17 लाख 18 हजार 310 रुपए की चांदी बरामद की गई है।

## स्पीड न्यूज

### धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने किया दौरा



**धनबाद।** धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक से अस्पताल में मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। मौके पर उनके पुत्र हुबान मल्लिक से भी मुलाकात हुई एवं पूर्व मंत्री के मन्नान मल्लिक के जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की। कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे मनईटांड़, केंदुआ बाजार का भी दौरा किया। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह डूंगूर के आवास भी गए एवं चुनावी चर्चा की। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन, स्नेह और आशीर्वाद से वह अभिभूत हैं। कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास जगा है।

### भाकपा माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**तीन तार में मतदान करने की लोगों से की अपील**

**कुमारधुबी।** इंडिया महागठबंधन के जुझारू प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने शुक्रवार को चिरकुंडा क्षेत्र के कापासारा, दासपाड़ा, नीचे बाजार, सोनारडंगाल, गोसाईपाडा, शाही मोहल्ला, काली मंदिर नंदलाल स्कूल रोड सहित चिरकुंडा क्षेत्र के विभिन्न जगहों, गली मोहल्ला में तूफानी दौरा किया और तीन तारा छाप में वोट देने की लोगों से अपील की। मौके परसंतु चटर्जी, कल्याण राय, अमरेश चक्रवर्ती ,वरुण डे, नंटु गोस्वामी, आरिफ अंसारी, जियाउद्दीन शाह, सोनू मिश्रा, रवि रंजन सिंह, वरुण गोस्वामी, कौशिक आश, रवि घोष, शांतनु तूरी, संजय गोस्वामी, माना गोस्वामी, सुजीत गोस्वामी, प्रकाश गोस्वामी,सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### पुटकी-जामाडोबा रोड पर सड़क दुर्घटना में दो घायल

**पुटकी।** पुटकी-जामाडोबा रोड पर एसबीआई बलिहारी शाखा के समीप दो बाइक के बीच टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में लोयाबाद अस्पताल के समीप रहने वाले 28 वर्षीय रवि भुईया के मुंह में चोट लगी है। वहीं भागाबांध बस्ती निवासी 19 वर्षीय सनोज सोरेन का एक पैर टूट गया है।

### मुखिया संघ ने चुनाव में अलग रणनीति को लेकर की बैठक

**नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड क्षेत्र के देवलीश्वार प्रांगण में गुरुवार को नाला विधानसभा क्षेत्र के सभी मुखिया ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता नाला प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत मुर्मू ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश मुखिया संघ द्वारा जो पांच सूत्री मांग रखी गयी थी,उस पर वर्तमान सरकार ने कुछ भी निर्णय नहीं लिया है। जिससे पूरा मुखिया संघ आक्रोशित है और जल्द दूसरी बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए अलग रणनीति अपनाएंगे। बैठक में तीनों प्रखंड के मुखिया सनोहरी हेम्ब्रम, जियाराम हेंब्रम चुनाई किस्कू,रानी सोरेन मौजूद थे।

# मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

**प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी से ली गई जानकारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नाला (जामताड़ा)।** शुक्रवार को विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान मतदान केदो से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई साथ ही प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी से प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन सहित अन्य विधि व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में सभी सैक्टर पदाधिकारियों को नाला प्रखंड क्षेत्र में कुल 144(एक सौ चवालिस) मतदान केंद्रों में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में बुथों में उपलब्ध आधारभूत संरचना, रूट चार्ट अन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सुबल कुमार शर्मा, कनीय अभियंता कुंदन कुमार, कनीय अभियंता सौरभ कुमार, उत्तम कुमार शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक शिवानंद तिवारी,बलराम मंडल, कनीय अभियंता रामजतन मुर्मू, संजय कुमार, बीपीओ नित्यानंद गोरॉई, गौरव कुमार झा, लक्ष्मी मंडल, मंगलमय मंडल, राजेन्द्र बेसरा, श्रवण मरांडी,निमाई चंद्र देवांशी, संजय रासबिहारी झा दीनू नाथ मंडल, हित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




# बाघमारा के निर्दलीय प्रत्याशी रोहित ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**कांग्रेस से जलेश्वर और भाजपा से शत्रुघ्न हैं मैदान में**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बाघमारा विधान सभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हाल में राजद प्रखंड अध्यक्ष के पद और सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस में आये थे। कम समय में हीं उन्होंने पार्टी में मजबूत जगह बना ली थी। पिछले दिनों श्यामडीह में आयोजित कांग्रेस के कार्यक्रममें वरीय नेताओं के समक्ष क्षेत्र में अप नी पकड़ का अहसास कराया था। जीत का दावा करते हुवे कांग्रेस से टिकट पाने के लिए प्रबल दावेदारी की थी। लेकिन टिकट नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुवे समर्थकों से मंत्रणा के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रोहित ने नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो बाघमारा विधान सभा सीट दो बार चुनाव जीत चुके हैं। पिछले चुनाव में बहुत कम मतों से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इधर भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो धनबाद के सांसद ढुलू महतो के बड़े भाई हैं। करीब डेढ़ दशक से सियासी तौर पर ढुलू बाघमारा के बादशाह बने हुए हैं। एक दशक से ढुल्लू की बदौलत बाघमारा में भाजपा का झंडा बुलंदी से फहरा रहा है। रोहित चुनाव जीतने का दावा कर रहे हैं और अपना प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को बता रहे हैं। मतदान की तिथि में अभी समय है। फिलहाल कुछ कहना जल्दीबाजी होगी। रोहित ने इस्तीफा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को भेज दिया है।

# सामान्य प्रेक्षकों ने की मोनिटरिंग से संबंधित पंजी की जांच-पड़ताल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक तुकाराम हरिभाऊ मुंढे एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक हर्षित पृथ्वीराज गोसावी ने एमसीएमसी कोषांग का भी निरीक्षण किया। दोनों प्रेक्षकों ने नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह से कोषांग के कार्यों की जानकारी ली। एमसीएमसी कोषांग में मौजूद कर्मचारियों की मोनिटरिंग से संबंधित पंजी भी जांच की गई। पेड न्यूज चिह्नित होने पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर चुनाव संबंधी किसी भी तरह की अपुष्ट खबरों पर नजर रखने को कहा। मौके पर सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, एसएमपीओ विनीता कुमारी, शैलेश रावल, तापस पाल, हरेश कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### सांसद ढुल्लू महतो ने किया काली पूजा पंडाल का उद्घाटन



**धनबाद।** हीरापुर, लिंडसे क्लब रोड स्थित श्री श्री श्यामा पूजा पंडाल का उद्घाटन सांसद ढुलू महतो ने प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांसद ने समिति के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि काली माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे यही मंगल कामना करता है। समिति के सदस्य वरिया अधिवक्ता सोमनाथ चौधरी ने कहा कि 2013 में पूजा शुरू की गई थी। इस वर्ष पूजा के 12 साल पूरे हो गए हैं। हर साल की भांति इस वर्ष भी समिति के सदस्यो के ही चंदा से काली पूजा संपन्न हुई है। उन्होंने समस्त धनबादवासियों को काली पूजा, दीपावली भाई फोटा, द्वार पूजा एवं छठ पर्व की हार्दिक बधाई दी।

### सामान्य प्रेक्षक ने धनबाद पॉलीटेक्निक स्थित स्ट्रांग रूम की जांच



**धनबाद।** झरिया के सामान्य प्रेक्षक डी प्रशांत कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को पॉलीटेक्निक स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का पूर्ण रूप से पूरा करने की बात कही। इसके बाद वे कृषि बाजार समिति में झरिया विधान सभा हेतु चिह्नित बज्रगृह का निरीक्षण किया एवं चुनाव उपरांत ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित रखने के संबंध में जानकारी ली। मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा के अलावा एआरओ एवं एलो मौजूद थे।

### श्री श्री काली पूजा में शामिल हुए समाजसेवी उदय प्रताप सिंह



**धनबाद।** श्री श्री काली पूजा 1008 काली पूजा समिति सहयोगी नगर, सेक्टर 3 में काली पूजा के भोग वितरण में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह व हरीश सिंह शामिल हुए। समिति ने अंग वस्त्र देकर सभी का स्वागत किया। भोग ग्रहण करने के पश्चात उदय प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में सभी हिंदू संगठन और नवयुवा अपने धर्म अनुष्ठानों के प्रति समर्पित व सक्रिय है। यह देख बहुत प्रसन्नता और संतोष होता है। दिलीप सिंह ने कहा कि आज के समय में सभी को खास ाकर युवाओं को अपने अपने क्षेत्र में धार्मिक सामाजिक व रचनात्मक कार्य हमेशा करना चाहिए।

### नाला प्रखंड के विभिन्न जगहों में धूमधाम से मां काली की पूजा



**नाला (जामताड़ा)।** मां काली माता दुर्गा का ही दूसरा रूप है। मान्यता है कि उन्होंने देवों का देव महादेव कहे जाने वाले भगवान शिव को अपने क्रोध में पैर के नीचे दबा कर रख दिया था। गुरुवार को नाला प्रखंड क्षेत्र के नाला टेम्पो स्टैंड आमबागान में, गोपालपुर में बारह फुट काली मंदिर, डाबर गांव सहित विभिन्न जगहों में हर साल की भाँति इस साल भी धूमधाम से काली पूजा की गई। टेंपो स्टैंड आमबागान के समीप में गुरुपद मंडल द्वारा पंडाल में माँ काली की मूर्ति स्थापित कर सियारकेटीया के पुजारी साधन भट्टाचार्य के सान्निध्य में श्रद्धापूर्वक भक्तिमय वातावरण में पूजा संपन्न कराई गई। पूजा के उपरांत वहां उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद भी वितरण किया गया। वही हर साल की भाँति इस साल भी आज यानी शुक्रवार को नाला प्रखंड क्षेत्र के डाबर गांव में काली पूजा के अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया है।

### चार दिवसीय काली पूजा शुरू, भक्तों की उमड़ी भीड़

**जोड़ापोखर।** कोयलांचल झरिया क्षेत्र के शालीमार में सार्वजनिक काली पूजा कमिटी ने वार्षिक पूजा महोत्सव का आयोजन किया। चार दिनों तक पूजा के बाद काली मूर्ति का विसर्जन सोमवार को किया जायेगा। कमिटि के सचिव काजोल रॉय ने बताया कि गुरुवार की रात देवी काली की पूजा अर्चना की गई। शुक्रवार को महाचंडी पाठ का आयोजन किया गया है,जिसमें भक्तों का तांता लगा हुआ है। महिला भक्तों की उपस्थिति अधिक देखी गई है। इस अवसर पर एक मीना बाजार भी लगाया गया है जिसमें भक्तों ने खूब खरीदारी की। आयोजक मंडली में किशोर कुमार, प्रदीप मुखर्जी, शुभाशीष बोश, शुभाशीष रॉय, विश्वनाथ मोदी, फाल्गुनी मुखर्जी, सुरजीत बनर्जी, हरिराम यादव, रामु तुरी आदि शामिल हैं।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश त्यागी ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को दिया समर्थन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** किसी भी पार्टी का आधार जमीनी स्तर के नेता और कार्यकर्ता होते हैं, जो पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दिन-रात काम करते हैं। मेहनत करने के बाद कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिलने पर मनोबल टूट जाता है। उक्त बातें कांग्रेस के समर्पित नेता महेश त्यागी ने भाजपा का दामन थामते हुए कही। झरिया विधानसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने भाजपा का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिलता है। वर्षो से पार्टी में कड़ी मेहनत करने के बावजूद सम्मान नहीं मिलने से युवा कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे है। युवाओं का सोच है कि भाजपा सरकार में ही विकास होगा, रंगदारी, भ्रष्टाचार खत्म होगा। उन्होंने कहा कि ससुर स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के समय से ही ये लोग जुड़े हुए थे। एक बार सिंह मेंशन परिवार पर भरोसा जताते हुए घर वापसी की है।

### समाजसेवी महिला ने वृद्धों के साथ मिल कर मनाई दिवाली

**गिरिडीह।** स्थानीय समाजसेवी सध्या मिश्रा ने अपनी टीम की सदस्यों के साथ दीपावली का पर्व वृद्धों के साथ फूलझड़ियां जलाकर मनाया। उनलोगों ने सभी वृद्ध महिलाओं को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# सिंदरी के रेलवे ओवरब्रिज से स्कूटी गिरी नीचे, बाल बाल बचा चालक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी के रोहड़ाबाँध चेकपोस्ट के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे रेलवे ओवरब्रिज से स्कूटी नीचे गिरने की आवाज से लोगों में दहशत फैल गई। इस घटना में स्कूटी सवार मेहुल रजक ओवरब्रिज के ऊपर ही रह गया, नहीं तो बड़ी घटना घट जाती। घटना के संबंध में सुदामडीह निवासी नरेश रजक के 20 वर्षीय पुत्र मेहुल ने बताया कि वह घर से निकलकर स्कूटी संख्या जे एच 10 बी ई 3346 से बलियापुर इंस्टीट्यूट जा रहा था। तभी दोनों तरफ से ऑटो आ जाने के कारण स्कूटी अनियंत्रित हो गई। वह रेलवे पुल के ऊपर गिर गया और स्कूटी रगड़ खाती हुई ओवरब्रिज से नीचे गिर गई। सूचना मिलने पर गौशाला ओपी पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। स्कूटी चालक को सौंप कर घर भेज दिया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सवार काफी तेज रफ्तार में स्कूटी चला रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे दो आटो के बीच फँसने से तो बच गया, परंतु अनियंत्रित हो कर गिर गया। गौशाला ओपी प्रभारी चिंतामण रजक ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं है। स्कूटी चालक को सौंप दिया गया है।

# 2100 दीयों से जगमगाया श्री राम राज मंदिर

**दीपोत्सव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** चिटाहीधाम स्थित श्री राम राज मंदिर में भव्य आयोजन के तहत 2100 दीयों से प्रकाश किया गया। इस विशेष आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम से अपने परिवार व समाज की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।



दीपमालिका के अद्भुत दृश्य ने अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक बनते हुए सभी को एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल ने पटेल जयंती पर की एकता दौड़

**पटेल जयंती**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** स्वामी विवेकानंद स्कूल, चिरकुंडा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुरुवार को एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ चिरकुंडा के श्रमकल्याण केन्द्र से शुरू हुआ, जो नेहरू रोड होते हुए स्वामी विवेकानंद स्कूल प्रांगण तक गया। वहां लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दौड़ का समापन किया गया। स्कूल के प्राचार्य संजीव कुमार साव व निदेशक विवेक सिंह ने कहा कि इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य केवल एकता का संदेश देना नहीं, बल्कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके योगदान को याद करना है। इस दौड़ में दर्जनों की संख्या में स्कूली छात्र व छात्राएं सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल हुए। अपने हाथों में बैनर लेकर भारत माता की जय, सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे का नारा लगाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरा देश मना रहा है। समाज को एकता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दौड़ का आयोजन किया गया। आज के समाज में जो लोग जाति-धर्म में उलझे हुए हैं। उन सभी को एकजुट करने के उद्देश्य से इस दौड़ का आयोजन किया गया है।



## साहिबगंज : मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए चुनावी नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** बोरियो विधानसभा अंतर्गत मंडरो प्रखंड के महादेववरण पंचायत के नया ग्राम में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक चुनावी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विमल देव भगत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान उपस्थित रहे। इस नुक्कड़ सभा का उद्देश्य विधानसभा चुनाव में बोरियो विधानसभा के महागठबंधन प्रत्याशी धनंजय सोरेन को भारी से भारी संख्या में वोट दिला कर जीताना है। सभा को संबोधित करते हुए साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा की हमारी पिछली महागठबंधन की सरकार ने झारखंड की जनता के लिए अनेक जनउपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतार कर झारखंड का विकास किया है जबकि विपक्ष हमेशा जाति धर्म के नाम पर लड़वा कर वोट लेने का काम करती आ रही है, हमारी पिछली महागठबंधन की सरकार विपक्ष के सौतेलेपन व्यवहार के बावजूद झारखंड के विकास के लिए ग्रीन राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, फूलों झानो किशोरी समृद्धि योजना, मईया सम्मान योजना,अबुवा आवास योजना जैसी जन उपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।

## साहिबगज : नौ प्रत्याशियों को किया गया चुनाव चिन्ह आवंटित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** विधानसभा आम चुनाव-2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए 03 -बरहेट (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत की अध्यक्षता में 03- बरहेट (अजजा) नामित सभी राजनीतिक अभ्यार्थियों के साथ बैठक किया गया।

बैठक में निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार के द्वारा अभ्यार्थियों को आदर्श आचार संहिता के विषय की जानकारी क्रमबद्ध रूप दी गई।

**चुनाव चिह्न प्रदान किया गया**

- गमलियल हेंब्रम, भारतीय जनता पार्टी, चुनाव चिन्ह- कमल
- अभ्यर्थी हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा, चुनाव चिन्ह- तीर कमान
- थोमस सोरेन, झारखंड लोकतांत्रिक, चुनाव चिन्ह- कैंची
- दिनेश सोरेन, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, चुनाव चिन्ह- घड़ी
- अभ्यर्थी जोसेफ सोरेन, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह, बैटरी टॉर्च
- नथानिएल मालतो, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- एयरकंडीस्नर
- रानी हॉसदा, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -बेबी वॉकर
- रोशनी मुर्मू, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- पानी का टैंक
- सेबास्टियन हेंब्रम, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- गुब्बारा

## बोकारो : प्रत्याशियों की सारी जानकारी बस एक क्लिक में

बोकारो। विधानसभा आम चुनाव 2024 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से जुड़ी सभी जानकारी के लिए आयोग द्वारा लांच किये गए नो योर कैंडिडेट एप के माध्यम से उम्मीदवार से जुड़ी सभी जानकारी और आपराधिक बैकग्राउंड के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। केवाईसी एप में उम्मीदवारों की डिटेल दो तरह से खोजी जा सकती है। सीधा नाम डालकर उम्मीदवार की जानकारी प्राप्त हो सकती है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING
OFFICE:
General Manager (SLDC)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 (Jharkhand)
(E-mail: uldc.jusnl@gmail.com) Website;

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide RFP No. 86/PR/JUSNL/2024-25 for 03 Years Comprehensive AMC of 15 Nos. of RTU (supplied by M/s Chemtrols) installed at 15 GSS of JUSNL along with additional bay integration, RTU reconnection with Supply & Erection of LDMS and RTU/SAS Configuration is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
(SLDC) JUSNL, Ranchi

PR No. 329398
PR No. 339783 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd



**This May be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of Inida & Anr.)*

Name and Address of Candidate : Mr. AJAY NATH SHAHDEO, Near Shahdeo Towers, Pe Pee Compound, Main Road, Ranchi.

Name of Political party: INDIAN NATIONAL CONGRESS

Name of Election: JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024

Name of Constituency: 64 – HATIA

I, AJAY NATH SHAHDEO (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents.

(A). Pending Criminal Cases

| Sl.no. | Name of Court | Case No. and dated | Status of Case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of Offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Chief Judicial Magistrate, Ranchi. | Dhurwa P.S. case No. 400/ 2023 dated 18.12.2023 | Investigation – pending | 406, 424, 379, 504 and 34 of the Indian Penal Code. (Alleged concealment of property and breach of trust) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| ---NOT APPLICABLE--- | | | |



**समाहरणालय, लातेहार**
**(प्रशिक्षण कोषांग)**

**आदेश**

विधानसभा चुनाव 2024 के निमित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन विभाग), झारखण्ड रांची के पत्रांक 5232 दिनांक 04.10.2024 के आलोक में मतदान दल के कर्मियों को तृतीय चक्र का निर्वाचन विषयक प्रशिक्षण **गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार** में दिनांक–03.11.2024 से 09.11.2024 तक समय पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 04:00 तक निम्न तालिका में वर्णित विवरण के अनुरूप आंशिक संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है :–

| प्रशिक्षण तिथि | गाँधी इण्टर कॉलेज, लातेहार में आवंटित पोलिंग पार्टी नं० | प्रतिभागी पोलिंग पार्टी की संख्या | बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में आवंटित पोलिंग पार्टी नं० | प्रतिभागी पोलिंग पार्टी की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 03.11.2024 | 7402–0001 से 7402–0104<br>7403–0091 से 7403–0092 | 106 | 7301–0001 से 7301–0080 | 80 |
| 04.11.2024 | 7403–0001 से 7403–0090<br>7405–0001 से 7405–0031 | 121 | 7301–0081 से 7301–0100<br>7304–0081 से 7304–0090<br>7305–0001 से 7305–0039 | 79 |
| 05.11.2024 | 7401–0001 से 7401–0100<br>7404–0051 से 7404–0053 | 103 | 7304–0001 से 7304–0080 | 80 |
| 06.11.2024 | 7404–0001 से 7404–0050<br>7302–0001 से 7302–0050 | 100 | 7303–0001 से 7303–0032<br>7302–0051 से 7302–0091 | 73 |
| 09.11.2024 | 7301–F01 से 7301–F25<br>7401–F31 से 7401–F46 | 41 | 7401–F01 से 7401–F30 | 30 |
| | 7302–H01 से 7302–H14<br>7303– H01 से 7303–H15<br>7304– H01 से 7304–H36 | 65 | 7301–Y01, 7401– Y01 | 02 |
| | | | 7401–PW01 | 01 |
| | | | Parda 01 से Parda-31 | 31 |
| | कुल पोलिंग पार्टी संख्या– | 536 | कुल पोलिंग पार्टी संख्या– | 376 |

प्रशिक्षण प्रतिभागियों को आदेश दिया जाता है कि त्रुटि रहित मतदान कार्य सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित प्रशिक्षण मे ससमय उपस्थित होकर मानक के अनुरूप प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक (ALMT) संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र पर कार्यरत प्रशिक्षकों को वांछित तकनीकी सहयोग करते हुए प्रशिक्षण सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षण स्थल–गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार में **श्री गौतम कुमार साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार** एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में **श्री समीर कुल्लू, जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार** प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी रहेंगे एवं प्रशिक्षण का स्टेटिक अनुश्रवण करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339760 (Election) 24-25 (D)



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

**कार्यालय :–जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार।**

**(Postal Ballot & EDC कोषांग)**

**आम सूचना**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारतनिर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्तनिदेश के आलोक में विधानसभा आमनिर्वाचन 2024 में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, मतदान कर्मी यथामतदानदल के कर्मी, माईक्रोऑब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, वीडियोग्राफर, वेबकास्टिंगकर्मी सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों, वाहन चालक आदि का पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुविधा केन्द्र **(Facilitation Centre)** के माध्यम से मतदान कराया जानाहै। उक्तमतदान हेतुलातेहार जिलान्तर्गत संचालित होने वाले सुविधा केन्द्रों की तिथिवार विवरणी निम्नवत है :–

| क्र० | प्रशिक्षण स्थल/सुविधा केन्द्र(FC) का नाम | सुविधा केन्द्र(FC) की संख्या | मतदान की तिथि | विधानसभा क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गांधीइंटर कॉलेज, लातेहार (मतदान कर्मी के लिए)संचालनअवधि–पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजे तक | 06 | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक | प्रथमचरण के सभी विधानसभा क्षेत्र |
| | | | 09.11.2024 से 10.11.2024 तक | प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| 2 | बनवारीसाहूमहा विद्यालय, लातेहार (मतदान कर्मी के लिए)संचालन अवधि–पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजे तक | 05 | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक | प्रथमचरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| | | | 09.11.2024 से 10.11.2024 तक | प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| 3 | बलिकाउच्च विद्यालय, लातेहार (पुलिस पदाधिकारी एवंकर्मियों के लिए)संचालन अवधि–पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजेतक | 06 | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक | प्रथमचरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| | | | 09.11.2024 से 11.11.2024 तक | प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| | | | 15.11.2024 से 18.11.2024 तक | द्वितीय चरण के सभी विधानसभा क्षेत्र |
| 4 | आई०टी०डी०ए० कार्यालय, लातेहार (कोषांग, सेक्टर पदाधिकारी, माईक्रोआब्जर्वर, जोनल मजिस्ट्रेट, BLOइत्यादि के लिए) संचालनअवधि–पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजेतक | 02 | 03.11.2024 से 06.11.2024 तक | प्रथमचरण के सभी विधानसभा क्षेत्र |
| | | | 09.11.2024 से 11.11.2024 तक | प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| | | | 15.11.2024 से 18.11.2024 तक | द्वितीय चरण के सभी विधानसभा क्षेत्र |
| 5 | वाहन कोषांग, जिला खेलस्टेडियम, लातेहार(वाहन चालक, उपचालक,सफाईकर्मी इत्यादि)संचालन अवधि–पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजेतक | 02 | 09.11.2024 से 11.11.2024 तक | प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभीविधानसभा क्षेत्र |
| 6 | DISPATCH CENTRE पलासमार्ट JSLPS लातेहार(सभी मतदान पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए)संचालन अवधि–पूर्वाहन् 08:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजेतक | 01 | 11.11.2024 से 12.11.2024 तक | प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी विधानसभा क्षेत्र |

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 339758 Election(24-25)D


## भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठिओं को बाहर किया जायेगा : बाबूलाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुरुवार को जामा प्रखंड के माहरो चौक स्थित भाजपा कार्यकर्ता अशोक मंडल के आवास पर जामा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान को झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेकेएलएम एवं राजद के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए सभी को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वाले में राजद आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बाबूराम हांसदा, जिलाध्यक्ष अजजा अनूपलाल मरांडी, कार्यकर्ता अकाश मरांडी, सोमलाल मुर्मू, राजू मुर्मू, शिवधन मुर्मू, मनीष मरांडी शामिल थे। वहीं झामुमो से भाजपा मे शामिल हुए इसहाक मुर्मू, संजय मुर्मू, हरिकृष्ण मांझी, राजकुमार मांझी, सीताराम मुर्मू, सरदेश मांझी, राजमहल राउत, अजीत कुमार, मंगल मुर्मू, कदरू टुडू, बिरेन्द्र थनदार आदि शामिल थे। वहीं जेकेएलएम के राजेन्द्र मुर्मू, लुखीराम हेम्ब्रम, दिलीप बास्की, मुकेश मुर्मू, रूबीलाल टुडू, राघोन मुर्मू, बिनोद बिस्की, लक्ष्मण मुर्मू, रंजीत हेम्ब्रम, कुलदीप मुर्मू, किशन मुर्मू आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने और घुसपैठ रोकने के लिए एनआरसी लागू करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर उनके अवैध दस्तावेज तैयार किये जा रहे हैं। जो राज्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत हैं। बाबूलाल मरांडी ने आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जतायी। उन्होंने 1951 के जनगणना के आंकड़ों को पेश करते हुए आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई। कहा कि राज्य में जनजातीय आबादी 36 फीसदी थी। वर्तमान में जो 2011 की जनगणना में घटकर 26 फीसदी रह गयी है। वहीं मुसलमानों की आबादी 9 फीसदी से बढ़कर लगभग 14.5 फीसदी तक जा पहुंची है। राज्य में आज हिंदुओं की आबादी भी लगभग 7 फीसदी घटकर 88 फीसदी से 81.फीसदी पर पहुंच गयी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा समेत 6 जिलों से 16 फीसदी जनजातीय समुदाय की आबादी कम हुई है। वहीं मुस्लिमों की आबादी में 13.फीसदी की वृद्धि हुई है। साहिबगंज और पाकुड़ में तो मुस्लिमों की संख्या सबसे ज्यादा 35 फीसदी बढ़ी। उन्होंने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ में तो मुस्लिमों की संख्या सबसे ज्यादा 35 फीसदी बढ़ी है। संथाल परगना क्षेत्र में मुस्लिम युवक आदिवासी बहनों से विवाह कर डेमोग्राफी बदलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर किया जायेगा। भाजपा जो बोलती है वह करती है। हेमंत सरकार ने पांच लाख नौकरी, चूल्हा खर्च जैसे वादे कर राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो राज्य के 2 लाख 87 हजार पद भरे जायेंगे। महिलाओं को गोगो दीदी योजना से 2100 रुपए प्रतिमाह सरकार बनते ही दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पीएम आवास राज्य के गरीबों तक पहुंचने नहीं दिया। लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में 21 लाख लोगों को पीएम आवास का लाभ दिया।

### स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : देसी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**राजमहल।** राजमहल थाना पुलिस कों मिली बड़ी सफलता विभिन्न थाना कांडों में चल रहे फरार एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसकी जानकारी राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगलू मंडल के पुत्र संतोष मंडल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्हैयास्थान बुधबाढिया एनएच मुख्य मार्ग पर आते जाते राहगीरों कों पिस्टल का भय दिखाकर मारपीट और पैसा लूटपाट कर रहे थे सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन कर बुधबाढ़िया गांव भेजा गया। जहां पर संतोष मंडल को देसी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी ने बताया कि उसके विरुद्ध राजमहल और बोरियो थाना में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट का 10 मामले दर्ज हैं और करीब चार साल से फरार था। मौके पर एस आई बिट्टू कुमार साहा, एस आई ओम प्रकाश चौहान, एस आई विक्रम सिंह, एस आई उपेंद्र कुमार यादव, धीरेंद्र कुमार, वीर सिंह महतो, महेंद्र प्रसाद यादव, सुनील कुमार गुप्ताआदि अन्य छापेमारी दल में शामिल थे।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता का शव बरामद, हत्या की आशंका



**हंसडीहा।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कचहरी टोला के समीप शुक्रवार सुबह पुलिस ने एक विवाहिता का शव बंद कमरे से ताला तोड़कर निकाला गया। जहां पुलिस ने युवती का शव चौकी पर पड़ा पाया। साथ ही कमरे में छत से लगे पंखा में ओढ़नी का कटा हुआ आधा भाग लटका हुआ था। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने थाना को दी। सूचना मिलने के साथ एसआई अमर कुमार महतो एवं एएसआई विनोद सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां मृत युवती की पहचान आधार कार्ड के अनुसार सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कारूडीह गांव निवासी सोनी कुमारी, पिता सीतल यादव है। पुलिस ने इस घटना की जानकारी युवती के परिजनों को दी। इसके साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। जानकारी के अनुसार युवती अपने पति मनोज यादव के साथ हंसडीहा में किराये के मकान में रहती थी। इस घटना में मृतिका की मां मेघिया देवी ने हंसडीहा थाना में आवेदन देकर बांका जिला के जयपुर थाना क्षेत्र के केरवार गांव निवासी दामाद मनोज यादव पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगायी है। बताया जाता है कि मृतिका सोनी कुमारी ने मनोज यादव से फरवरी में शादी की थी। इसके पूर्व दो पति को छोड़ कर मनोज यादव से तीसरी शादी रचाई। जबकि मनोज यादव पहले से विवाहित था। वही मृतिका की मां मेघिया देवी ने बताया कि मेरी बेटी सोनी और मनोज यादव में पहले से फोन पर बातचीत होता था। जो पहले पति को छोड़ने का दबाव बनाने के साथ दोनों को जान से मारने की बात कहते रहता था। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने कहा कि हंसडीहा थाना में मामला दर्ज किया गया है। अनुसंधान की जा रही है।

### साहिबगंज : चुनाव आते ही पुलिस कर रही हैं संदिग्धों की चेकिंग

**राजमहल।** चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, राजमहल थाना पुलिस ने राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत गुदारा घाट झारखंड बंगाल सीमा पर चेक नाका राजमहल से जाने व मानीचक से आने वाली वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए। राजमहल पुलिस को अचानक एक नाव पर नजर पड़ी उक्त नाव की पूरी तरह बारीकी से चेक किया तो एक लवारिस बैग मिला जिसकी तलाशी ली गई तलाशी लेने के दौरान उस बैग पर 20 पीस अलग–अलग कंपनियों का मोबाइल बरामद हुआ। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## उपराजधानी दुमका में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव त्योहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में दीपावली का त्योहार गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। दीपोत्सव मना लोगों ने जमकर खुंशी मनाया। लोग रात भर पटाखे जला आतिशबाजी किया। साथ ही रात पर भर शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर लोग मनोरंजन के लिए जुआ खेलते नजर आये। अंजादा लगाया जा रहा है कि करोड़ों का जुआ खेले गये। दीपोत्सवर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी के आगमन पर केले और फुलो के सजावट और लाईटें की सजावट दिखी। लाखों रुपए के सजावट की समानों के खरीदारी हुई। लोग दीपावली से पूर्व ही घरों की साफ-सफाई व रंगाई की। गुरुवार को लक्ष्मी पूजा के साथ दीपावली प्रारंभ हो गई। संध्या के समय घरों में दीपोत्सव मनाया गया। लक्ष्मी पूजा के साथ साथ अधिकांश जगहों पर काली पूजा भी मनायी गई। दीपावली के रात लोगों ने अपने अपने घरों व दुकानों में दीप प्रज्वलित किया। लक्ष्मी पूजन कराया और मिठाइयां बांटी। बच्चे पटाखे जलाये और खुशियां मनायी गयी। रात को बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। दीपोत्सव की रात भोर में ग्रामीण क्षेत्रों में दरिद्र को घर से बाहर निकालने और पका हुआ धान की बाली को घर लाने की परम्परा चली आ रही है। इसलिए शुक्रवार सुबह को दरिद्र भगाया गया इसके उपरांत शाम को गोवर्धन पूजा की गयी।

## कथारा क्षेत्र में मनाया गया कोल इड़िया का 50वां स्थापना दिवस




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** कोल इंडिया लिमिटेड और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज कथारा क्षेत्र में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंद्र भानु तिवारी, महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद एसीसी सदस्यों द्वारा संबोधन किया गया। समारोह के दौरान श्री तिवारी ने उकछ की गौरवमयी यात्रा, उसके इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कोल इंडिया ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को कंपनी के भविष्य के लक्ष्यों और योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन जयंत कुमार, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक) के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष और एसीसी सदस्य महाप्रबंधक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में एकत्रित हुए, जहां संगठन की आगामी योजनाओं और दिशा-निर्देशों पर संक्षिप्त चर्चा की गई।

## पर्यावरण-मित्र वाटिका में वृक्ष दीपावली संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा स्थानीय पर्यावरण मित्र चौक स्थित पर्यावरण मित्र वाटिका में वृक्षों के नीचे दीपक जला कर वृक्ष दीपावली मनाया गया। संस्था के पर्यावरण प्रहरियों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भगवान का पूजन किया तथा वृक्षों के नीचे दीपक जलाकर अपने तथा अपने परिवार सहित बोकारो वासियों सहित समस्त देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना किया। मौके पर संस्थान के संस्थापक पं गौरी शंकर ओझा के चित्र पर माल्यार्पण कर और सम्मुख दीपक जलाकर उनके कृतित्वों को याद करते हुए नमन किया गया। पंडित अखिलेश ओझा ने भगवान का वैदिक मंत्रों से विधिवत पूजन कराया तथा संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय इस अवसर पर यजमान रहे। कार्यक्रम में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा, मुकुल सुरेंद्र पांडेय, रघुवर प्रसाद, वैद्य गणेश साव, पं अखिलेश ओझा, बबलू पांडेय, मृणाल चौबे, वीरेंद्र मिश्र, विजय त्रिपाठी, विजय गुप्ता, अर्जुन पांडेय, भगवान पांडेय, राकेश कुमार, गौरी शंकर सिंह, राम बचन सिंह, प्रो गणेश कुमार सिंह, विनीत कुमार, डॉ उमा शंकर सिंह सहित कई पर्यावरण प्रहरी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पटाखों की दुकानों में लगी भीषण आग

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्रान्तर्गत गर्गा पुल के समीप स्थित पटाखों की लगभग 66 दुकानों में भीषण आग लग गई। दुकानों में स्थित पटाखों के साथ बिक्री के रुपये भी जलकर खाक हो गए। लगभग एक करोड़ से ज्यादा की क्षति का अनुमान है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटनास्थल पर जिला प्रशासन के दमकलों के अतिरिक्त सेल बीएसएल के दमकलों को भी आना पड़ा तब जाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर बोकारो से कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह एवं भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण पहुंचे और भुक्तभोगी दुकानदारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए आग लगने के कारणों की समुचित जांच की बात कही।

खबर मन्त्र
रांची. शनिवार . 02 नवंबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# चीन को चपत

एक अनुमान के अनुसार दिवाली से जुड़े चीनी सामानों की बिक्री अब न होने से चीन को लगभग 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के व्यापार की चपत लगी है। लगभग सारी खरीदारी भारतीय सामानों की ही हो रही है। धनतेरस-दिवाली पर सोना चांदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुएँ, सभी प्रकार के बर्तन, रसोई का सामान ,वाहन, कपड़े एवं रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली का सामान, कंप्यूटर एवं कंप्यूटर से जुड़े उपकरण, मोबाइल ,बही खाते, फर्नीचर, एकाउंटिंग का अन्य सामान आदि विशेष रूप से खरीदे जाते हैं। धनतेरस पर कुल 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान है। पिछले साल धनतेरस ( 10 नवंबर 2023 ) के दिन सोना 60 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 70400 रुपये प्रति किलोग्राम थी जोकि इस बार बढ़कर सोना 78530 रुपये और चांदी 97238 रुपये पहुंच गई। पिछले एक साल घरेलू बाजार में सोना 30.9 फीसदी और चांदी 38.1 फीसदी महंगी हुई है जबकि वैश्विक बाजार में पिछले एक साल में सोना 41.8 फीसदी और चांदी 53.3 फीसदी महंगा हुआ है। पिछले साल 20 टन सोने की बिक्री हुई थी जबकि इस बार यह आंकड़ा 30 टन को भी पार कर सकता है। धनतेरस पर देश भर में लगभग 20 हजार करोड़ का सोना और लगभग 2500 करोड़ की चांदी खरीदी गई। देश में लगभग चार लाख छोटे और बड़े ज्वेलर्स काम करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो में 2 लाख ज्वेलर्स पंजीकृत हैं जिन्होंने आज लगभग 25 टन सोने की बिक्री की जिसका मूल्य 20 हजार करोड़ रुपये तथा इसी तरह देशभर में 250 टन चांदी बिक्री हुई, जिसकी कीमत लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। वैश्विक अनिश्चितताओं तथा भू-राजनीतिक स्थितियों के बीच सोने की चमक कायम है, जबकि चांदी एक किफायती विकल्प के रूप में लोकप्रिय बनी है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# शांति, स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है भारत चीन की पहल

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर ह्लजमीनी स्थितिह्व बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं।

भारत चीन दोनों ने दावा किया है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने उपकरण वापस खींचना शुरू कर दिया है। ऐसा होने से पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है। चीन ने भी ऐसा ही दावा किया है। सीमा से सेना की वापसी एक अच्छी पहल है। इससे विवाद वाले देशों में शांति होती है। विकास होता है। अब तक तनाव के दौरान सीमा और सेना पर किया जा रहा व्यय देश के विकास पर खर्च होगा। इतना सब होने पर भी चीन के रवैये को देखकर उस पर यकीन नही किया जा सकता। उसके बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए।

24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर ह्लजमीनी स्थितिह्व बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें ह्लपारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराईह्व की बहाली शामिल है। रक्षा मंत्री ने संबंधों में प्रगति का श्रेय ह्लनिरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया, क्योंकि जल्द या बाद में, समाधान निकलेगा ह्व

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए और आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता



और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने चीन के साथ गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई 2020 से पहले जैसी हो जाएगी।



**-अशोक मधुप**

> जयशंकर ने कहा, सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया ।ॅ उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग (गश्त) को लेकर हुए समझौता का श्रेय भारतीय सेना और कूटनीति को दिया। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच शुक्रवार को डिसएंगेजमेंट (सैनिक वापसी) की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 29 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद 30-31 अक्टूबर से गश्त फिर से शुरू की जाएगी।

पुणे में छात्रों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों के सामान्य होने में अभी समय लगेगा, क्योंकि विश्वास और सहयोग को दोबारा स्थापित करना लंबी प्रक्रिया है। विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।

जयशंकर ने कहा, सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया ।ॅ उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि 'ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है। अच्छा यह है कि दोनों देश मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटने पर सहमत ही नही हुए, इस प्रक्रिया के लिए कार्य भी शुरू हो गया।

सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हालांकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा। एक बात और सेना की वापसी के बावजूद सीमा क्षेत्र का विकास कार्य अनवरत चलता रहना चाहिए। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए। सीमा क्षेत्र के गांव वालों को इसके लिए शिक्षित किया जाना चाहिए कि वे दुश्मन देश की गतिविधि पर नजर रखें। अपने क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और सेना को छोटी बड़ी सब सूचना दें।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## एक्स - ट्वीट

**ठगबाज** भाजपा मुगालते में न रहे!

भाजपा को लगता है कि झूठा फॉर्म भरवा कर लोगों को ठगने की कोशिश में वह सफल हो जाएगी? भाजपा बोलती है कि वो 2100 देगी। भाजपा यह बताये कि उनकी ओडिशा में सरकार महिलाओं को कितना पैसा दे रही है?

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसान** कल्याण की यात्रा भारत के विकास की गाथा बनी है। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारतीय कृषि विकसित भारत के विराट संकल्पों को नई गति दे रही है।

**– शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार**

# गैंगस्टर का समर्थन न करें राजनीतिक पार्टियां

**योगेश कुमार सोनी**

**महाराष्ट्र** अगले महीने विधानसभा चुनाव का सामना करने वाला है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का रहा है। समझ यह नहीं आता कि इस तरह की बातों से ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं। गैंगवार को लेकर देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है जिसको लेकर हर कोई चाहता है कि देश में अमन-चैन बना रहे लेकिन सुनील शुक्ला जैसे लोग ऐसी बातें करके युवाओं के भविष्य को गलत हवा दे रहे हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ लोग लारेंस बिश्नोई की सोशल मीडिया पर प्रशंसा कर रहे हैं और उसे कई तरह की उपाधियों से नवाजा जा रहा है। सबसे बडा दुर्भाग्य यह है कि युवा, लारेंस को अपना आदर्श मान रहे हैं। लेकिन यह लोग इतनी सी बात नहीं समझ रहे कि मौत का खेल दूर से देखने में ही मजा आता है, खुद खेलने में जिंदगी में आग लग जाती है।

भारतीय राजनीति में कड़े नियम-कानून-कायदे न होने की वजह से इस तरह की तमाम तरह की आजादी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपराधी भी चुनाव लड़ सकता है और आश्चर्य की बात वह आरोपी भी है और जेल में हैं तब भी चुनाव लड़ सकता है। इससे एक बात तो तय है कि जिस तरह हमारे यहां छूट है उसी का ऐसे लोग बेजा फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि आखिर ऐसे प्रावधान में बदलाव क्यों नहीं हो सकता। क्या इस तरह की संचालन प्रक्रिया आने वाले मौजूदा व आने वाले समय में युवाओं को नकारात्मकता की ओर नहीं ले जाएगी? चुनाव लड़ना देश की सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए होना चाहिए या शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए ? आजकल लोगों की सोच तो शक्ति प्रदर्शन दिखाने की ओर इशारा कर रही है।

**चुनाव 2024**

हमें ऐसी सोच पर नियंत्रण पाना होगा, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का मतलब केवल सत्ता पर काबिज होना ही होता है। यदि लारेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टर चुनाव लड़ते हैं तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। मतलब जिससे देश असुरक्षित महसूस कर रहा है और सुनील जैसे लोग उनके हाथ में जनता की सुरक्षा देने चाहते हैं। जो पार्टी या नेता गलत व सही के बीच फर्क नहीं समझ सकती उसका पंजीकरण रद्द होना चाहिए। जब उनके मंसूबे इस तरह के हैं तो उनसे सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद करना बेमानी होगा। गुणवत्ता पर बात हो, मुद्दों पर बात हो, तथ्यात्मक घटनाओं पर बात हो, हमें इस तरह की पार्टी व नेता की जरूरत है।

हम पहले से ही बाहरी दुश्मनों से परेशान हैं और यदि अपने देश की आंतरिक व्यवस्था भी आतंकवाद से घिर जाएगी तो चुनौती बड़ी हो सकती है। जम्मू- कश्मीर में बीते मात्र 15 दिनों में 19 लोगों की जाने जा चुकी है। इस समय केन्द्र व राज्य सरकार का सारा ध्यान आतंकवाद पर केन्द्रित है। इसके अलावा दिल्ली में गैंगस्टर के नाम से कुछ लोग दहशत फैला रहे हैं। बहुत सारे तो ऐसे लोग हैं जिनका गैंगस्टर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और वह उनके नाम पर उगाही तक भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर व्यापारी वर्ग सहमा हुआ रहता है।

लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ऐसा हो रहा है और निश्चित तौर पर उसको यह नहीं पता होगा कि उसके नाम का कौन-कौन प्रयोग कर रहा है। हमें इस ट्रैक पर चल रहे युवाओं को समझाना होगा कि किसी भी गैंगस्टर या बदमाश के जीवन का कोई अर्थ नहीं होता। वो चाहे कितना भी पैसा और नाम बना ले लेकिन वह अपनी जिंदगी नहीं जी सकता। वह सारी जिंदगी जेल में ही रहता है। युवाओं को यह नहीं मालूम की इस राह में कितने कांटे है और न तो ऐसे लोगों का कोई जीवन होता और न ही घरवाले कभी सुरक्षित रह पाते।

यदि किसी को कॉपी करना है तो ऐसे लोगों को कॉपी करें, जिससे आपका भविष्य बने। अपनी जिंदगी की कीमत समझें चूंकि यह मानव जीवन आसानी से नहीं मिलता। इसका हर पल व क्षण अपने भविष्य बनाने व परिवार का भविष्य संवारने में लगाएं।

गैंगस्टर की जिंदगी में किसी भी प्रकार की खुशी नहीं होती। वह आपसी रंजिश या पुलिस एनकाउंटर में मारे जाते हैं या फिर पकड़े जाने पर पूरी जिंदगी जेल में सड़ते हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टी छोटी हो यहा बड़ी सबको अपना कर्तव्य को याद रखना होगा चूंकि आप सभी समाज को लीड करते हो जिसकी वजह से जैसा आप कहते व प्रस्तुत करते हो वैसे राष्ट्र का निर्माण होता है। किसी भी गलत व्यक्ति के विषय में आप इस तरह की बातें करेंगे तो निश्चित तौर पर समाज में गलत संदेश जाएगा।

# भारत-जर्मनी के मजबूत होते संबंध और अंतर्राष्ट्रीय ताकत बनता भारत

**कमलेश पांडे**

**भारत** दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है।

भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है।

हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है।

पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन

**सामयिक**

क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है।

वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि, 'मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है। इससे एआई (अक) सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। वहीं, रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है।

वहीं, पीएम ने गोपनीय सूचनाओं (क्लासिफाइड इन्फर्मेशन) पर सामने आए समझौतों को बेहद अहम बताया। जबकि साझा लीगल असिस्टेंट ट्रीटी को आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों से निपटने की दिशा में अहम कदम करार दिया। साथ ही कहा कि ग्रीन और सस्टेनेबल ग्रोथ के साझा कमिटमेंट पर दोनों देश लगातार काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप के दूसरे दौर पर सहमति बनाई है। दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी लॉन्च किया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में आमंत्रित करते हुए ठीक ही कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। उन्होंने 'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के 18वें सम्मेलन में कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह 'सही' समय है। जर्मनी ने भारत के कुशल वर्क फोर्स में जो विश्वास जताया है, वह अद्भुत है।

इस यूरोपीय देश ने कुशल भारतीय वर्क फोर्स के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है। मोदी ने आगे यह भी कहा कि, भारत वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बन रहा है। यह आज डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रेकॉर्ड निवेश कर रहा है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र और दुनिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# सर्द मौसम में भाजपाई दिग्गज बढाएंगे चुनावी ताप!

## विपक्ष पर चलेंगे सियासी तीर, फूटेंगे पटाखे

अभय सिंह

**हजारीबाग।** झारखंड में चुनाव करीब है। अन्य दल धीरे-धीरे माहौल बनाने में प्रयासरत हैं तो भाजपा ने पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर ली है। पीएम से लेकर सभी वरिष्ठ नेता मिशन झारखंड में सफलता के लिए नए तेवरों के साथ मैदान में उतरने के लिए कमर कस ली है। मौसम भले ही धीरे धीरे सर्द हो गया है लेकिन भाजपा के नेता अपने उम्मीदवारों के पक्ष में झारखंड का तापमान बढाने को तैयार बैठे हैं। वैसे भी झारखंड के चुनाव प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंतो विश्व शर्मा और कृषि मंत्री शिवराज सिह चौहान ने जब से झारखंड का कमान संभाला है तब से ही यहां के माहौल को गर्म कर रखा है। भाजपा के इन दिग्गज नेताओं ने विपक्ष पर तीखे हमले किए हैं। झामुमो और झामुमों सुप्रिमों हेमंत सोरेन खाश तौर पर इनके निशाने पर रहे हैं। ये नेता जिस तरह से विपक्ष पर हमलावर हैं उससे पार्टी के चुनाव प्रबंधन को समझा जा सकता है। इससे इन नेताओ की लाइन और लेंथ को समझा जा सकता है।




**चुनावी रंग में डूबे अमित यादव:** अमित यादव चुनावी रंग में रंग चुके हैं और भाजपा कैडर का साथ तो उनके साथ है ही। अमित यादव ने अमित शाह के आगमन को लेकर कहा कि कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह है। मैने पांच साल जो क्षेत्र का विकास किया है उससे जनता खुश है। जनता चाहती है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बने और फिर डबल इंजन की सरकार विकास करे। कहा कि विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं है। मेरी जीत होगी और बड़ी मार्जिन से होगी। ज्ञात हो कि अमित शाह की झारखंड में तीन चुनावी सभाएं होंगी। पूर्वी सिंहभूम जिले के धाल भामगढ़, हजारीबाग जिले के बरकट्ठा और चतरा जिले के सिमरिया में आयोजित होंगी। यहीं नहीं झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 नवंबर को झारखंड आएंगे। वह राज्य के गढ़वा और चाईबासा जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भा जपा के कई अन्य नेता और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी चुनाव प्रचार करने झारखंड पहुंचेंगे।भारतीय जनता पार्टी जल्द ही झारखंड चुनाव के लिए अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी कर देगी। इसमें झारखंड के चहुंमुखी विकास के लिए पार्टी अपना व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी। हेमंत विश्व शर्मा और शिवराज सिंह चौहान ने एक काम तो जरूर किया है कि उन्होने जब से झारखंड में इंट्री की है इन दोनों ने भाजपा के कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया है।

### 3 को अमित शाह की बरकट्ठा में चुनावी सभा

अब झारखंड के चुनाव में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले नेता गृह मंत्री अमित शाह की इंट्री होने वाली है। अमित शाह तीन नवंबर को बरकट्ठा में बीजेपी प्रत्याशी अमित कुमार यादव के पक्ष में चुनावी सभा करेंगे। अमित शाह के आगमन से पहले बरकट्ठा का माहौल बदला बदला नजर आ रहा है। कार्यकताओं में जोश है। इसे लेकर बरकट्ठा विधायक और बीजेपी प्रत्याशी अमित कुमार यादव काफी उत्साहित नजर आ रहे है। हो भी क्यों ना। अमित शाह का दिया गया गुरूमंत्र चुनाव में उनके काम जरूर आएगा। तीन नवंबर को अमित शाह की चुनावी सभा गैडा हाईस्कूल मैदान में होगी। इसको लेकर विधायक अमित यादव ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की।

### आक्रामक है हेमंता विश्व सरमा का अंदाज

हेमंता विश्व सरमा की शैली आक्रमक हैं जबकि शिवराज सिंह चौहान सधे हुए हैं। हेमंतो बेबाक बोलते हैं और खुलकर बोलते हैं। उन्होंने झारखंड आते ही कहा थी कि हेमंत सरकार ने पांच साल तक महिलाओं की चिंता नहीं की और जब चुनाव आया तो मंईयां योजना लाकर उन्हें झांसा देने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में पांच एकड़ तक जमीन वाले किसानों को हर साल पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता देती थी। इस सरकार ने उसे भी बंद कर दिया। ऐसी जनविरोधी सरकार को इस बार जनता सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। इससे इनकी तैयारी की पता चलता है। झारखंड का चुनावी मौसम बता रहा है कि अब दिनों-दिन यह राजनीतिक ताप बढ़ता जाएगा। चुनाव घोषित होने से पहले परिवर्तन यात्रा के माध्यम से प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में दस्तक देने वाली भाजपा अब अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए नए सिरे से अभीयान की शुरूआत करेगी जो 3 नवंबर से शुरू होगा।

## स्पीड न्यूज

### बूथ स्थानांतरण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवेदन



कुजू। रामगढ़ उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार को बूथ स्थानांतरण को लेकर छोटकी डुंडी बूथ संख्या 346,348 के ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि पंचायत में चार बूथ और 3300 के लगभग में मतदाता हैं, जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़की डुंडी में एक ही जगह मतदान करते हैं। ऐसे में भीड़ अधिक हो जाने की वजह से मतदाता मतदान करने में अपने को असहज महसूस करते हैं। जिसके लेकर ग्रामीणों ने उक्त दोनों बूथों को बड़की डुंडी मध्य विद्यालय से हटाकर कपरफुटवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय करने की मांग की है। अन्यथा ऐसा नहीं होने पर वोट बहिष्कार करने की बात कही है। साथ ही ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि पहले भी 2009 के चुनाव में कपरफुटवा के सरकारी विद्यालय को मतदान केंद बनाया गया है। आवेदन देने वालों में बालेश्वर कुमार महतो, शीतल महतो,रामेश्वर महतो, धर्मेंद्र महतो, प्रभु दयाल महतो, बिहारी महतो समेत अन्य लोग शामिल हैं।

### आरएसएस ने ज्यादा मतदान करने के लिए वोटरो से किया आग्रह

**दारु।** आरएसएस राष्ट्रीय स्वयं सेवक के पदाधिकारियों ने दारु प्रखंड के पेटो मे विधानसभा चुनाव मे ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर जागरूक किया। संघ के तरफ से आये बैठक मे मौजूद सदस्यों ने एक पत्रक जारी कर कहा कि हेमंत सरकार हिन्दु विरोधी सरकार है। इस सरकार के कार्यकाल मे हिन्दुओ का अवैध धर्मांतरण, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाना, शिक्षा का मजहबीकरण, भ्रस्टाचार आदि को बढ़ावा मिला है। हेमंत सरकार को इस बार उखाड़ फैंकना है इसलिए आप सभी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। इस मौके पर बासुदेव प्रसाद, ताराकांत शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबू, इंद्रदेव प्रसाद कुशवाहा, बसंत नारायण राणा, नरेश प्रसाद, प्रकाश कुमार, नागेश्वर महतो, योगेंद्र प्रसाद, रौशन सिन्हा राजन सिन्हा आदि मौजूद थे।

### बंगाली टोला में मां काली की हुई पूजा

**रामगढ़।** शहर के बंगाली टोला स्थित प्राचीन काली मंदिर में माता काली की प्रतिमा स्थापित कर विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए माता काली से खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां लगभग 100 वर्षों से माता काली की पूजा अर्चना हो रही है। बताया कि अमावस्या की रात माता की पूजा होती है जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार काली पूजा की पाली राणा गोस्वामी के परिवार से मुख्य पुजारी भ्रमण कुमार गोस्वामी उर्फ तरुण तंत्र धारक महीतोश चौटर्जी, संतोष चक्रवर्ती, बप्पा बनर्जी द्वारा पूजन किया गया। पूजन में ऋषिकेश सिंह, जादू सिंह, विवेक गोस्वामी, अविनाश सिंह, रुपेश गोस्वामी सहित स्थानीय लोगों ने सहयोग किया।

### पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध की छापेमारी

**गोला( रामगढ़ )।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के आदेशानुसार शुक्रवार दोपहर में बरलंगा पुलिस के द्वारा दो अलग अलग स्थानों पर अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी के द्वारा लगभग 350 किग्रा अवैध जावा महुआ को नष्ट किया गया। इसकी जानकारी बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निदेशानुसार अवैध शराब कारोबारियों पर दबिश बनाई जा रही है।

### भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने किया कटकमसांडी पूर्वी मंडल का तूफानी जनसंपर्क

# मोदी का गारंटी है, विकास निरंतर चलते रहेगा दोनो भाई मिलकर सवारेंगे : मनीष जयसवाल

## क्षेत्र का विकास व उत्थान के लिए हैं सतत प्रयत्नशील : प्रदीप प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधान सभा सी से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने प्रखंड कटकमसांडी के दस पंचायतों के अन्तर्गत 21गांवों का तुफानी जनसंपर्क के तहत आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। सासंद मनीष जयसवाल ने अशीर्वाद यात्रा मे कहा कि मोदी जी का गारंटी है, विकास निरंतर चलते रहेगा, दोनो भाई मिलकर क्षेत्र को सवारेंगे। उन्होनें कहा कि भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जनसेवा और क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्यों में निरंतर जुटे हुए रहते हैं। इस बार फिर से हजारीबाग में कमल खिलानें का अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र का विकास, जनसेवा के साथ आधी आबादी के सम्मान और उत्थान के लिए हैं सतत प्रयत्नशील है।हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के दस पंचायत के अंतर्गत 21 गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरान सासंद मनीष जयसवाल व प्रदीप प्रसाद का कटकमसांडी क्षेत्र वासियों ने ढोल- ताशे और गाजे- बाजे के साथ पारंपरिक अंदाज में थिरकते और गाते-झूमते हुए फूल माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रखंड क्षेत्र के पेलावल, मायापूर, हरिना, पबरा, रोमी, छडवा, हेदलाग, कंचनपूर, धरहरा, खुटरा, बरतुआ, गोविन्दपूर, असधीर, लूपूंग, सुलमी, बेलरगड्डा, नवादा, कंसार, गोदखर, बलियन्द और कृष्णानगर सहित दो दर्जन से अधिक क्षेत्र के अंतर्गत लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए और हर संभव सूख दुख में साथ देने का भरोसा दिए। आज का आशीर्वाद यात्रा के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस बार आपार समर्थन मिल रहा है। लोग इस बार सरकार बदलने के लिए लालियत है।



मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, कटकमसांडी प्रखंड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशीरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, राजेश यादव, पवन गिरी, मुखिया पिंकी राणा, भोला राणा, मनीष ठाकुर, विनोद सिहं, महावीर सिहं, सुमन राय, दीपक मेहता, राकेश सिहं, गोविन्द यादव, विस्तारक प्रदीप मेहता, सहित गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## बरही विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साह का जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। आज उन्होंने चंदवारा क्षेत्र का भ्रमण करके जनसंपर्क किया और जन जन से मिलकर उनकी बातें सुनीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ने कहा कि जनता की आवाज को सुनना और उनके हितों की रक्षा करना मेरा प्राथमिक उद्देश्य है। बरही जनता हर काम में दलाली और भ्रष्टाचार से भी परेशान है। मेरा वादा है कि इसे हम कुछ ही दिनों समूल खत्म कर देंगे। बरही विधानसभा में साफ सुथरे विकास की एक नई इबारत लिखी जाएगी। कांग्रेस प्रत्याशी ने आज चंदवारा क्षेत्र के जामुखाड़ी, उरवां मोड़, मदनगुंडी चौक, जोगी फुटानी चौक, भोंडो, बेंदी समेत करीब दो दर्जन क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता, कार्यकताओं के अतरिक्त आम समर्थक भी सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे।



## अंबा प्रसाद ने पटेलनगर पंचायत में चलाया डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान

**समर्थकों ने क्षेत्रवासियों से अंबा प्रसाद को चुनाव में भारी मतों से जिताने का किया आह्वान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आगामी बड़कागांव विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को अपने इंडिया गठबंधन के दर्जनों समर्थकों के साथ पटेलनगर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान अंबा प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ पटेलनगर पंचायत में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगो से आगाम 13 नवंबर को चुनाव में पंजा छाप पर मतदान करने की अपील की। मौके पर समर्थकों ने भी क्षेत्रवासियों से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान में विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह और राजकिशोर पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, प्रेम विश्वकर्मा, मुकेश राउत, चंदन साव, गुड्डू सिन्हा, रंजीता करमाली, मनोज साव, डब्लू सिंह, कारू राय, राम शरण गिरी सहित इंडिया गठबंधन के दर्जनों लोग शामिल थे।



## इचाक में भाजपा, जेएमएम कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** विधान सभा चुनाव का सफल संचालन एवं कार्यकताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रखंड के मुख्तार टोला एवं धरमू में भाजपा एवं झामुमो के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को खुला। जिसका उद्घाटन समाज सेवी भोला प्रसाद उर्फ रविशंकर, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल ने भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। जबकि जेएमएम कार्यालय का उद्घाटन रंजीत कुमार मेहता, कैलाश मेहता, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, दिनेश मेहता ने फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान मौजूद दलों के कार्यकताओं ने पार्टी प्रत्याशियों के जीत का दावा किया। कार्यालय उद्घाटन के मौके पर भाजपा के वशिष्ठ दास, सुंदर सोनी, शंकर सोनी, ब्रजेश सिंहा, ज्ञानी साव, आशीष सोनी, सुभाष सोनी, प्रकाश राम, निश्चित नारायण सिंह, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष निरंजन मेहता, पप्पू पांडे, महेश साव, वहीं जेएमएम के राम जय मेहता, रामफल मेहता, दिगंबर मेहता, शत्रुघ्न राम, राजू मेहता, गंगेश्वर मेहता, राम प्रवेश सिंह, अशोक राम, राजेश मेहता के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## पुलिस ने अवैध जावा महुआ को किया नष्ट



**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सांडी टोला में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 220 किग्रा जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब- 15,400 रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चेन छिनतई व लूटपाट में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को उन्हें गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कोठार में महतो पेट्रोल पम्प के पास लाहरबारी स्थित अभिषेक कुमार साव, पिता-स्व राजु साव के मकान में कोढ़ा गिरोह के दो सक्रिय सदस्य किराये पर कमरा लेकर रह रहे है और दीपावली के अवसर पर रामगढ़ में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कोढ़ा गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अभिषेक कुमार साव के घर के आस पास छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान पुलिस बल को देख एक व्यक्ति घबरा कर अपने साथी के साथ भागने का प्रयास करने लगा। तभी पुलिस बल द्वारा दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे मूल रूप से बिहार के कोढ़ा (कटिहार) के रहने वाले है तथा कोढ़ा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और ये दोनो विगत एक वर्ष में कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो जिला के कई जगहों पर चैन छिनतई एवं बैंक से पैसा निकासी कर ले जाने वाले व्यक्तियों से रूपयों की छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिये हैं । बताया कि अपने किराये के कमरा में बैठकर दीपावली के अवसर पर रामगढ़ क्षेत्र में छिनतई की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे थे। पकड़ाये दोनों व्यक्तियों से आगे सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे लोग रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा आदि क्षेत्रों में जाकर वहां के बैंकों में घुसकर रूपया निकालने वाले लोगों की रैकी करते थे, जो व्यक्ति/महिला अधिक पैसा निकाल कर जाते थे उसका बैंक से हीं मोटर साईकिल से पीछा करते थे और मौका पाते हीं पैसा सहित झोला/बैग झपट्टा मार लेते तथा अपने पास रखे अलकुस्सी के पाउडर को उसके शरीर पर फेंक देते थे। जिससे उसके शरीर पर गंभीर खुजली होने लगता और वह अपना शरीर खुजलाने में परेशान रहता। जिसके कारण वह न तो हल्ला कर पाता और न हीं पीछा कर पाता था। अभियुक्तों ने बताया कि हमलोग अधिकतर वैसें लोगों को अपना शिकार बनाते है जो महिला, बुढ़े एवं कमजोर किस्म के व्यक्ति रहते हैं। हमलोग मोटर साईकिल बदल-बदल कर घटना को अंजाम देते है हम दोनो कभी हेलमेट लगा कर कभी टोपी पहनकर, कभी मास्क लगाकर तो कभी बिना हेलमेट के। अभियुक्तों ने बताया कि पिछले 08 माह में हमलोग 25-30 घटना को अंजाम दे चुके है। छिना हुआ चैन को हमलोग बिहार में जाकर जगह-जगह पर बेच देते है और छिनतई किया गया रूपया को आपस में बांट लेते है। पकड़ाये दोनों व्यक्तियों के पास से कीपेड मोबाईल, अलकुस्सी पाउडर, चोरी का मोटरसाईकिल, मास्टर चाभी (मोटर साईकिल चोरी करने में प्रयोग किया जाने वाला) बरामद किया गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, पुअनि राजेश मुण्डा, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि अरविन्द कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पुअनि सुमन्त कुमार राय, पुअनि सलीमुद्दीन खान व पुलिस बल के जवान शामिल थे।



## एक नजर में

### सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला का कोयली एवं रसोईयाधमना में दौरा, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**बरही।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने पंचायत बेन्दगी के ग्राम कोयली एवं रसोईयाधमना में एक व्यापक जनसम्पर्क अभियान का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने स्थानीय जनता से मिलकर अपने चुनावी विचार और योजनाएं साझा कीं। इस दौरे में उमाशंकर अकेला का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें समर्थन का आश्वासन भी मिला। इस दौरान उन्होंने क्रम संख्या 04 पर साइकिल निशान पर बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील किया। ग्रामीणों ने अपने बीच सपा प्रत्याशी को देखकर उत्साह और ऊर्जा से भरपूर समर्थन व्यक्त किया और भरोसा जताया कि उनका नेतृत्व क्षेत्र की प्रगति के लिए सकारात्मक बदलाव लाएगा। उमाशंकर अकेला ने अपने संबोधन में गांवों के समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को सुधारने के लिए अपने दृढ़ संकल्प को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा ग्रामीण विकास और समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत रही है। उन्होंने जनता से वादा किया कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से आग्रह किया कि वे साइकिल के प्रतीक को एक आंदोलन के रूप में देखें जो गांवों में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगा। मौके पर जगह जगह कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने दारू प्रखंड में चलाया जनसंपर्क



**दारू।** विधानसभा चुनाव के नामांकन के बाद सभी प्रत्याशियों ने क्षेत्र में अपना जनसंपर्क तेज कर दिए है। दारू प्रखंड क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद एवं कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह की जनसंपर्क के बाद शुक्रवार को दारू क्षेत्र मे निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपने समर्थकों के साथ ताबड़तोड़ जनसंपर्क चलाया। यात्रा की शुरूआत इरगा पूणाडीह से की जहां लोगों ने उन्हें पुष्प माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद बासोबार, भट्ठबीघा, दारू खरिका, दारू चौक, बक्शीडीह, छोटका इरगा, बड़का इरगा, चीरुवा, बड़वार, सुल्तानी, पिपचो, जबरा, दारूडीह गांवों मे अपना दौरा किया सभी स्थानों पर लोगो ने उन्हें स्वागत किया। अजमेरा ने लोगो से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं हजारीबाग क्षेत्र में राजनीति नहीं युवा नीति करने आया हूँ। यह चुनाव मैं नहीं बल्कि प्रत्येक युवा लड़ रही है। हमारे यहां सबसे बड़ा मुद्दा स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी का है। युवा जब-जब कुछ ठाना है बदल कर दिखाया है इस बार क्षेत्र में हमें युवाओं का जन समर्थन काफी अच्छा मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान मौके पर अरुण कुमार, टिंकू कुमार, अनूप कुमार, मनोज रवानी, अनीश सिंह, शैलेश पांडेय, परवीन सिन्हा, सुमित सिन्हा, मिथलेश सिंह, सुरेश दास, प्रमोद पासवान, अनिल यादव, सुरेश यादव, सुरेश राम यादि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### रामचंद्र प्रसाद को मिला जिला परिषद रामप्रसाद का समर्थन



**इचाक।** बरकठा विधानसभा चुनाव में रामचंद्र प्रसाद को एक बड़ी राजनीतिक बढ़त मिली है, जब जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद ने उन्हें अपना समर्थन देने का ऐलान किया। क्षेत्र में उनके समर्थकों का उत्साह चरम पर है। गौरतलब है कि रामप्रसाद का नामांकन रद्द हो जाने से उनके क्षेत्र के लोगों में गहरी निराशा छा गई थी। उनके समर्थक अपने नेता के चुनावी मैदान में शामिल न हो पाने से निराश थे, लेकिन अब रामचंद्र प्रसाद का समर्थन मिलने से उनमें उत्साह लौट आया है। रामप्रसाद ने कहा कि बरकठा के विकास और जनता की सेवा के लिए वे रामचंद्र प्रसाद के साथ खड़े हैं और उनके विजयी होने की कामना करते हैं। रामचंद्र प्रसाद ने भी रामप्रसाद के समर्थन को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समर्थन उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने कहा, रामप्रसाद जी का समर्थन मेरे लिए सम्मान की बात है। हम बरकठा की जनता के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे और उनके सपनों को साकार करेंगे। रामचंद्र प्रसाद को मिल रहे लगातार समर्थन के चलते बरकठा विधानसभा क्षेत्र में उनके पक्ष में माहौल और भी मजबूत होता जा रहा है, जिससे उनके विरोधियों के लिए स्थिति कठिन होती जा रही है। जनता के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है, और इस तरह वे इस चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

### बसरिया में वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दादा की मौत, पोता घायल

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के बसरिया मे दीपावली के दूसरे ही दिन बाइक सवार को वाहन संख्या जेएच 11एच 1619 ने अपने चपेट मे ले लिया जिससे व्यक्तिक की मौत मौके पर ही हो गया। मृतक कि पहचान 68 वर्षीय कुलेश्वर ठाकुर ग्राम नरचा नवादा के रूप मे हुवा। बताया जाता है कि मृतक अपने समधी के घर बेलाही जा रहे थे। इस दौरान बाइक चला रहे युवक मृतक के साढ़ू के पुत्र हैं व साथ में ही उनका पोता भी सवार था। मृतक के अलावे दोनों घायल हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश गाड़ी और शव को अपने कब्जे मे लेकर थाना लाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया गया और मामला दर्ज किया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना पाकर तुरंत पहुचे विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगो को समझा बुझा कर भीड़ को शांत करवाया और हर समय मदद का भरोसा दिया। बताते चलें कि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार बेलाही जा रहे थे जो सामने से ईंट लदा ट्रक के चपेट में आ गया। घटना के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना की वास्तविकता सामने आ रही है।

### सड़क पर आवारा पशुओं से परेशान यात्री, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**बरही।** प्रखंड के कई चौक-चौराहों और सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा यात्रियों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ये पशु अक्सर सड़क पर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं और दर्द से तड़पते रहते हैं, जबकि आसपास के लोग मूक दर्शक बने रहते हैं। गायों पर राजनीति तो खूब होती है, लेकिन सच्चाई यह है कि कई पशु मालिक अपने पशुओं को खुलेआम सड़क पर छोड़ देते हैं, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित होता है और वाहनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यात्रियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आवारा पशुओं की समस्या को देखते हुए पशु मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें चेतावनी दी जानी चाहिए। इससे न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि आवारा पशुओं को भी सुरक्षा मिल सकेगी।

### झुंड से बिछुड़ा हाथी हुआ बीमार, विभाग ने इलाज के लिए लिया अपने कब्जे में

**बड़कागांव।** बड़कागांव के आँगो पंचायत के सुदूरव्रती क्षेत्र के उरेज गांव में झुंड से बिछुड़ा एक हाथी बीमार हो गया था।यह देखकर ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दिया गया कि पिछले कई दिनों से हाथी बीमार हैं। वन विभाग द्वारा डॉक्टरों की टीम बुलाकर इलाज कराया गया। बताया कि हाथी के अगला दाहिना पैर में सूजन हैं जिससे वह चलने में असमर्थ हो गया।

# कुंदा प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मरीज परेशान

## मरीज को डॉक्टर नहीं मिलने पर घंटो चला हाई वोटेज ड्रामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था जिला प्रशासन के आदेशों की अवहेलना कर रही है और स्वास्थ्यकर्मी अपनी सुविधा के अनुसार काम कर रहे हैं। गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा में एक मरीज को डॉक्टर नहीं मिलने और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के गायब होने पर उनके परिजनों ने हंगामा किया। इस मामले की जानकारी मिलने पर मुखिया मनोज कुमार साहू केंद्र पहुंचे और व्यवस्था देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रसव केंद्र



में उपस्थित एएनएम प्रियंका कुमारी और आयुष सफाई कर्मी विजय पासवान से अनुपस्थित डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के बारे में जानकारी ली। तत्काल एएनएम द्वारा घायल युवक को उपचार किया गया। मुखिया ने चिकित्सा प्रभारी डॉ कुमार संजीव से फोन पर बातचीत कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने और अनुपस्थित आयुष डॉक्टर, अन्य स्वास्थ्य कर्मियों और एएनएम पर कार्रवाई करने की बात कही है। यदि इनकी आदतों में सुधार नहीं होता है तो वे इस संबंध में उपायुक्त और सीएस को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग करेंगे। प्रखंड क्षेत्र में दो उपस्वास्थ्य केंद्र में लटका रहा ताला : सिकीदाग और मेदवाडीह के उपस्वास्थ्य केंद्रों में ताले लटके हुए पाए गए और दोनों केंद्रों की एएनएम और सह प्रभारी सीएचओ नीतू कुमारी और पुष्पा कुमारी गायब थीं, जिससे मरीज बिना इलाज कराए ही वापस लौट रहे थे। जब एएनएम से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने दीपावली पर्व के कारण छुट्टी पर होने की बात बताई।

**महिना में पांच दिन केंद्र पहुँचते है आयूष डॉक्टर :** पीएचसी केंद्र में डॉक्टर की कमी है और डॉक्टर बीरेंद्र कुमार, जो कि एक आयुष डॉक्टर हैं, सप्ताह में केवल एक दिन और महीने में पांच दिन केंद्र में उपस्थित रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर साहब कब आते हैं और कब जाते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि डॉक्टर साहब पलामू जिला स्थित पांकी में अपना निजी क्लिनिक चलाने में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू के द्वारा हमें अवगत कराया गया है जांच का विषय है जांच किया जाएगा।

# झारखंड में डबल इंजन की सरकार करेगी विकास का कार्य : डॉ. हेमंता विश्व सरमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि झारखंड कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और डबल इंजन की सरकार आने के बाद झारखंड का विकास बहुत तेजी से होगा। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। झारखंड में वर्तमान सरकार खाली झोला बांटने का कार्य करती है। मगर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार झोला भरने का कार्य कर रही है। नरेंद्र मोदी ने जो विकास की गाथा लिखी है वह भुलाई नहीं जा सकती। दीपावली पर देशवासियों को उन्होंने जो तोहफा दिया है वह अपने आप में अद्वितीय है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही महिलाओं को 2100 महीना गोगो योजना के तहत दी जाएगी। वहीं उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा की वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन एक दूसरे



की बढ़ाई कर रहे हैं, यह एक फिल्म की तरह बना हुआ है। उनके द्वारा राज्य में महिलाओं को मंईयां योजना के तहत 1000 उपलब्ध कराया जा रहा है, जो एक माह के बाद खाते में नहीं पहुंचा है और इसी प्रकार वृद्धा पेंशन दो-तीन माह से बंद है और बहू और सास में विवाद हो जा रहा है।

ऐसे में राज्य में युवाओं को रोजगार स्वास्थ्य उद्योग जैसे मामले में डबल इंजन की सरकार राज्य में नई ऊर्जा का संचार करेंगी। वहीं उन्होंने मतदाताओं से 13 नवंबर को कमल फूल एक नंबर पर बटन दबाकर कोडरमा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। वहीं सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड का गठन भाजपा की सरकार के द्वारा किया गया। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में 2000 में नई विकास की गाथा लिखी गई और कई विकास कार्य किए गए। वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा प्रत्याशी डॉ.नीरा यादव को तीसरी बार हैट्रिक लगाकर उन्हें फिर से आशीर्वाद दें। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा की आज से 10 वर्ष पूर्व जब राज्य के शिक्षा मंत्री थी, रघुवर सरकार के कार्यकाल में कोडरमा में शिक्षा के क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई। जिसमें महिला डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, करमा मेडिकल कॉलेज एवं पीजी कि पढ़ाई भी शुरू की गई। ऐसे में आपका आशीर्वाद अपेक्षित है और इस बार अपने भरपूर सहयोग दें। मैं आपके साथ सुख-दुख में हमेशा खड़ी हूं और खड़ी रहूंगी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन विजय यादव ने किया। वहीं महेंद्र यादव, विशाल भदानी ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर शिवेंद्र नारायण सिन्हा, अंबिका सिंह, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, गोपाल कुमार गुतुल, अरशद खान, रमेश हर्षधर, मानिकचंद सेठ, सुनील यादव, विरेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर जोशी, मुकेश कुमार, सुरेंद्र यादव, महेश वर्मा, शशि भूषण प्रसाद, हरि पंडित, वासुदेव यादव, कैलाश यादव, वीरेंद्र मेहता, शंभू सिंह, प्रभाकर लाल रावत, देवनारायण मोदी, राजेश सिंह, प्रियांशु कुमार, श्रेयांश जोशी, प्रो. राजेश सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, विकास कुमार, धीरज जोशी, पारिजात सिंह आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घरों में दीपजला कर मतदाताओं को नैतिक मतदान का दिया गया सन्देश

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर दीपावली के मौके पर स्वीप कार्यक्रम के तहत दीपोत्सव सह मतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत लोगों ने अपने घरों में दीप जलाकर 13 नवम्बर को वोट करेगा कोडरमा का सन्देश दिया। इलेक्शन एडवेंचर स्पोर्टस फेस्ट का आयोजन 4 को : विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा 4 नवम्बर को चंदवारा प्रखंड स्थित झील रेस्टोरेंट के समीप तिलैया डैम में इलेक्शन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेस्ट 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह एडवेंचर स्पोर्ट्स 4 नवम्बर की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें रिंगो राइड, बनाना राइड, स्पीड बोट, कायकिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस स्पोर्ट्स फेस्ट में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है, विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के उद्देश्य को लेकर इस तरह का कार्यक्रम जिले में पहली बार आयोजित किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा की बैठक सुनीति सेठ की अध्यक्षता में लखिबागी स्थित बसुधंरा गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय महिला प्रभारी डॉ.पदमा विपन्न, प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी तथा प्रदेश प्रभारी सुचिता सिंह उपस्थित हुई। वहीं डॉ. पदमा विपन्न ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार निकम्मी एवं भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार है, इसे झारखंड से उखाड़ फेंकना है और भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनानी है। भाजपा प्रत्याशी डॉ.नीरा यादव को रिकॉर्ड मतों से जीताकर भेजें। वहीं प्रदेश मंत्री विनीता ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो सबसे पहले गोगो दीदी योजना आएगी और सभी महिलाओं को 2100 दिया जाएगा। गैस सिलेंडर 500 में और 1 साल में दो सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा।

### मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने राजद के लिए मांगा वोट

**कोडरमा।** राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में शुक्रवार को मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बिहार के मखदुमपुर के चर्चित विधायक सतीश दास ने राजद के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगा। वहीं उन्होंने विधानसभा के जनता मालिकों से संविधान बचाने और लालू प्रसाद यादव की सींची गयी जमीन कोडरमा में मौकापरस्त और जाति-धर्म के नाम पर बांटने वालों के खिलाफ वोट करने की अपील की।

### विरोधी पार्टियों का मंसूबा नही होगा सफल : आयुषी

**कोडरमा।** 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबन्धन समर्थित राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में गुरुवार को विभिन्न जगहों पर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। वहीं प्रत्याशी के पक्ष में उनकी धर्मपत्नी ललिता देवी, बेटी आयुषी और पुत्र नीतीश यादव ने जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### जनता ही मेरी स्टार प्रचारक : शालिनी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिले में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए झुमरी तिलैया के कई प्रमुख क्षेत्रों का दौरा किया। जिसमे असनाबाद, इंदरवा बस्ती, आजाद मुहल्ला, तिलैया बस्ती, गीता क्लिनीक, नरेश नगर, फुटानी चौक, बिशुनपुर, दुर्गा मण्डप, कोरियाडीह, डोईयाडीह, माइका नेट, गुमो समेत अन्य इलाकों का दौरा करते हुए लोगों से अलमारी छाप पर वोट देने की अपील की।

### ईवीएम विविपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षक माल सिंह भयडिया और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की मौजूद्गी में ईवीएम विविपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन के पूर्व उपायुक्त ने प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रकिया की जानकारी दी। इस दौरान कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के 429 मतदान केंद्रों के लिए 514 बैलेट यूनिट और 514 कंट्रोल यूनिट तथा 561 विविपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया।

### मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए जागरूक करने को लेकर बीएलओ के माध्यम से मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है, जिसमे मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम खोजने, निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी के लिए हेल्पलाइन 1950 पर कॉल करने, पोस्ट बैलेट, सी विजिल एप्प आदि की जानकारी दिया गया।

## उपायुक्त ने एफएसटी और एसएसटी के साथ बैठक कर, दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये एफएसटी और एसएसटी के साथ बैठक कर, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने एफएसटी और एसएसटी के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को उनके कार्यो, दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी विस्तृत रूप से देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाना हमारी प्राथमिकता है, ऐसे में आपलोग अपने अपने टीम के साथ अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वहन गम्भीरता पूर्वक करें, अवैध शराब के खिलाफ नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, बॉर्डर एरिया में बनाये गए चेकपोस्टों पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी हर छोटे बड़े वाहनों को सघनता से जांच करें, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का मामला संज्ञान में आते ही अविलंब कार्रवाई करें।

# मड़ुआटांड़ में गोवर्धन पूजा आज

## पूजा को लेकर तैयारियां पूरी

**बिहार के कलाकार निशा दुबे व नरमुंड स्वामी देंगे प्रस्तुति**



## बिहार के कलाकार निशा दुबे व नरमुंड स्वामी देंगे प्रस्तुति

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व गोवर्धन पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला स्तर पर मुख्य रूप से गौशाला रोड मड़ुआटांड़ गोवर्धन मैदान में आयोजन को लेकर तैयारी की गई है। वहीं गोवर्धन सेवा संघ द्वारा यहां पिछले 30 वर्षों से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यहां विधि-विधान से पूजा के उपरांत संध्या में बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता एवं जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जहां बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं गोवर्धन सेवा संघ के अध्यक्ष महावीर यादव ने बताया कि 2 नवंबर को आयोजन को लेकर करीब 500 लोगों को बैठने के लिए पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। संध्या में आयोजित डांस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संघ के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा।

संघ के सचिव रोहित यादव ने कहा कि दो नवंबर को गोवर्धन पूजा के दिन सुबह 10:30 बजे पूजा शुरू होगी। इस दौरान श्री कृष्ण भगवान की पूजा, गौ माता की पूजा, गोवर्धन पहाड़ की परिक्रमा, ध्वजारोहण समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि संध्या में आयोजित जागरण कार्यक्रम में बिहार के चर्चित भोजपुरी गायिका निशा दुबे और कलाकार नरमुंड स्वामी के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की सफलता में संघ के सह सचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष सुभाष यादव समेत संघ के पदाधिकारी व सदस्य लगे हुए हैं।

**खबर का असर**

# बिहिया गांव में पहली बार पहुंचेगी बिजली

## ग्रामीणों में हर्ष पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त

विकास कुमार यादव

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के डाहा पंचायत के बिहिया गांव तरीपर टोला में आजादी के 76 वर्ष बीतने के बाद भी बिजली नहीं पहुंची थी। जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी के साथ इस बार विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर वोट बहिष्कार नारे के साथ 10 दिनों का अल्टीमेटम भी दिया था। इधर यह खबर मंत्र अखबार के द्वारा खबर को प्रमुखता से उठाई गई थी। खबर प्रकाशित हुए महज सात दिन हुआ और चतरा उपायुक्त ने मामला को संज्ञान में लेते हुए जिला बिजली विभाग पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जांच किया जाए। इधर मामला को संज्ञान में लेते हुवे बिजली विभाग पदाधिकारी जेई प्रेम दास बिहिया के तरीपर टोला पहुंचे और ग्रामीणों से वातार्लाप किए वातार्लाप के दौरान ग्रामीणों को लेजर पॉवर एजेंसी जेई के द्वारा सर्वे करते हुए आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द बिजली दिया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने अखबार के साथ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त



करते हुए मतदान करने का निर्णय लिया है।

वही कुछ ग्रामीणों ने कहा कि पहले पोल या तार गिरा दिया जाए जिससे हमलोगों को विश्वास हो सके। मौके पर बिजली विभाग जेईई प्रेम दास, पंचायती राज विभाग पदाधिकारी युगेश शर्मा, मोहम्मत सदाम, चन्दन विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, पिंटू यादव, मुखिया प्रतिनिधि विकास यादव, तारा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### दीपोत्सव के साथ मतोत्सव मनाकर 13 नवंबर को वोट करेगा कोडरमा

**कोडरमा।** स्वीप कार्यक्रम के निमित दिपावली के शुभ अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को दीपोत्सव सह मतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदाता अपने अपने घरों में दीपोत्सव के साथ मतोत्सव मनाया। जिसमें शहरी से लेकर ग्रामीण पुरुष व महिला मतदाताओं ने अपने घरों में दीप जलाकर 13 नवंबर को वोट करेगा कोडरमा का संदेश दिया। मतदाताओं ने स्वयं मतदान करने और दूसरों को भी नैतिक मतदान करने का संकल्प दिलाया और लोगों को जागरूक किया।

## एक नजर में

### भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने धनड्डा पंचायत से अभियान की शुरूआत की और धनगड्डा रक्शी, बीरबीर, बेलवारी, पदमपुर पंचायत के बुकरू, लेम्बुआ, काशीयाडीह पदमपुर, बरवाडीह, तसरचेपा बैदबीघा, रोल, जामुनिया टांड, हेसातु, मिश्रौल पंचायत के करममोड़, कढ़नी, फुलवरिया, मारंगलोईया सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से भेंट की और मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है और लोग भाजपा प्रत्याशी को जीताकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में काफी उत्साहित हैं। इस मौके पर ईश्वर दयाल पाण्डेय, प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, विजय चौबे, प्रो. नंद किशोर सुलभ, गोविंद तिवारी, अरविंद कुमार सिंह, सुनील चौरसिया, गणेश प्रसाद साहू, महेन्द्र यादव, बबलू गुप्ता, गणेश गुप्ता, प्रयाग राम, गजेन्द्र कुमार, उदय पांडेय, गणेश पासवान, हेमराज साहू, सुरेश यादव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंत्री सत्यानन्द भोगता ने चलाया जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने शुक्रवार को चतरा विधानसभा क्षेत्र के कान्हाचट्टी प्रखंड के दर्जनों गाँवों में महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने रश्मि प्रकाश को भारी मतों से विजयी बनाने और युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मजबूती प्रदान करने की अपील की। मंत्री ने कान्हाचट्टी बाजार में राजद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया और कन्द्री, केंदुवा सहोर, गड़िया, अमकुदर, बनियाबान्ध, पथेल सहित लगभग चार दर्जन गांवों का भ्रमण किया। राजद उम्मीदवार रश्मि प्रकाश ने लोगों से अपने पक्ष में वोट की अपील की और ग्रामीणों ने जगह-जगह ढोल-बाजे के साथ उनका स्वागत किया। इस अपार भीड़ ने राजद को नई ऊर्जा प्रदान की है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के ढेबो गांव में शुक्रवार को बीएलओ ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। बीएलओ मीणा देवी ने मतदाताओं से आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए 13 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने मतदाताओं को बताया कि मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य है और यह देश की सेवा करने का एक तरीका है। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदान करना चाहिए क्योंकि हर वोट से सशक्त सरकार का निर्माण होता है और लोकतंत्र मजबूत होता है। ग्रामीण महिलाओं ने ₹पहले मतदान, फिर जलपान, वोट देने जाना है अपना फर्ज निभाना है₹ का नारा लगाते हुए शपथ ली कि वे सब कार्य छोड़कर पहले मतदान करेंगी। इस अवसर पर बीएलओ मीणा देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

### शहर के सभी छठ घाटों की सफाई अभियान जोरों पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** दीपावली बीत जाने के बाद छठ पर्व को लेकर सभी अर्घ्य घाटों की सफाई अभियान जोरों पर है। इस बारे में नगर परिषद् कार्यपालक पदाधिकारी अंकित कुमार गुप्ता ने कहा कि आज से सभी अर्घ्य घाटों को फाइनल टच दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के सभी 16 छठ घाटों की सफाई की जा चुकी है। किंतु लक्ष्मी और काली पूजा के बाद लोग मूर्तियों के अलावा पूजन सामग्रियों को जलाशय में विसर्जित करते हैं, जिससे गंद्गी फिर से फैल जाती है। मूर्ति विसर्जन के बाद एक बार फिर से सभी छठ घाटों को फाइनल टच दिया जाएगा और ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव किया जाएगा, ताकि व्रतियों को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि घाट के रास्ते में जहां जमीन उबड़-खाबड़ है या रास्ते खराब हैं, वहां मोरम गिराया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वहीं उन्होंने इस कार्य में शहर के लोगों से भी सहयोग करने की अपील की।

# सरयू जीते तो मानगो फ्लाई ओवर का काम रुकवा देंगे: विजय खां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यह विधानसभा चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। झारखंड की संस्कृति, अस्मिता और झारखंडियों के सम्मान को बचाने की लड़ाई है। यह लड़ाई झारखंड के विकास के लिए है। यह लड़ाई धर्म और जात पात के नाम पर लोगों को लड़ाने वालों के विरुद्ध है। उक्त बातें शुक्रवार को जमशेदपुर पश्चिम के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के चुनावी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय खां ने कही। उन्होंने कहा कि शहर की जनता अच्छी तरह से जानती है कि पिछले 5 वर्षों में बन्ना गुप्ता ने विकास के कई कार्य किए है। यह सर्वविदित है कि इस पांच साल की अवधि में उन्होंने पचास हजार से अधिक लोगों को वृद्धावस्था पेंशन




दिलवाई। साथ ही साथ राशन कार्ड हो या आधार कार्ड बनवाना हो, इस कार्य के लिए उनका कार्यालय निरंतर काम करते रहे। विजय खां ने कहा की सभी जानते हैं कि मानगों में फ्लाईओवर बनवाना, एमजीएम के नए भवन का निर्माण, मानगो में अस्पताल का निर्माण, अंतरराजीय बस अड्डे का निर्माण आदि कई महत्वपूर्ण काम बन्ना गुप्ता ने किया है। विजय खां ने कहा कि एक तरफ बन्ना गुप्ता विकास के नए-नए मापदंड स्थापित करते रहे हैं, तो दूसरी ओर सरयू राय ने नकारात्मक राजनीति करते हुए हमेशा इनमें बाधा उपस्थित करने की कोशिश की है। यदि भूलवश सरयू राय विधायक बन जाते हैं तो वे अपना ईगो सर्टिफाइड करने हेतु सर्वप्रथम मानगो फलाई ओवर का काम बंद करा देंगे। दूसरा वे दोमुहानी, सोनारी में किया गया भव्य निर्माण उजाड़ देंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल किशोर अग्रवाल ने कहा कि भगोड़ा गिरोह के जो लोग लोग हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों को रोकना चाहते हैं। जनता उन्हें इस चुनाव में बाहर का रास्ता दिखा देगी। प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद और विजेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

### बन्ना ने पत्नी संग की पूजा



दिवाली के दिन अपने कदमा आवास पर पत्नी सुधा जी संग लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करते कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता।

# एनडीए की सरकार बनायें, समाधान तत्काल होगा : सरयू

## पदयात्रा पर निकले एनडीए प्रत्याशी, लोगों से की सहयोग की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी श्री सरयू राय ने शुक्रवार को सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत उन्होंने मानगो के शांतिनगर, कृष्णानगर और लक्ष्मणनगर से पदयात्रा प्रारंभ कर की। वह सैकड़ों लोगों से मिले। उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और जरूरी मदद का आश्वसान दियाञ उन्होंने लोगों से कहा कि झारखंड में एनडीए की मजबूत सरकार बनवाइए ताकि आपकी समस्याओं का तत्काल समाधान हो सके। तुलसी भवन में उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के साथ भी बैठक की। उनकी समस्याओं को गौर से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने प्राध्यापकों से सहयोग भी मांगा। बैठक के बाद उन्होंने फिर से पदयात्रा शुरू की और जेल चौक इलाके में सैकड़ों लोगों से मिले। वहां के लोगों ने उनसे अपनी समस्याएं कहीं। एक समस्या पर राय ने वहीं से संबंधित अफसर को फोन लगाया और समाधान के संबंध में जरूरी निर्देश दिये। फिर पदयात्रा मानगो के शंकोसाई में पहुंची। यहां उन्होंने विश्वकर्मा समाज के लोगों से बातचीत की।

उन्होंने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें पूरा करने का वह भरसक प्रयास करेंगे। इसके बाद मानगो के ही भक्तिनगर के एक सामुदायिक भवन में उन्होंने साहू समाज के लोगों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं तथा मांगों को गौर से सुनने के उपरांत पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मानगो के सिटी इन में हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों-पदाधिकारियों संग बैठक की। राय देर शाम बिष्टुपुर के रामदास भट्ठा गुरुद्वारा में आयोजित दीपावली उत्सव में शामिल हुए।



पदयात्रा के दौरान मतदाताओं का अभिवादन करते जद यू सह एनडीए प्रत्याशी सरयू राय।

## स्पीड न्यूज

### अर्पण परिवार ने बागबेड़ा में दिवाली की खुशियां बांटी

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' ने निरंतर दूसरे दिन बागबेड़ा स्थित राजकीय जय हिन्द बालिका मध्य विद्यालय में दीपावली के अवसर पर बच्चों के बीच खुशियां बांटी। इस मौके पर बच्चों को नए कपड़े और पटाखे वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। 'अर्पण' परिवार का मुख्य उद्देश्य बच्चों के जीवन में खुशियों का संचार करना और उन्हें त्योहार की रौनक से जोड़ना। पिछले 9 वर्षों से इस पहल के माध्यम से बच्चों की दीपावली को खास बनाया है।

### गम्हरिया की बेटी प्रशंसा दीवान बनी यूनिवर्सिटी टॉपर

गम्हरिया। गम्हरिया निवासी योगेश दीवान की पुत्री नेताजी सुभाष पब्लिक यूनिवर्सिटी के बीबीए/एलएलबी के तृतीय वर्ष की छात्रा प्रशंसा दीवान ने विश्वविद्यालय टॉपर बन कर जिले का नाम रौशन किया है। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उसकी इस सफलता पर उसके माता-पिता समेत परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रशंसा ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। फिलहाल वह रांची हाईकोर्ट में इंटर्नशिप कर सरायकेला सिविल न्यायालय के वरीय अधिवक्ता केपी दुबे के पास वकालत की बारीकियां सीख रही है।

### संजय झा, श्रवण और ललन सिंह आज करेंगे सरयू के पक्ष में प्रचार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा में चुनाव प्रचार अब जोर पकड़ने लगा है। खास कर एनडीए प्रत्याशी सरयू राय के पक्ष में अब केंद्रीय और बिहार सरकार के मंत्रियों का दौरा प्रारंभ हो गया है। शनिवार, दो नवंबर को जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्र सरकार में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, प्रदेश जदयू अध्यक्ष खीरू महतो शनिवार को जमशेदपुर आ रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सी-विजिल ऐप या कंट्रोल रुम में शिकायत करें आम नागरिक : उपायुक्त

# चुनाव प्रचार के दौरान धर्म, नस्ल और जाति पर टिप्पणी करने वालों की खैर नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान किसी भी राजीनितिक दल, प्रत्याशी या उनके समर्थकों द्वारा आपसी शत्रुता या घृणा उत्पन्न करने वाले वाक्य/शब्द या सोशल मीडिया कंटेट जिसमें फोटो/वीडियो के माध्यम से आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने की स्थिति उत्पन्न की जाती है तो संबंधित के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

कोई भी व्यक्ति जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनाव के संबंध में भारत के नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर शत्रुता या घृणा की भावनाओं को बढ़ावा देता है या बढ़ावा देने का प्रयास करता है, उसे कारावास की सजा दी जाएगी।

जिसकी अवधि तीन वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है, या जुमार्ना, या दोनों से दंडित किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान हेट स्पीच, फेक न्यूज, वर्ग एवं सांप्रदाय के बीच उन्माद को प्रोरित करते फोटो/ वीडियो प्रसारित किए जाने पर 247 नजर रखी जा रही है। उन्होने सभी नागिरकों से अपील करते हुए कहा कि ऐसा कुछ आपके संज्ञान में आता है जिससे यह प्रतीत हो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है तो सी-वीजिल एप पर फोटो/ वीडियो अपलोड करें, सूचनादाता का नाम गोपनीय रखते हुए संबंधित के विरूद्ध जांचोपरांत 100 मिनट के अंदर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट/ कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है।

बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शकियतें की जा सकती हैं।




जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल।

### इन नंबरों पर करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 0657- 2440111, 2221717, 2221718 में भी कर सकते हैं या सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का संपर्क नंबर 9065166481(व्हाट्सएप नंबर) पर भी फोटो/ वीडियो भेजते हुए शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।

## जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र : क्यों दो ही प्रत्याशी बार-बार, अब मिले हमें मौका : विकास सिंह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के बागी एवं निर्दलीय प्रत्याशी विकास सिंह अपने चुनाव चिन्ह बाल्टी लेकर डोर-टू-डोर जन संपर्क कर रहे हैं। उनका कहना है कि जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र मांगे बदलाव ,क्यों दो ही प्रत्याशी बार-बार।

इस लिए अब मुझे जनता चुनाव में विधायक चुने क्योंकि मैं 24 घंटे सातों दिन जनता की सेवा में उपलब्ध रहता हूं। उन्होंने कहा कि बाल्टी छाप ही क्षेत्र में परिवर्तन ला सकती है।

## पूर्व मुखिया दंपत्ति ने मीरा मुंडा के पक्ष में झोंकी ताकत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका।** पूर्व मुखिया दंपत्ति ने भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के पक्ष में ग्रामीणों की बैठक कर समर्थन करने की अपील किया। बैठक पोटका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्वालकाटा पंचायत के बहरा गुटू में हुई। बैठक में पंचायत के कई ग्राम के लोग उपस्थित थे। पूर्व मुखिया दंपत्ति होपना महाली तथा चांदमनी महाली विशेष रूप से उपस्थित थे। विभिन्न ग्रामों के उपस्थित ग्राम प्रधान धीरेन पुराण, क्रिस्टो नायक, सार्थक सरदार, देव व्रत पुराण, हेमंतो भूमिज, त्रिलोचन पटबंदा, मुची नायक, समाई हेंब्रम, राधा रानी पत्रा, राम हेंब्रम को होपना महाली ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर होपना महाली ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के एक साधारण महिला को भाजपा ने ही राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के पद पर सुशोभित करने का मौका दिया। यह हमारे लिए गौरव की बात है। भाजपा का सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में गो गो दीदी योजना को स्वीकृत कर सभी महिलाओं को 2500/ रुपया प्रति माह पेंशन लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केकेंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों को निः शुल्क अनाज आवंटित किया गया। परंतु राज्य सरकार उस अनाज को कालाबाजारी करवा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में परिवर्तन की लहर है। पोटका के मतदाता वर्तमान विधायक को नकार दिए है। विकास के नाम पर पोटका में लुट मचा हुआ है। इसलिए आने वाले 13 तारीख को भाजपा के समर्थन में अपने मत का प्रयोग करे।



## एक नजर में

### जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र : झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी के समर्थन में उतरी महिलाएं



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के जनता झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी के समर्थन में अब एकजुट होने लगे है। शुक्रवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो महिलाओं ने मंगल कालिंदी से मुलाकात कर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। वही जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र से महागठबंधन दल के झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी ने क्षेत्र में महिलाओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने बेटा व भाई को पुनः जीता कर विधान सभा भेजने की अपील की। उन्होंने कहा बीते पांच साल क्षेत्र में विकास के लिए लगातार काम कर रहे। आगे भी करते रहेंगे। मौके पर मंगल कालिंदी ने जुगसलाई परसुडीह राहरगोड़ा बारीगोड़ा व अन्य अभी क्षेत्र के महिलाओं को संभव सहयोग करने की अपील की।

### पूर्णिमा साहू ने ईस्ट प्लांट बस्ती का किया दौरा



**जमशेदपुर।** बर्मा माइन्स मंडल के ईस्ट प्लांट बस्ती में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी के साथ पदयात्रा की इस पदयात्रा के क्रम में विभिन्न महिलाओं युवाओं एवं बुजुर्गों से मिली और लोगों से उन्हें वोट करने की अपील की और कहां कि मुझे आशीर्वाद दीजिए, मैं आप की समस्याओं का समाधान करूंगी लोगों ने भी पूर्णिमा साहू को समर्थन करने और आशीर्वाद देने की बात कही इस पद यात्रा में मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह विपिन सिंह रामदुलारी लक्ष्मी यादव मधु तांती सूरज सिंह राजेश सिंह पप्पू संतोष ठाकुर राजेश सिंह सतबीर सिंह सोमू सुरेंद्र मिश्रा पिंटू पांडे मनोज श्रीवास्तव सौरभ श्रीवास्तव मिंटू मिश्रा सोनू गुप्ता लक्ष्मी यादव महेंद्र रजक चिंटू सिंह चंदन आदि लोग थे।

### सोहराय पर्व के दूसरे दिन गोट बोंगो का आयोजन



जमशेदपुर। आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व सोहराय पर्व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सोहराय पर्व के दुसरे दिन गोट बोंगा का आयोजन किया गया जिसमें सदियों से गांव के नायके बाबा द्वारा इष्ट देवताओं के सामने बलि चढ़ाने की प्रथा हैं। सामुहिक रुप से गांव के लोग अपनी क्षमता और अपनी रीति रिवाजों के अनुसार बलि चढ़ाते हैं। फिर इसका सोड़े बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता हैं। इसमें गाँव के सभी पुरुष और बच्चे अपनी अपनी पारंपरिक परिधान (फुटा काचा) पहनकर गोट बोंगा में शामिल होते हैं। गोट बोंगा में सारजमदा निदिरटोला के मारांग माझी निमाई बास्के, टोला माझी सुरेश हांसदा, टोला माझी हाजु हेम्ब्रम, टोला माझी मनोज हांसदा, भुगलू सोरेन, मंगल बेसरा, राजेश मार्डी, बिरम हेम्ब्रम, सुखलाल, पोटरा टुडू, भीम मार्डी, जयराम हांसदा, गोपाल किस्कू, रंजीत हांसदा, कृष्णा बेसरा, राजा पूर्ती, सिद्धेश्वर हेम्ब्रम, गोपाल सोरेन, बीरसिंह सोरेन, रामदास टुडू, अमित मार्डी, कृति किस्कू, गुलशन टुडू, विश्वनाथ हांसदा समेत गाँव के कई पुरुष और बच्चे शामिल रहें। शाम को बोंगा संपन्न होने के बाद सभी अपने अपने घरों में भी अपने बड़े बुजुर्गों को याद करते हुए हड़िया का पूजा करते हैं। इसके बाद गाय और बैलों के सिंगों में तेल लगाया जाता है और उनको दुल्हन की तरह सजाया जाता हैं। वहीं गांव की महिलाएं सूप में दिया जलाकर गाय और बैलों का चुमावन करते हुए मधुर अंदाज में सोहराय गीत गाती हैं। इसमें महिलाएं भी अपनी पारंपरिक परिधान फुटा साड़ी में शामिल होती हैं।

## शहीद सैनिकों के परिजनों से मिल कर सैनिक सेवा परिषद के नेताओं ने दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** दीपावली की खुशियां बांटने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के प्रतिनिधिगन अपने-अपने क्षेत्र में मौजूद वीर शहीद के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे एवं उन्हें दीपोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर शहीद की मां, पत्नी एवं बच्चों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा मिठाई देकर दिवाली की खुशियां बांटी। तत्पश्चात पूर्व सैनिक ने बिष्टुपुर स्थित शहीद मनोज कुमार के घर पहुंचकर उनकी पत्नी सुनिता शर्मा, बच्चों एवं अन्य परिजनों से भी मुलाकात कर अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें दीपावली की शुभकामनायें दी। परिषद द्वारा जगमाया देवी (शहीद किशन दुबे कीताडीह की माता), दुर्गावती देवी (शहीद जितेंद्र कुमार-बागबेड़ा की धर्मपत्नी), नायब सूबेदार नवीन कुमार, (शहीद एवं शौर्य चक्र विजेता मनोरंजन कुमार, बालीगुमा के पिता), शहीद संजय कुमार की पत्नी सीमा देवी, हवलदार राजेन्द्र शर्मा एवम हवलदार राम लखन ठाकुर के घर पहुंचकर दीपावली की खुशियां बांटते हुए उन्हें मिठाई देकर खुशिया मनाई। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धनाथ सिंह, एसके सिंह अवधेश कुमार, कुंदन सिंह वरुण कुमार, मनोज सिंह, संजय सिंह, शैलेश सिंह, बी अन यादव, आरपी ठाकुर मौजूद रहे।



## परिवारवाद और भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं संजीव : भाजयुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**हाता/जमशेदपुर।** शुक्रवार को पोटका विधानसभा में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला मंत्री गणेश सरदार, जिप सदस्य सूरज मंडल, एसटी मोर्चा जिला मंत्री मनोज सरदार, दिनेश कर, पिंटू पुराण, विशाल मुंडा, और अभिषेक आचार्य उपस्थित थे। नीतीश ने कहा कि पोटका के विधायक ने अपने कार्यकाल में केवल अपने साला-बहनोई जैसे रिश्तेदारों को महत्व दिया और चुनाव के समय मदद करने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी की है। विधायक द्वारा मनमाने तरीके से ट्रांसफर और पोस्टिंग करने के आरोप हैं, जो अखबारों में भी प्रकाशित हुए हैं। हरिणा मंदिर और रंकणी मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए जारी करोड़ों रुपये में भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं।




## पूर्णिमा साहू को प्रजापति समाज ने दिया समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बमार्माइंस ईस्टप्लांट बस्ती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को देखा और लोगों को आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान पूर्णिमा साहू ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उनसे भाजपा के पक्ष में समर्थन की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, मधु तांती, सतवीर सिंह सोमू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। अपने दौरे में पूर्णिमा साहू ने सिदगोड़ा में मिथिलांचल समाज, बागुनहातु चौक और भालूबासा इंद्रानगर में आयोजित काली पूजा में सम्मिलित होकर दर्शन-पूजन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया। बागुनहातु में उनके साथ मंडल अध्यक्ष जीवन साहू और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



## डॉ अजय ने कहा-जीता तो सुरक्षित व विकसित जमशेदपुर सुनिश्चित करेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने शुक्रवार को बागुनहातू, कल्याण नगर एवं काशीडीह में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान डॉ अजय का लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर डॉ अजय कुमार ने कहा कि यह लोगों का प्यार है। इस बार का चुनाव जनता लड़ेगी, जनता को तय करना है कि उसे सुरक्षित, विकसित जमशेदपुर चाहिए या ...? यह तय है कि मैंने चुनाव जीता को सुरक्षित और विकसित जमशेदपुर का सपना साकार करुंगा। डॉ अजय ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराना है। आज स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार लोगों की बड़ी समस्या है। मुझे पूरा विश्वास है कि जमशेदपुर पूर्वी की जनता का पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा।



## निर्दलीय जीतेंगे, जमशेदपुर पूर्वी फिर दोहरायेगा इतिहास : शिवशंकर सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** दीपावली और काली पूजा के संपन्न होते ही विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों और उनके समर्थक का चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार व समाजसेवी शिवशंकर सिंह ने शुक्रवार को बागुनहातु, बारीडीह, बिरसानगर जोन 3 व जोन 4 के अलावा भुइंयाडीह कल्याणनगर, भालूबासा समेत कई क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान, पदयात्रा की और लोगों से अपने पक्ष में 13 नवंबर को चुनाव चिह्न गैस चूल्हा छाप में वोट करने की अपील की। उन्होंने लोगों से चुनाव में परिवारवाद और वंशवाद के खिलाफ चुनाव में खड़े होने की बात कहते हुए अपने लिए समर्थन मांगा। इस मौक पर उनके साथ दर्जनों समर्थक व अन्य लोग मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### असम के मुख्यमंत्री का नीलांबर पीतांबरपुर में कार्यक्रम आज



मेदिनीनगर। विधानसभा चुनाव को लेकर पाकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित अटल स्मृति भवन के पास शनिवार को असम राज्य के मुख्यमंत्री सह राज्य के सह चुनाव प्रभारी हेमंत विश्व सरमा का चुनावी सभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी पाकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी। उन्होंने पाकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में चुनावी सभा में भाग लेने की अपील की है।

### सपा उम्मीदवार अंजू सिंह ने जनता से की अपने पक्ष में मतदान की अपील



विश्रामपुर पलामू। समाजवादी पार्टी( सपा) उम्मीदवार अंजू सिंह ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी जनता को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने गुरी, कामता, उदार्वार, केवाल टोला, पासवान टोला, भुईयां टोला, शंकरडीह, गेरुआ, टोना, फूलध्यावैया टोला आदि विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर मतदाताओं से साईकिल छाप पर ईवीएम का बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर में कौरव जलाशय योजना और धनकाई नाला पर बांध बनवाकर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाऊंगी। पूर्व के विधायक को इसपर कभी ध्यान नहीं गया। यहां के विधायक जनता को छलने का काम किया है। विधायक बनने पर विश्रामपुर क्षेत्र में सिंचाई योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम होगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं महिला हैं, इसलिए महिला, बहू-बेटियों की दुख-दर्द को समझतीं हैं। इसबार विश्रामपुर क्षेत्र में बदलाव की बयार है। क्षेत्र की जनता उनके साथ हैं। अंजू सिंह के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास का मॉडल तैयार होगा। जनसंपर्क अभियान में प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, पंचायत अध्यक्ष पप्पू पासवान, कारू सिंह, जनेश्वर यादव, विजय यादव, केदार पासवान, नगीना पासवान, दशरथ पासवान, संजय, नानकुली भुइया, मंजर भुईयां, शंकर भईया, अमेरिका भुईयां, भोला भुईयां, गिरवर भुईयां,सहदेव भुईयां, मुखदेव भुईयां, बुधन भुईयां, हरखू भुईयां सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

### भाजपा व जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने थामा जेएलकेएम का दामन



मेदिनीनगर। सतबरवा प्रखण्ड के मलय डैम मुरमा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जेएमएम के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर सिंह तथा भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सतीश सिंह चेरों ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का दामन थामा। इस कार्यक्रम में जीवन सिंह, सतीश सिंह ,अनिल सिंह,करीमन भुइयां, योगेंद्र सिंह, आशिस सिंह, गुड्डू सिंह,संदीप सिंह, अर्जुन सिंह, अनिल सिंह, भरत सिंह, जुकुल सिंह, कमलेश सिंह, नीरज सिंह, सन्तु कुमार सिंह, मुखलाल सिंह, सुखलाल सिंह आदि ने मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि दूसरे दलों के पार्टी में आने से संगठन मजबूत होगा।

### पांकी के पूर्व विधायक ने चौपाल लगाकर सुनी जनसमस्या




मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड पांकी के सुदूरवर्ती पंचायत ताल के ग्राम मतुली में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर जनता ने फूल माला पहनाकर और मांदर बजाकर जोरदार स्वागत किया और कमल के फूल पर वोट देने का समर्थन जताया। यह पंचायत चारों तरफ से जंगल और पहाड़ों से घिरी हुई है, जहां जनता की समस्याओं का समाधान करने का संकल्प लिया। बैठक में मिंटी चंद्रवंशी, डॉक्टर मधु सिंह, बिंदेश्वर यादव, बबलू यादव, सुरेश सिंह, विरेन्द्र सिंह, धनेश्वर सिंह, गिरेंद्र सिंह, किरित सिंह, समाजसेवी कमेश यादव, प्रमोद जी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश : उपायुक्त शशिरंजन

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने चुनाव के मद्देनजर मतदान वाले दिन 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि गैर-सरकारी/ निजी/ व्यावसायिक संस्थाओं के कार्मिकों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है। मतदान के दिन अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जाएगी। यदि कोई नियोजक उल्लंघन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### पलामू जिले में हर्षोल्लास के साथ मना दीपोत्सव, जमकर हुई आतिशबाजी

मेदिनीनगर। कार्तिक अमावस्या के दिन शुक्रवार को गौ-धूलि बेला के बाद सुहानी शाम आते ही शहर का नजारा बदल गया। हर घर, हर गली दीपों की जगमगाहट से दूधिया रोशनी में नहा गया। दीपावली पर बुद्धिदाता गणेश, मां लक्ष्मी और कुबेर का पूजन प्रतिष्ठानों व घरों में किया गया। आरती वंदना के स्वरों के बीच घरों में दीपमालाएं झिलमिला उठीं। घर के मुंडेरों पर दीये जगमगाने लगे। इसके बाद आतिशबाजी का जो दौर शुरू हुआ तो वह देर रात तक चलता रहा। शहर में सुबह से ही हर तरफ दीपोत्सव को लेकर उत्साह की झलक थी। खास कर बच्चों के अंदर उमंग व मस्ती हिलोरे लेते नजर आयी।

### पूर्व जिला परिषद संटू चौरसिया ने आलोक के पक्ष में चलाया जनसंपर्क



मेदिनीनगर। सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत कौड़िया के तीनकोनिया, कौड़िया गड़ेरी टोला, कौड़िया बस्ती, तेलियाबांध, गणके समेत दर्जनों गांवों का दौरा पूर्व जिला परिषद सदस्य संटू चौरसिया ने किया। संटु ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया को अपार मतों से जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आलोक डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान सुआ कौड़िया के जेनरल अध्यक्ष टाईगर कुमार, अनिल विश्वकर्मा, अनुप सिंह, ब्रह्मदेव राम, कन्हाई चौधरी, संतोष प्रसाद साव, प्रभु पाल, अनिल मेहता समेत कई लोग शामिल थे। संटु ने लोगों की समस्या भी सुनी साथ ही निदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आलोक ने क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। अगर कोई गिला शिकवा होगी तो उसे भूलाकर जनता भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया के पक्ष समर्थन करे। उन्होंने कहा कि आलोक के कार्यों को देखते हुए इनके पक्ष में समर्थन का निर्णय लिया। पूर्व विधायक ने गरीबों, शोषितों व दलितों को मान सम्मान व हक अधिकार दिलाया है।

## पांकी विधानसभा क्षेत्र में सुख, समृद्धि और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा : डॉ कुशवाहा शशिभूषण

**पूर्व विधायक पांकी, मनातू व तरहसी में कई जगहों पर लक्ष्मी पूजा महोत्सव में हुए शामिल**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/तरहसी।** पांकी विस क्षेत्र के पांकी, मनातू व तरहसी के कई जगहों पर पूर्व विधायक डा शशिभूषण मेहता लक्ष्मी पूजा महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर पूजा समितियों ने पूर्व विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। पांकी विस क्षेत्र के विधायक पांकी प्रखंड के ग्राम सगालिम में लक्ष्मी पूजा महोत्सव के भक्ति कार्यक्रम में शामिल होकर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पांकी प्रखंड के ग्राम चक टांड़ में काली पूजा और ग्राम पुरसोतमपुर में लक्ष्मी महोत्सव में शामिल हुए। इसके अलावे विधायक तरहसी प्रखंड के ग्राम सोनपुरा, ग्राम टरिया व मनातू में मिटार में पूजा महोत्सव में भाग लिये। मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में मां लक्ष्मी की कृपा से सुख, समृद्धि व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी की कृपा से पांकी में सुख-समृद्धि का वास हो और विकास की नई राह बने। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के कार्य किये गये हैं। पूर्व में ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा नहीं मिलती थी। विधायक बनने के बाद मैंने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सुविधा मुहैया कराया। महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पांकी विस की जनता क्षेत्र के अधूरे विकास कार्य पूरा करने के लिए मुझे समर्थन करेगी। उन्होंने लोगों से 13 नवंबर को भाजपा के कमल फुल छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से जिताने की अपील की। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

## हमारे शहर पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहे : अरुणा शंकर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीपावली की रात प्रथम महापौर अरुणा शंकर काफी संख्या में अपने समर्थकों एवं व्यावसाय मित्रों के साथ मेदिनी नगर मुख्य बाजार में व्यवसाईयों को बधाई देने गई। साथ ही व्यवसाईयों का आशीर्वाद लिया। प्रथम महापौर ने व्यवसाईयों से मिलते हुए कहा कि मैं मां लक्ष्मी से कामना करती हूं हमारा शहर खुशहाल रहे एवं हमारे शहर के व्यवसाईयों पर मां लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहे। प्रथम महापौर का सभी व्यवसाईयों ने अपने प्रतिष्ठान पर गर्म जोशी से स्वागत किया। प्रथम महापौर के साथ सैकड़ो व्यवसाई उपस्थित थे।

## डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने जनसंपर्क में झोंकी ताकत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक आलोक चौरसिया ने डालटनगंज व चैनपुर विस क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। चौरसिया अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क में हर जगह ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। दस वर्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में कई विकास कार्य किये गये हैं। कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। केंद्र की भाजपा सरकार ने लोगों को आवास, बिजली, पेंशन का लाभ दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार को करारा जवाब देगी। लोग भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए तैयार हैं। चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के कंकारी बाजार, नानफूलिया, अदनिया, रझारा, बसरिया आदिवासी टोला, छेचानी, चांदो हरिजन टोला, कोरियाडीह, दूबा, मढ़ी, अवसाने, खपिया, चांदो, और चांदो स्कूल टोला जैसे क्षेत्रों में पहुंचे और लोगों से मुलाकात की। चौरसिया ने जनता के साथ संवाद करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया और भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र में लाई गई योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि वे 13 नवंबर को कमल के निशान का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाएं। चौरसिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने सड़क, और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए किए गए प्रयासों को भी जनता के सामने रखा और भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में नई संभावनाएं और अवसर उत्पन्न होंगे। ग्रामीणों ने आलोक को समर्थन का वादा किया।

## बिश्रामपुर मझिआंव में खिलेगा कमल बनेगी भाजपा सरकार : रामचंद्र चंद्रवंशी

**चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और चौतरफा विकास होगा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को बिश्रामपुर प्रखंड के पंचायत बघमनवा के सभी गांव का दौरा किया। साथ ही केतात और तोलरा के सभी दर्जनों गांवों में जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से डोर टू डोर बात की। सभी ने फिर से कमल खिलाने का वादा भी किया। चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और चौतरफा विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि हमने काम किया है तो मजदूरी भी मुझे मिलनी चाहिए। बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु लगातार कार्य किया जिसका प्रतिफल है कि आज क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। अब बिश्रामपुर को पूर्ण विकसित करना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताए। मौके पर भाजपा नेता टिकैत चौबे, डॉ वी पी शुक्ला, शिवबंश मिश्रा मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार, अमरेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, धीरन तिवारी, संजय तिवारी, विकास चौबे, मनोज शुक्ला, सत्येंद्र पाल, बिरजू पाल, मंगर पाल, धर्मेंद्र पाल, उदय यादव, निरंजन सिंह, कल्पना सिंह, धनेश्वर सिंह, वीरेंद्र सिंह, विजय बवाली, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र यादव दीनानाथ साव, राजेंद्र शाह, प्रेम नाथ विश्वकर्मा, दीनानाथ साव, रविंद्र साव, सुषमा देवी, मालवा देवी अनिल यादव, राधिका देवी, प्रभा देवी, चंपा देवी, सत्यनारायण गुप्ता, बलराम गुप्ता, रामनाथ यादव, बबन बीन, शंकर केसरी, संतोष विश्वकर्मा, संजय यादव, गुड्डू यादव आदि कई लोग मौजूद थे।

## दस साल से ठप्प है डालटनगंज चैनपुर का विकास : के एन त्रिपाठी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया। त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के तलेया बभण्डी पंचायत, पूर्वडीहा पंचायत, पतरिया पंचायत, कोशियारा पंचायत, महुगांवा पंचायत, बांसडीह पंचायत के बांसडीह दलित मुहल्ला व मुस्लिम मुहल्ला समेत कई गांवों का भ्रमण कर लोगों से सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग व समर्थन के लिए अपील की। मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग हमारे पक्ष में गोलबंद हो रहे हैं। जनता ने मौका दिया तो चैनपुर प्रखंड, मेदिनीनगर नगर निगम और सदर प्रखंड डालटनगंज, चैनपुर, भांडरिया विधानसभा क्षेत्र एवं झारखंड का सर्वांगीण विकास करेंगे। लोगों को क्षेत्र की तस्वीर बदलकर दिखायेंगे। कहा कि जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र का तस्वीर बदल देंगे। मौके पर कई लोग शामिल थे।

## पांकी है तैयार, रचने जा रहा इतिहास : पूर्व विधायक बिट्टू सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सह निर्दलीय प्रत्याशी बिट्टु सिंह ने जनसंपर्क के दौरान नीलांबर पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) के ग्राम- राजपुर में लक्ष्मी पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर कमेटी द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। जनता के प्रेम एवं स्नेह से अभिभूत हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी 13 नवंबर को मेरे पक्ष में भारी संख्या में मतदान कर हम सभी मिलकर पांकी को नंबर वन बनाएंगे। पांकी विस क्षेत्र की जनता इतिहास रचने को तैयार है। कहा कि माता लक्ष्मी पांकी विस क्षेत्र वासियों को सुख व समृद्धि प्रदान करें।

### ब्रह्मदेव प्रसाद का जनसभा जारी, जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन



बिश्रामपुर पलामू। विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियों के बीच विधायक प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने क्षेत्र में दौरा किया। मौके पर उन्होंने बिश्रामपुर विस क्षेत्र के विकास के लिए अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। इस दौरान जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। कार्यालय बिश्रामपुर में अपने संबोधन में ब्रह्मदेव प्रसाद ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उन्हें जानकारी दी। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं, जो अभी तक इस विधानसभा में नहीं किया गया हैं। लोगों ने भी बड़ी संख्या में ब्रह्मदेव प्रसाद का समर्थन किया और अपने गांवों में नहीं किए गया विकास कार्यों पर असंतोष जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपनी मेहनत और कार्यकुशलता से क्षेत्र में एक स्थायी छाप छोड़ेंगे, और उनका साथ देकर हम सभी विकास को आगे बढ़ाना चाहते हैं। जनसंपर्क में नसरुद्दीन अंसारी, मनीष गुप्ता, डॉ नंददेव विश्वकर्मा, निक्की देवी, प्रियंका देवी, अजय पासवान, रणधीर साहू, सोनू चौधरी, भगवत शाह, वीरेंद्र साह, सुरेंद्र भारती, आलोक पांडे, अजय यादव, कृष्णा चंद्रवंशी, राकेश कुमार, संतोष, उमेश, नईम अंसारी, राकेश, अवतार सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, जयप्रकाश ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, दीपक कुमार, रामनाथ साहू, रामराज राम, सुखदेव पाल, सुधीर कुमार पाल, विकास पाल, शिवकुमार पाल, जयप्रकाश विश्वकर्मा, रंजन प्रसाद, शिवचंद ठाकुर, गुड्डू चंद्रवंशी, नारद शर्मा, सत्येंद्र पासवान, राजेंद्र पाल आदि मौजूद थे।

## पूर्व स्पीकर ने बेटे दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में किया दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के कुदागा कला, कुदागा खुर्द, गरदा, नेउरा इत्यादि गांव में झारखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने अपने बेटे निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि यह डालटनगंज के लिए ऐतिहासिक जीत होगी। एक तरफ दोनों महागठबंधन इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं वहीं निर्दलीय लड़ रहे दिलीप सिंह नामधारी जनता के सामने अपने विचारों को रख कर उन्हें प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बड़े नामी गिरामी दल अपने विधायकों के साथ गुलाम की तरह व्यवहार करते हैं इसीलिए विधायक अपनी प्रतिभा को नहीं निखार पाते हैं। नामधारी ने स्थानीय जनता से अपील किया कि 13 नवंबर को मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप सिंह नामधारी को अपार मतों से विजयी बनाएं।

### क्षेत्र की जनता चाहती है परिवर्तन : दिलीप सिंह नामधारी



चैनपुर पलामू। डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कंकारी, कल्याणपुर, सेमरटांड, मुटपुरही, बेड़मा बभंडी इत्यादि गांवों का तूफानी दौरा युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने किया। उन्होंने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र में दस वर्षों में जितना विकास कार्य होनी चाहिए उतना नहीं हो पायी है। क्षेत्र की जनता आज भी बुनियादी सुविधा के अभाव में जी रही है। आज भी कई लोग सरकारी लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार परिवर्तन चाहती है। दिलीप ने मौजूद जनता से अपील की कि पूरे क्षेत्र में परिवर्तन की लहर चल रही है आप मेरा साथ दीजिए। यह जीत मेरी नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की होगी इससे नए विकास के रास्ते खुलेंगे।

### सलूजा गोल्ड टीएमटी कंपनी ने किया संवेदक और राजमिस्त्री का सम्मेलन



पड़वा पलामू। पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के लोहड़ा स्थित सिंह सिमेंट दुकान परिसर में सलूजा गोल्ड टीएमटी छड़ कंपनी द्वारा संवेदक एवं राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। कंपनी के तकनीकी पदाधिकारी धीरज दुबे ने बताया कि सलूजा गोल्ड टीएमटी छड़ काफी गुणवत्तापूर्ण छड़ है। यह जंग रोधक, भुकंप रोधी है। यह छड़ कभी काला नहीं होता है। यह लचीला होता है। इसके साथ ही काफी पुरानी कंपनी है। ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने के कारण ही इस छड़ के डिमांड है लगातार वृद्धि हो रहा है। इस मौके पर कंपनी के सेल्समैन विद्याभूषण मिश्रा, संवेदक श्रीराम मेहता, अनुज सिंह, राजकमल तिवारी, गीरेन्द्र मिश्रा, पारस नाथ मेहता, विकास मिश्रा सहित कई संवेदक एवं राजमिस्त्री मौजूद थे।

### डिवाइडर से टकराई बाइक एक की मौत

हरिहरगंज पलामू। थाना क्षेत्र के कौआखोह स्थित बाल किशोर सिंह इंटर कॉलेज के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना के सिमरी गांव निवासी 21 वर्षीय धिरेन्द्र पासवान तथा घायल युवक हरिहरगंज के वैद्य बिगहा निवासी अनिल राम के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। तभी असंतुलित होकर बाइक सड़क किनारे डिवाइडर से जा टकराईं।

## पड़वा प्रखंड के ग्राम बासु में छठ व्रतियों के बीच सूप दउरा का 25 वर्षो से हो रहा हैं वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



छठ व्रतियों के बीच सूप दउरा पूजन सामग्री का वितरण करते जटेश्वर महतो व अन्य।

**पड़वा पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के बासु जन्म भूमि स्थित गांव में समाजसेवी जटेश्वर महतो ने आस-पास के छठ व्रतियों के बीच सूप-दउरा, नारियल और अगरबत्ती का वितरण किया।

महतो ने कहा की आस्था का पर्व छठ महान पर्व है। पर्व की महता है कि भीख मांगकर ही इस पर्व की पूजा की जाती है। वे विगत 25 वर्षो से स्वयं की प्रेरणा से व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरण कर रहे हैं ताकि कोई भी व्रती इस महान पर्व को अभाव में करने से वंचित ना रहे। पर्व की महता है कि देश ही नहीं विदेशों में भी इस पर्व को पवित्रता और आस्था के साथ मनाया जाता है। कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम लोगो को महापर्व में मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर योगेंद्र महतो, तेतरी कुंवर, रंजीता देवी, बाबूलाल मेहता, रॉयल प्रियांशु, हिमांशु उज्ज्वल, महेश्वर महतो, शुकुल महतो, मनपत महतो, दामोदर विश्वकर्मा, पंकज कुमार, कांति देवी, नकुल महतो, धनपति देवी, सुशीला देवी, सीता देवी, पूनम देवी, गुड्डू राम सहित बड़ी संख्या में छठ व्रती मौजूद थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने अपने पक्ष में मांगा समर्थन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज 79 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सभी दलीय व निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन हो गया जिसके बाद शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने होटल रिद्धि सिद्धि में अपने हजारों समर्थकों के साथ अपने पक्ष में लोगो को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने लोगों से अंगूठी छाप पर बटन दबाने की बात कह। मौके पर सिंह ने लोगो को आगाह किया कि किसी भी अफवाहों पर ध्यान नही देना है सबको विनोद बन कर चुनाव में लड़ना है। लोगो से अपने भरोसा पर समर्थन मांगते हुए बूथ जीतो अभियान के तहत कार्य करना है। उन्होंने जनता से कहा कि पूर्व के विधानसभा चुनाव में भी मुझे यही चुनाव चिन्ह मिला था।

जिसमे जनता पूर्व से यह बात जान रही हैं अबकी बार जनता ने मुझे खुद मैदान में उतर कर चुनाव लड़ा रही हैं। लगातार मुझे अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपके ग्रांटर पर खरा उतरूंगा। मुझे अपना बेटा भाई समझ कर पूर्व के सभी गलतियों को माफ करते हुए आपलोग अपने अपने गांव व घर से मेरे लिए वोट मांगे। मेरा स्टार प्रचारक आप है जनता मेरी मालिक है। मैं आपके सम्मान को कभी झुकने नही दूंगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, राजेश करन, संजय मेहता, नागेन्द्र उपाध्याय, मनदीप राम, शिवलाल राम, बीरेंद्र सिंह, मुखिया योगेन्द्र सिंह, तृप्ति सिंह, संगीता देवी, दशरथ यादव, राकेश यादव, कमलेश मेहता, शशि विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# पूर्व सांसद ने इंडिया गठबंधन के चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


उद्घाटन करते पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा।

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत सगमा साप्ताहिक हाट बाजार में गुरुवार को इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद सह झामुमो के वरिष्ठ नेता कामेश्वर बैठा ने दीप प्रज्वलित कर नारियल तोड़कर व फीता काट कर किया। मौके श्री बैठा ने कहा कि भवनाथपुर लोकसभा सीट इस बार भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के निर्देश से झामुमो के सभी कार्यकर्ता तन मन से प्रचार प्रसार में हैं। आज गांव गांव में झामुमो पार्टी की लहर है। उन्होंने कहा है कि इस चुनाव में झामुमो के सहयोगी दल कांग्रेस पार्टी एवं अन्य पार्टी भी चुनाव में जुटे हैं। हम लोगों की जीत सुनिश्चित है। सभी लोग इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी छोटे राजा को वोट दें। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, डॉ हरिदास यादव, रेयाज अंसारी, कामेश्वर विश्वकर्मा, मंगलेश यादव, योगेन्द्र यादव, मो. गुलाम नबी, हनुमंत यादव, प्रकाश बच्चा, रमी बच्चा, स्वदेश कुशवाहा, नंदलाल यादव, हीराचंद यादव, चंद्रकांत यादव, अखिलेश राम, सुदेश्वर राम, शनेश्वर यादव, रमेश यादव, मोतीचंद भुइयां, रमेश पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जेएलकेएम पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित कई लोग भाजपा में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पार्टी में शामिल लोगों के साथ विधायक भानु प्रताप शाही।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विस क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से दूसरे दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को टूटकर भाजपा में शामिल होने वाली सिलसिला लगातार जारी है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं जिला प्रवक्ता विजय महतो के नेतृत्व में भवनाथपुर व बिशुनपुरा प्रखंड के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। उक्त सभी को विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने आवास पर पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होने पर जेएलकेएम पार्टी के लोगो ने कहा कि विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा अपने विस क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों को देखते हुए हमसभी भाजपा में शामिल हुए हैं। कहा कि भवनाथपुर विधानसभा का सर्वांगीण विकास विधायक भानु और भाजपा के द्वारा ही संभव है। विधायक के तौर पर भानु प्रताप शाही ही विस क्षेत्र के एकमात्र विकल्प है। भाजपा में शामिल होने वालों में जेएलकेएम पार्टी के राजू गुप्ता, दीपक प्रसाद, उपेंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रेमचंद, रोहित ठाकुर, मुन्ना महतो, उपेंद्र, ओमप्रकाश, नंदन महतो, पप्पू बियार, उदय महतो, अतुल गुप्ता, मिथलेश यादव, मोतीचंद साह, सिपाही साह, राजेश साह, इंद्रदेव बियार, पंकज विश्वकर्मा, फागू, शत्रुधन गुप्ता सहित अन्य लोगो का नाम शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती


जयंती मनाते लोग।

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता के जनक, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही सभी कर्मियों ने सामुहिक रूप से एकता का शपथ लेते हुए कहा सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी परमानंद प्रसाद, सहायक गोदाम प्रबंधक मुकेश पांडेय, नाजिर जितेंद्र सिंह, बीपीएम जेएसएलपीएस शिव उपाध्याय, सतीश सिंह सहित सभी पंचायत सचिव, जन सेवक, रोजगार सेवक आदि कर्मी उपस्थित थे।

### मझिआंव में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत


हस्ताक्षर करती कर्मी।

**मझिआंव।** विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा विशेष हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई है। उपायुक्त के निर्देश पर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा पुराना नगर पंचायत कार्यालय (डाक बंगला) के पास हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान नगर पंचायत कर्मियों एवं अन्य लोगों के द्वारा हस्ताक्षर कर मतदान करने का संकल्प लिया गया। नगर पंचायत के द्वारा आयोजित इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को उनके मताधिकार एवं जिम्मेवारी के प्रति जागरूक करना है। पहले मतदान, फिर कोई काम जैसे संदेशों के साथ मतदाताओं से आग्रह किया गया कि आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। साथ ही दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करें। मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, नाजीर अमित पाठक, मुख्य लिपिक अनूप कुमार तिवारी, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, विश्वनाथ वर्मा, दिनेश कुमार, मनोज चैधरी, दीपक माझी, संत कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश पर अश्लील वीडियो का प्रहार, दर्ज कराई एफआईआर

# धमकी की नहीं है परवाह, विपक्षी कर रही हदें पार: मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव को अपने नाम करने को बेताब नेता कुछ भी करने से परहेज नहीं कर रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए अब चारित्रिक रूप से भ्रष्ट सिद्ध करने की कोशिश भी शुरू कर दी गई है। इसका पहला शिकार मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बनाया गया। इसका खुलासा स्वयं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने की है। उन्होंने खुद को हनी टैप में फसाने की कोशिश का जिक्र करते हुए इसकी प्राथमिक दर्ज कराई है। गढ़वा थाना पुलिस इस मामले की छान बीन में जुट गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि उनके मोबाइल पर 6377756892 नंबर से लगातार वीडियो कॉल आ रहे थे। एक बार जब उन्होंने कॉल रिसीव किया तब उस पर अश्लील वीडियो आने लगे। उसके बाद उन्होंने तुरंत कट कर उसे ब्लॉक कर दिया। उसके बाद लगातार तरह तरह की काफी धमकी मिल रही है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को त्वरित जांच करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि यह कार्य अश्लीलता की हद है। यह पूरी तरह से हमारे हताश एवं निराश विपक्षियों की साजिश है। वे लोग अपनी हताशा में बेशर्मी की सारी हद पर कर गए हैं। जो लोग भी इस तरह के फेक वीडियो चला कर ब्लैकमेल करना चाहते हैं वे अपनी हरकतों से बाज आए। इस तरह की घृणित कार्यों से वे जनता को गुमराह नहीं कर सकते हैं। जनता सब कुछ देख रही है जान रही है और अच्छी तरह से समझ रही है। जनता ऐसे लोगों को जरूर सबक सिखलाएगी।


मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

## खबर एक नजर में

### सड़क हादसा में महिला की मौत, युवक घायल

**गढ़वा।** दीपावली के दिन जहां एक ओर खुशियां मनाई जा रही है वहीं दूसरी ओर सड़क हादसे के शिकार एक महिला ने अपना दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य घटना में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। इनके घरों की दीपावली न सिर्फ फीकी पड़ गई बल्कि उनके घरों में दु:ख का अमिट लकीर भी खींच गई। जानकारी के अनुसार नगर ऊंटरी अनुमंडल मुख्यालय के हेनहो मोड़ के समीप एक ऑटो की चपेट में आने से सपही गांव के बजना टोला के विश्वकर्मा उरांव की 55 वषीर्या बसिया देवी पत्नी विश्वकर्मा उरांव की मौत हो गई। बसिया देवी घटनास्थल के निकट एसबीआई बैंक से पैसा निकालकर वापस लौट रही थी। सड़क पार करने के दौरान वह हादसा का शिकार हो गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं चिनियां थाना क्षेत्र के परसाखण्ड गांव के युवक जितेंद्र राम मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। वह अपनी मोटरसाइकिल से ननिहाल रणपुरा गांव गया था। रास्ते में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें वह घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### ब्रह्मदेव प्रसाद ने लक्ष्मी पूजा पर विभिन्न स्थानों पर की पूजा-अर्चना


उद्घाटन करती रजनी देवी।

**गढ़वा।** लक्ष्मी पूजा के अवसर पर बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने गुआसराई, बघमान्वा (रजवार टोला चट्टान चैक), ब्रह्मोरिया, लकड़ही (लुरि खुरी) आदि स्थानों पर पूजा अर्चना की। जबकि ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी रजनी देवी ने लालगढ़ नवडीहा में फीताकाट कर मंच की शुरूआत की। साथ ही क्षेत्र के कई स्थानों पर पहुंचकर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों के साथ मिलकर मां लक्ष्मी की आराधना की और उनकी कृपा से क्षेत्र में समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा के बाद ब्रह्मदेव प्रसाद एवं रजनी देवी ने स्थानीय जनता से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास एवं कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही रजनी देवी ने विश्रामपुर के ठाकुर मंदिर, पंचमुखी मंदिर, गढ़देवी मंदिर में दीप जलाया।

### रंगदारी की मांग और फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में रंगदारी की मांग और फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में चकिया थाना क्षेत्र के बुलाचक गांव निवासी कुंदन कुमार ठाकुर, इसी थाना के बांसघाट गांव निवासी अनमोल कुमार व पीपरा थाना क्षेत्र के घनश्याम पकड़ी गांव निवासी निशांत मौर्या शामिल है। चकिया एसडीपीओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनो पूरनछपरा बाजार पर राजन वस्त्रालय नामक साड़ी एवं रेडीमेड दुकान के मालिक राजन कुमार गंगा सिरसिया गांव निवासी से वाट्सएप कॉल के माध्यम से अपराधियों द्वारा पांच लाख की रंगदारी की मांग की गयी।

## पूर्व विधायक ने किया झामुमो का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** धुरकी झामुमो प्रखंड कमिटी द्वारा गुरूवार की शाम में कपूर्री चैक स्थित स्व. राजेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ ललिता सिंह के मकान में पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। राज राजेंद्र प्रताप देव, पूर्व जिला परिषद सदस्य जानकी सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोबिन अंसारी, रामप्रताप यादव आदि ने मिलकर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में बेरोजगारी, पलायन, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा क्षेत्र है। उन्होंने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि राज्य व क्षेत्र के विकास के लिए झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी समुदायों को लेकर चलती है। मौके पर साबिर अंसारी, नेजाम अंसारी, संदेश गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## झामुमो नेत्री अमृतांजली ने थामा भाजपा का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झामुमो नेत्री अमृतांजली कुमारी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। अमृतांजी ने पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अमृतांजली को सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि अमृतांजली गलतफहमी से झामुमो में चली गई थी। वहां जाने पर उनको अंदर से घुटन महसूस हो रही था। झामुमो में किसी भी कार्यकर्ता को बोलने की आजादी नहीं है। उन्होंने कहा कि गोवावल की बेटी या बहु वैसे पार्टी में रहना पसंद नहीं करती। उन्होंने कहा कि अमृतांजली को आने से भारतीय जनता पार्टी और मजबूत हो गई है। वहीं अमृतांजली कुमारी ने कहा कि मैंने धन की राजनीतिक को छोड़कर धर्म की राजनीतिक को अपनाया है। उन्होंने कहा कि पहले मैं झामुमो में थी लेकिन वहां की विचारधारा से सहमत नहीं थी जिसके चलते पार्टी से त्याग दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को त्यागपत्र भेज दी हूं। पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि गढ़वा को लोग चारागाह बना कर रखे हैं। गढ़वा के लोगों ने ठान लिया हैं कि बाहरी को भगाना हैं और अपने घर के बेटा को विधानसभा भेजना है।


अमृतांजली कुमारी।

## नीतीश सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**एजेंसी**

**नवादा।** नवादा जिले के वारसलीगंज प्रखंड एवं नगर वारिसलीगंज के नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों की संयुक्त बैठक शुक्रवार को गणेश धर्मशाला के प्रांगण में की गई। प्रखंड पार्टी एवं नगर पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि ध्वस्त विधि व्यवस्था चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल जलता बिहार अपहरण उद्योग के रूप में बिहार जाना जाता था। वैसे समय में नवम्बर 2005 में पार्टी के सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जब काम करने का मौका मिला। बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शांति सद्भाव के साथ हीं कानून का राज स्थापित करते हुए न्याय के साथ विकास, सभी वर्ग धर्म के लोगों का विकास, सभी क्षेत्रों का विकास करने का काम किया है। मुकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा के रूप में बिहार का चौमुखी विकास करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कभी वोट की चिंता नहीं की है।

## भाजपा सरकार भूमि अधिग्रहण बिल की आड़ में किसानों का भूमि हड़पना चाह रही है: अनंत

**सगमा।** झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा व कामेश्वर बैठा ने गुरुवार को सगमा साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। सगमा बाजार में प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में झामुमो नेता कामेश्वर बैठा मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में समर्थको की बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कामेश्वर बैठा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जनकल्याणकारी योजनाओं को मुख्य रूप से उनके समक्ष रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं में मंईयां सम्मान, बिजली बिल माफी, कृषि लोन माफी के अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को मिल रहे लाभ की जानकारी दी। वहीं झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी के खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं। ऐसे प्रत्याशियों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भानु प्रताप को क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते 15 वर्ष हो गए। उन्होंने न तो महिलाओं के बारे में किसी भी तरह का पहल किया और ना ही छात्र नौजवानों के विकास के लिए सोचा, सोचा तो सिर्फ अपने झोली भरने के लिए। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा के मतदाता अपना बहुमूल्य वोट देकर भानु प्रताप शाही को क्षेत्र के विकास के लिए विधानसभा में भेजने का काम किया था। लेकिन भवनाथपुर 81 का विकास वही के वही है। मौके पर डॉ हरिदास यादव, कामेश्वर विश्वकर्मा, मंगलेश यादव, योगेंद्र यादव, हनुमंत यादव, ललन उरांव, अखिलेश उरांव, रमेश पासवान, सुरेन्द्र बैठा, रेयाज अंसारी, मोतीचंद भुईयां, रमेश यादव सहित कई अन्य उपस्थित थे।


संबोधित करते कामेश्वर बैठा।

## एक ही परिवार के तीन बच्चों की रहस्यमयी मौत

**एजेंसी**

**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड में एक ही परिवार के तीन बच्चों की अचानक और रहस्यमयी मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। यह दुखद घटना पूरे गांव को स्तब्ध कर गई है, और लोग गहरे दुख में हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए, जिलाधिकारी विशाल राज ने स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम के साथ गांव का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शांत रहें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिला स्वास्थ्य समिति और प्रशासन ने तुरंत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया, जहां मृत बच्चों के सैंपल लेकर जांच के लिए पटना भेज दिए गए हैं।



## धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ करने वालों पर रखें नजर : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने शुक्रवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिये तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य से जुड़े हुए लोगों को धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें। धान के अनुमानित उत्पादन के अनुसार ही धान अधिप्राप्ति का जिलावार लक्ष्य निर्धारित करें।

## पेज एक का शेष

### सितारों से गुलजार...

**भाग्यश्री का रोड शो :** बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री तीन नवंबर को हजारीबाग आयेगी। हजारीबाग में भाग्यश्री निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश कुमार के पक्ष में रोड शो और जनसभा करेंगी। उनका रोड शो बरही में होगा। वहीं दूसरी और जदयू नेता ललन सिंह और संजय झा की सभा दो नवंबर को होगी। दोनों नेता तमाड़ में राजा पीटर और जमशेदपुर में सरयू राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। नौ और 10 नवंबर को केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी दो-दो चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। **पीएम के दौरे की तैयारी :** गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। चार को यहां 11 बजे भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सभा की तैयारी जोरशोर से चल रही है। सुरक्षा की भी चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही। एसपीजी की टीम पर नजर रख रही है। गढ़वा के बाद मोदी चाईबासा चले जायेंगे।

### झारखंड में रूठों ...

बागियों से हिमंता का वादा : भाजपा के बागी नेता सत्यानंद झा ने नाला सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्हें मनाने शुक्रवार को भाजपा ने झारखंड प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा उनके घर पहुंचे। चर्चा है कि वह मान गये हैं। हिमंता ने श्री बाटुल से पार्टी के हित में निर्णय लेने के लिए कहा है। उन्होंने झा से बड़ा वादा भी किया है। उनसे वादा किया गया है कि न्उन्हें राज्य या केंद्र सरकार में एक अच्छा और सम्मानित पद दिया जायेगा। पार्टी के बागी नेताओं का मनाने का जिम्मा हिमंता को सौंपा गया था।

**जयराम का प्रत्याशी झामुमो में :** वहीं जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के गांडेय उम्मीदवार अकिल अख्तर उर्फ रिजवान ने पार्टी से किनारा कर लिया है। उन्होंने हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झामुमो का दामन थाम लिया है। वे अब गांडेय ने अपना नामांकन वापस लेंगे। इससे पहले जयराम की पार्टी से हजारीबाग से उम्मीदवार रहे संजय मेहता ने किनारा किया था।

### कर्मियों की छुट्टियां ...

तेजी से करने हैं और समय पर करने हैं। इस कार्यकाल में सीखने को बहुत मिला है। इससे हम सीख लेते हुये आगे और भी तेजी से कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

**हर वादे को निभाने का ईमानदार प्रयास किया :** सीएम ने लिखा है कि आपकी अबुआ सरकार ने तमाम झंझावतों के बावजूद किये गये अपने हर वादे को पूरी निष्ठा से निभाने का ईमानदार प्रयास किया है। अभी बहुत से कार्य करने है, तेजी से करने हैं और समय पर करने हैं। इस कार्यकाल में सीखने को बहुत मिला है, जिससे हम सीख लेते हुए आगे और भी तेजी से कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर गढ़वा के समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी, 80- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, 80-गढ़वा के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की उपस्थिति में प्रशिक्षकों की टीम ने माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कार्य-दायित्व एवं कर्तव्य पालन से लेकर मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान शुरू होने के दौरान ईवीएम के कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ दिनभर की सभी गतिविधियों को संबंधित प्रपत्रों में संधारित करने सहित अन्य प्रक्रियाओं पर ध्यान रखने की बातें बताई गई।

प्रशिक्षकों ने माइक्रो आब्जर्वर को बताया कि मॉक पोल का निरीक्षण करने के लिए माइक्रो आब्जर्वर को मतदान शुरू होने से कम से कम 90 मिनट पहले मतदान केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्हें मतदान के दिन चुनाव संचालन से संबंधित कानून और नियमों से अवगत कराते हुए मतदाता सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुसार पीठासीन अधिकारियों द्वारा सावधानी पूर्वक की जा रही है या नहीं, इसकी पूरी तत्परता से जांच करें। साथ ही अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र के मतदान दिवस की गतिविधियों के बारे में प्रेक्षकों को रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा मतदान केंद्र पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं की भी जानकारी रखें। 80-गढ़वा के सामान्य प्रेक्षक सारांश मित्तर एवं 81-भवनाथपुर के सामान्य प्रेक्षक रितेन्द्र नारायण बसु राय चैधरी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका अहम होती है। आप लोगों के सहयोग से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में स्थानीय प्रशासन को मदद मिलेगी। ऐसे में आप सभी तत्परता के साथ अपने कार्य दायित्वों के निर्वहन में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के माइक्रो आब्जर्वर को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए गढ़वा पूरी तरह से तैयार है। आपकी तत्परता से निष्पक्ष मतदान कराने में मदद मिलेगी।


प्रशिक्षण देते पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### विनाशकारी बाढ़ में 150 से अधिक लोगों की जान गई

**मेड्रिड।** स्पेन में आई भीषण बाढ़ से मरने वालों की संख्या गुरुवार तक 150 से ज्यादा हो गई है। बड़ी संख्या में लोग लापता हैं जिनकी तलाश में बचाव दल जुटा हुआ है। लापता लोगों को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यह तबाही पिछले कुछ दशकों में यूरोप की सबसे भीषण आपदा बन सकती है। स्पेन के पूर्वी व दक्षिणी हिस्सों में मंगलवार को शुरू हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ के हालात बदतर हो गए। बाढ़ से घिरे इलाके में बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित इलाके तक पहुंचने की जद्दोजहद करनी पड़ी। इन इलाकों में रेल व सड़क मार्ग बुरी तरह प्रभावित होने के कारण लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए शुरू में बचाव कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### पाकिस्तान में बम धमाका, पांच स्कूली बच्चों समेत सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को रिमोट संचालित एक बम धमाके में पांच स्कूली बच्चों और एक पुलिसकर्मी सहित सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में कम-से-कम अन्य 22 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डॉन अखबार के मुताबिक शुक्रवार सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले के सिविल अस्पताल चौक स्थित एक स्कूल के पास जबरस्त बम धमाका हुआ। कलात डिवीजन के कमिश्नर नईम बाजई के हवाले से बताया गया है कि बम धमाके में अभीतक सात लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें पांच स्कूली बच्चे हैं। हमले में 22 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। विस्फोट में एक पुलिस वाहन और कई ऑटो-रिक्शा क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक बाइक में आईईईडी लगा कर धमाका किए जाने की आशंका है।

### दूसरी बार मां बनेंगी एमी जैक्सन, प्रेग्नेंसी की घोषणा की

**मुंबई।** 'सिंग इज ब्लिंग' फेम एक्ट्रेस एमी जैक्सन ने लगभग दो महीने पहले ब्रिटिश एक्टर और म्यूजिशियन एडवर्ड जैक पीटर वेस्टविक से शादी की थी। अब एक्ट्रेस ने एक खुशखबरी दी है। 32 साल की एमी जल्द ही मां बनने वाली हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एडवर्ड के साथ कुछ प्यारी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। एमी और एडवर्ड ने 27 अगस्त को इटली के अमाल्फी बीच पर डेस्टिनेशन वेडिंग की थी। दोनों ने ईसाई रीति-रिवाज से शादी की। शादी के दौरान एमी का पांच साल का बेटा एंड्रियास भी शामिल हुआ। इससे पहले एमी और एडवर्ड वेस्टविक ने जनवरी 2024 में सगाई कर ली। इसके बाद दोनों ने लंदन में सगाई की डिनर पार्टी आयोजित की और करीबी दोस्तों के साथ जश्न मनाया। इसके बाद दोनों ने इटली में शादी कर ली।

पीएम मोदी का मल्लिकार्जुन खड़गे पर हमला, कहा

# चुनावी गारंटी स्कीम पर 'कांग्रेस बुरी तरह बेनकाब'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हुई है क्योंकि उसने उनसे ऐसे वादे किए हैं जिन्हें पार्टी जानती है कि वह कभी पूरा नहीं कर पायेगी। मोदी ने विपक्षी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी का हवाला दिया कि कांग्रेस की राज्य इकाइयों को ऐसे वादे करने चाहिए जिनका बजट ठीक से हो और जिससे वित्तीय संकट न आये। ऐसी खबरें हैं कि कांग्रेस शासित राज्यों को चुनाव पूर्व की गई कुछ घोषणाओं को पूरा करने में वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी को यह एहसास हो रहा है कि झूठे वादे करना तो आसान है लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना मुश्किल या असंभव है। वे चुनाव प्रचार के बाद भी लोगों से ऐसे वादे करते हैं जिन्हें वे जानते हैं कि वे कभी पूरा नहीं कर पाएंगे. अब वे लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हो ग्गये हैं।





### कांग्रेस शासित राज्य बेहाल

पीएम ने कहा कि कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में विकास की गति और वित्तीय स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को झूठे वादों की कांग्रेस प्रायोजित संस्कृति के खिलाफ सतर्क रहना होगा. हमने हाल ही में देखा कि कैसे हरियाणा के लोगों ने उनके झूठ को खारिज कर दिया और एक ऐसी सरकार को प्राथमिकता दी जो स्थिर, प्रगति-उन्मुख और कार्रवाई-प्रेरित है।

### झूठे वायदे जनता से धेखा

प्रधानमंत्री ने एक्स पर हैशटैग कांग्रेस के झूठे वादे के साथ पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा कि पूरे भारत में यह अहसास बढ़ रहा है कि कांग्रेस को वोट देना गैर-शासन, खराब अर्थव्यवस्था और बेमिसाल लूट के लिए वोट है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तथाकथित गारंटी अधूरी है, जो इन राज्यों के लोगों के साथ भयानक धोखा है। मोदी ने कहा कि इस तरह की राजनीति के शिकार गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं, जिन्हें न केवल इन वादों के लाभों से वंचित किया जाता है, बल्कि उनकी मौजूदा योजनाओं को भी कमजोर किया जाता है।

### लोग विकास चाहते हैं, झूठे वादे नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में, कांग्रेस विकास करने की जहमत उठाने के बजाय पार्टी के भीतर की राजनीति और लूट में व्यस्त है. इतना ही नहीं, वे मौजूदा योजनाओं को भी वापस लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता है और तेलंगाना के किसान कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, इससे पहले छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उन्होंने कुछ भत्ते देने का वादा किया था, जो पांच साल तक लागू नहीं किये गये। कांग्रेस किस तरह काम करती है, इसके कई उदाहरण हैं। भारत के लोग विकास और प्रगति चाहते हैं, कांग्रेस के वही पुराने झूठे वादे नहीं।

मंत्री पीयूष गोयल की सऊदी अरब की यात्रा संपन्न

# आर्थिक संबंधों की मजबूती के लिए हुई सार्थक बातचीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की सऊदी अरब की यात्रा दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक पहल के साथ सम्पन्न हुई। इस यात्रा के दौरान श्री गोयल सऊदी अरब के ऊर्जा, उद्योग एवं खनिज संसाधन विभाग के मंत्रियों से मिले। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयल ने इस यात्रा के दौरान वहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशक सम्मेलन फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) के आठवें संस्करण के पूर्ण सत्र में कई देशों के प्रतिनिधियों और वैश्वक कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। मंत्रालय ने कहा है,ह्ल श्री गोयल की यह यात्रा भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह यात्रा आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने तथा सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस बातचीत के नतीजों से निवेश



और व्यापार के लिए नए रास्ते खुलने, दोनों देशों में आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा है कि वाणिज्य मंत्री ने एफआईआई सम्मेलन में चचाओं के दौरान वैश्विक सहयोग, नवाचार, तकनीकी उन्नति और निवेश को बढ़ावा देने में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और आर्थिक कूटनीति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने दुनियाभर के निवेशकों से भारत में खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अक्षय ऊर्जा, डिजिटल बुनियादी ढांचे और उन्नत विनिर्माण जैसे उच्च विकास वाले क्षेत्रों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। श्री गोयल ने बुधवार को रियाद में सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान अल-सऊद के साथ भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद (एसपीसी) के तहत अर्थव्यवस्था और निवेश समिति की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। इस परिषद की स्थापना अक्टूबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा के दौरान की गई थी। इस समिति ने चार संयुक्त कार्य समूहों कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग एवं बुनियादी ढांचा की हासिल की गई प्रगति की समीक्षा की। विज्ञप्ति के अनुसार समिति ने इस बैठक में इन विकासों की समीक्षा की और साझा हित के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। श्री गोयल ने वहां उद्योग एवं खनिज संसाधन मंत्री और निवेश मंत्री के साथ सार्थक मंत्रिस्तरीय बैठकें कीं। इस बातचीत में कार्रवाई योग्य कई समझौते हुए जिनका उद्देश्य व्यापार को बढ़ाना और दोनों देशों के बीच निवेश के सुचारू प्रवाह को सुविधाजनक बनाना है। इन समझौतों में ऊर्जा परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन और आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए विशेषज्ञता के आदान-प्रदान में सहयोग पर जोर गया है।

# अतिम शाह ने अहमदाबाद में वेस्ट टु एनर्जी प्लांट का किया लोकार्पण

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में वेस्ट टु एनर्जी प्लांट का लोकार्पण किया। श्री शाह ने अहमदाबाद को स्वच्छ बनाने की दिशा में शुक्रवार को दिवाली-नूतन वर्ष पर्वों के बीच एक और भेंट देते हुये राज्य के सबसे बड़े वेस्ट टु एनर्जी प्लांट का लोकार्पण किया। अहमदाबाद के पिपलज में जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) आधार पर तैयार किये गये इस वेस्ट टु एनर्जी प्लांट के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल तथा सहकारिता एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने तकती अनावरण के बाद प्लांट का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने रिबिन



काटकर तथा बटन दबाकर प्लांट को कार्यान्वित किया। इसके बाद उन्होंने प्लांट के विभिन्न विभागों एवं कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री सहित महानुभाव भी उनके साथ रहे।

अहमदाबाद महानगर पालिका (मनपा) शहर से प्रतिदिन निकलने वाले हजारों टन कूड़े को पिराणा में डम्प करती है। इस कूड़े की निकासी के लिये अब एक कदम आगे बढ़कर मनपा द्वारा पीपीपी आधार पर शुरू किया गया यह प्लांट शहर को स्वच्छ बनाने के साथ बिजली का भी उत्पादन करते हुये पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान देगा।

पिपलज में पीपीपी के तहत जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट लमिटेड के साथ शुरू किया गया यह प्लांट दैनिक 1000 टन कूड़े की निकासी कर 15 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करेगा।

# महिला हूं, माल नहीं, शिवसेना सांसद पर शाइना ने दर्ज कराई एफआईआर

एजेंसी

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना नेता और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति उम्मीदवार शाइना एनसी को इम्पोर्टेड माल कहने पर उद्धव ठाकरे गुट वाले शिवसेना के सांसद अरविंद सावंत बुरे तरीके से फंस गए हैं। मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ विवादित बयान देने के आरोप में केस दर्ज किया है और उन्हें नामजद आरोपी बनाया है। एफआईआर शाइना की शिकायत पर मुंबई के नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। शुक्रवार को जब अरविंद सावंत से शाइना एनसी के चुनाव लड़ने पर सवाल पूछा गया था, तब उन्होंने इसके जवाब में कहा था कि हमारे यहां चुनाव में इम्पोर्टेड माल नहीं चलता। ओरिजिनल माल चलता है। एएनआई की रिपोर्ट में सावंत के



हवाले से कहा गया है, उनकी हालत देखिए। वह जीवन भर भाजपा में रहीं और अब दूसरी पार्टी में चली गई हैं। यहां 'इम्पोर्टेड माल' काम नहीं करता, यहां केवल असली 'माल' ही चलता है। इसके जवाब में शाइना एनसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए कहा था, मैं महिला हूं, माल नहीं। शाइना ने आगे कहा कि अब आप बेहाल होंगे क्योंकि आपने महिला को माल कहा है। मैं कार्रवाई करूं या जनता सबक सिखाएगी। शाइना ने कहा है कि ऐसी बात कहना अरविंद सावंत की मानसिकता दिखाती है।

## खबर एक नजर में

### भारत और चीन के बीच डेमचोक में गश्त शुरू

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डेमचोक में करीब साढ़े चार वर्ष के बाद गश्त शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि देपसांग क्षेत्र में भी सैनिकों की गश्त जल्द शुरू होगी । भारत और चीन के सैनिकों के बीच मई 2020 में हुई झड़प के बाद से इन क्षेत्रों में गश्त बंद थी। दोनों देशों के बीच राजनयिक और सैन्य स्तर पर वाताओं के बाद गश्त व्यवस्था फिर से शुरू करने पर पिछले महीने की 21 तारीख को सहमति बनी थी। दोनों देशों ने इसके लिए सैनिकों को पीछे हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। भारत और चीन के सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया 22 अगस्त को शुरू हुई थी।

### आंध्र प्रदेश में हिंसक झड़प में तीन लोगों की मौत

**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश में काकीनाडा से 25 किलोमीटर दूर काजुलुरु मंडल के सेलापाका गांव में दो परिवारों के सदस्यों के बीच हुई हिंसक झड़प में तीन लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार झड़प का कारण विवाहेतर संबंध था। दोनों परिवार एक ही समुदाय के बताए जा रहे हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. विक्रांत पाटिल और उपखंड पुलिस अधिकारी रघुवीर विष्णु अतिरिक्त बलों के साथ स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंचे। इस सिलसिले में गोलापालम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतकों की पहचान बाथुला रमेश, बाथुला चिन्नी और बाथुला राजू के रूप में की है।

# चित्रकूट मेले में सलमान नाम का गधा दो लाख में बिका

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में दीपावली के दूसरे दिन लगने वाला गधा मेला लोगों के लिये कौतूहल का विषय बना हुआ है। इस मेले में सलमान खान नाम के एक गधे को एक लाख 85 हजार रुपये में खरीदा गया। मेले में जहां एक ओर धर्म और आध्यात्म से जुड़ी गतिविधियों का बोलबाला रहता है, वहीं यहां लगने वाला गधा मेला भी लोगों के लिये कौतूहल का विषय होता है। जिले में कई प्रदेशों से हजारों की संख्या में आये विभिन्न नस्लों के गधों की खरीद-फरोख्त के बड़े केंद्र के रूप में विकसित इस गधे मेले में विभिन्न कद-काठियों के गधों को देखने के लिये भी लोगों




की खासी भीड़ जुटती है। चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के किनारे लगने वाले गधे मेले में इस बार लगभग 1000 गधे आये, जबकि विगत वर्ष लगभग 2000 गधे एकत्र हुये थे।

गधा मेला के ठेकेदार रमेश पांडे ने बताया अनेक प्रकार के इन गधों की कीमत 18000 हजार से लेकर 185000 रुपये तक रही ! सलमान खान नाम का गधा 185000 रुपये में बिका जबकि शाहरुख खान नाम का गधा 125000 में बिका। यहां तमाम गधों का नाम फिल्मी हस्तियों हीरो-हीरोइन के नाम पर रखे गये थे। गधा व्यापारी पांडे ने बताया कि लाखों रुपये के लेन-देन के बावजूद इस मेले में सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से व्यापारी काफी चिंतित और परेशान दिखे। दूर-दूर से आने वाले गधे व्यापारियों के लिये प्रशासन की ओर से कोई सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गयी थी। चित्रकूट में लगने वाला यह गधा मेला गधे का व्यापार करने वालों के लिये मुनाफा कमाने का अवसर लेकर आता है।




# तीर्थराज पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय पशु मेले का आयोजन आज से

एजेंसी

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में दीपावली बाद शुरू होने जा रहे अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेले के तहत ..श्री पुष्कर पशु मेला 2024.. दो नवम्बर से शुरू होगा। नये मेला मैदान पर पशुओं को ठहराने और पानी की व्यवस्था की गई है। मेले में ..रेगिस्तान के जहाज.. ऊंट का आगमन हो गया है। राज्य के हनुमानगढ़ से 100 से ज्यादा ऊंट पुष्कर पहुंच चुके हैं। पुष्कर में पशु मेले के दौरान आयोजित होने वाली पशु प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम भी तय किया गया है। इनमें पशुपालक भाग लेकर पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.



सुनील घीया ने बताया कि ऊंट रैली 9 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। दुग्ध प्रतियोगिता के लिये 12 नवम्बर को झरण शाम छह बजे, 13 नवम्बर को प्रथम दुहारी प्रातः छह बजे एवं द्वितीय दुहारी सायं छह बजे तथा 14 नवम्बर को तृतीय दुहारी प्रातः छह बजे तय की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 13 नवम्बर को संकर गौवंश नस्ल प्रतियोगिता प्रातः नौ बजे से, गीर गौवंश नस्ल प्रतियोगिता दोपहर एक बजे से, भैंस वंश नस्ल प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे से होगी। अश्व वंश (मादा) प्रतियोगिता 12 नवम्बर को तथा अश्व वंश (नर) प्रतियोगिता 13 नवम्बर को प्रातः नौ बजे से होनी तय की गयी है। डॉ. घीया ने बताया कि मेले में ऊंट प्रतियोगिता तथा सर्वश्रेष्ठ मेला पशु प्रतियोगिता 14 नवम्बर को प्रातः नौ बजे से होगी। तीव्र दुहारी प्रतियोगिता का आयोजन 14 नवम्बर को अपराह्न चार बजे से रखा गया है। उल्लेखनीय है कि पुष्कर मेले के दूसरे भाग में पंचतीर्थ स्नान का धार्मिक मेला चलेगा। जो कार्तिक एकादशी से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा के महास्नान के साथ सम्पन्न होगा।


